CMYK

तापमान अधिकतम :37° C
न्यूनतम: 26° C

सेंसेक्स 81,118.60
निफ्टी 24,718.60

सोना 1,02,000
चांदी 1,10,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शनिवार 14 जून 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 304 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 17 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ईरान समझौता करे या विनाश का सामना करे: ट्रम्प**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**भारतीय हेड कोच गंभीर इंग्लैंड से भारत लौटे**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## फिल्म 'ठग लाइफ' विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का कर्नाटक सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मशहूर फिल्म अभिनेता कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'ठग लाइफ' को कर्नाटक के सिनेमाघरों में प्रदर्शित करने पर प्रतिबंध के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने 'ठग लाइफ' पर प्रतिबंध के खिलाफ महेश रेड्डी की याचिका पर कर्नाटक सरकार को नोटिस जारी करके अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। याचिका में आरोप लगाया गया है। कर्नाटक सरकार ने आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं के पालन किए बगैर राज्य मे फिल्म के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया।

## हाईकोर्ट ने फिल्म ठग लाइफ के निर्माताओं से मांगा जवाब

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कमल हासन अभिनीत फिल्म 'ठग लाइफ' के निर्माताओं को निर्देश दिया कि वे कन्नड़ साहित्य परिषद के उस आवेदन पर अपना पक्ष रखें, जिसमें राज्य में फिल्म की रिलीज पर प्रतिबंध से संबंधित मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना की पीठ ने फिल्म के निर्माता राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया, जिसमें फिल्म के ऑडियो लॉन्च के दौरान अभिनेता की कन्नड़ भाषा के बारे में विवादास्पद टिप्पणी के बाद कर्नाटक में इसकी रिलीज पर लगाए गए प्रतिबंध को चुनौती दी गई थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र के पत्रकार राव को दी जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने टीवी टॉक शो के दौरान उसमें भाग लेने वाले एक व्यक्ति के कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में गिरफ्तार आंध्र प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार कोमिनेनी श्रीनिवास राव की जमानत याचिका शुक्रवार को मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिकाकर्ता राव को राहत दी। पीठ ने जमानत देते हुए कहा कि उन्होंने (राव) खुद यह (कथित आपत्तिजनक) टिप्पणी नहीं की। इसलिए उनके बोलने की स्वतंत्रता की रक्षा की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि यह देखते हुए कि याचिकाकर्ता ने खुद यह बयान नहीं दिया है, लाइव टीवी शो में उनकी पत्रकारिता की भागीदारी की रक्षा की जानी चाहिए। उनके बोलने की स्वतंत्रता की भी रक्षा की जानी चाहिए, याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए।

### न्यूक्लियर ठिकानों तक पहुंची इजरायल-ईरान संघर्ष की आंच


# इजरायल ने ईरान के 4 एटमी ठिकाने उड़ाए

## भारत ने दोनों देशों से संयम बरतने को कहा

**तेहरान/तेल अवीव/नई दिल्ली।** इजरायल ने शुक्रवार सुबह ईरान के 4 एटमी और 2 सैन्य ठिकानों पर 200 फाइटर जेट से मिसाइलें दागीं। हमले में ईरान के सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स के चीफ, 2 बड़े परमाणु वैज्ञानिक समेत 5 बड़े अफसर मारे गए। उधर भारत ने इजरायल और ईरान के बीच बीती रात के घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताई है और दोनों पक्षों से संयम बरतने और संवाद एवं कूटनीति से समाधान खोजने का आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां एक बयान में कहा कि हम ईरान और इजरायल के बीच हाल के घटनाक्रमों से बहुत चिंतित हैं।

हमले के बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने कहा कि ईरान परमाणु बम तैयार करने वाला था, इसलिए उस पर हमला किया गया। इजरायली सेना का दावा है कि ईरान के पास 15 परमाणु बम बनाने लायक यूरेनियम है। इजरायल ने इसीलिए टारगेट भी 4 बड़े न्यूक्लियर प्लांट्स को किया। वहीं हथियार बनाने की क्षमता रखने वाली एक फैक्ट्री और बड़े मिलिट्री अफसरों के रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स को भी तबाह कर दिया। इजरायल सेना ने कहा कि यह 'प्री-एम्पटिव स्ट्राइक' थी। यानी खतरे को भांपकर इजरायल ने हमला किया, ताकि ईरान कोई बड़ी कार्रवाई न कर सके। इजरायली सेना ने यह भी कहा कि आगे और भी ऐसे कई हमले हो सकते हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान चोरी-छिपे परमाणु हथियार बना रहा था। यह हमारे देश के लिए खतरा था।

### दो सैन्य अड्डे भी बर्बाद, सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स चीफ और दो परमाणु वैज्ञानिकों की भी हुई मौत



### ईरान का पलटवार, 100 से ज्यादा विस्फोटक ड्रोन से हमला, बैलिस्टिक मिसाइलें भी तैयार

**तेलअवीव।** मिडिल ईस्ट एक बार फिर से सुलग उठा है। इजरायल की तरफ से ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर किए गए भीषण हमले के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की है। ईरान ने पलटवार करते हुए इजरायल पर 100 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया है। यह हमला शुक्रवार सुबह शुरू हुआ जिसे ईरान ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस' नाम दिया। पहले इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लायन के तहत ईरान के ठिकानों पर स्ट्राइक की, जिसमें ईरान के नतांज और फोर्दो परमाणु केंद्रों को निशाना बनाया गया। अब सवाल है कि क्या यह युद्ध आगे बढ़ेगा अगर ऐसा हुआ, तो मिडिल ईस्ट में सिर्फ तबाही दिखेगी।

### भारत ने ईरान-इजरायल में रह रहे भारतीय नागरिकों को सतर्कता बरतने की सलाह दी

**नई दिल्ली।** ईरान पर इज़रायल के हवाई हमले के बाद भारत ने दोनों देशों में रह रहे भारतीय नागरिकों को सतर्कता बरतने और स्थानीय सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में जारी परामर्श में कहा कि ईरान की वर्तमान स्थिति को देखते हुए ईरान में सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों से अनुरोध किया जाता है कि वे सतर्क रहें, सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचें, दूतावास के सोशल मीडिया एकाउंट में दी जाने वाली सलाह का पालन करें और स्थानीय अधिकारियों की सलाह के अनुसार सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें।

# ब्लैकबॉक्स व वॉइस रिकॉर्डर मिले

## पूर्व सीएम रूपाणी के शव की नहीं हुई पहचान, डीएनए टेस्ट जारी

अहमदाबाद, वार्ता

**अहमदाबाद** में एयर इंडिया फ्लाइट एआई-171 हादसे के 27 घंटे बाद शुक्रवार को एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो

**अहमदाबाद विमान हादसा**

(एएआईबी) ने ब्लैक बॉक्स को खोज लिया है। यह हॉस्टल की छत पर मिला। इसके जरिये पता चल सकेगा कि क्रैश होने के पहले आखिरी पलों में क्या हुआ था।

एयर इंडिया की फ्लाइट में 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग मौजूद थे। इसमें से एक यात्री की जान बच गई। मरने वालों में राजस्थान से 13, एमपी, हरियाणा और बिहार के एक-एक लोग शामिल हैं। उधर, पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान भी अब तक नहीं हो पाई है। पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान होते -शेष पृष्ठ दो पर

### एयर इंडिया ने की 241 लोगों की मौत की पुष्टि

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर-787 विमान की दुर्घटना में उसमें सवार 242 लोगों में से 241 की मौत की पुष्टि हो गई है। एकमात्र जीवित यात्री विश्वास कुमार रमेश का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

विमान में 230 यात्री तथा दो पायलट और चालक दल के 10 अन्य सदस्य सवार थे। यात्रियों में 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक शामिल थे। एयर इंडिया ने पुष्टि की है कि गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में सवार 241 लोगों की मौत हुई है। बारह साल पुराना बोइंग 787-8 विमान 1338 बजे अहमदाबाद से रवाना हुआ था। कंपनी ने कहा कि हमें यह बताते हुए खेद है कि विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत की पुष्टि हो गई है।



### बोइंग 787-8/9 विमानों के रखरखाव के अतिरिक्त निर्देश जारी

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया के बोइंग 787-8/9 विमानों के रखरखाव एवं उड़ान भरने के पूर्व अतिरिक्त सुरक्षा निरीक्षण एवं उपाय करने के दिशानिर्देश जारी किए हैं। नागर विमानन महानिदेशालय ने शुक्रवार को यहां एक आदेश में कहा कि गुरुवार को एयर इंडिया बी 787-8 विमान उड़ान संख्या एआई-171 (अहमदाबाद- गैटविक) का संचालन करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। निवारक उपाय के रूप में डीजीसीए एयर इंडिया को संबंधित क्षेत्रीय डीजीसीए कार्यालयों के साथ समन्वय में तत्काल प्रभाव से जेनएक्स इंजन से लैस बी 787-8/9 विमानों पर अतिरिक्त रखरखाव कार्रवाई करने का निर्देश देता है, जो 15 जून से प्रभावी होंगे। डीजीसीए ने कहा कि विमान रखरखाव एवं उड़ान पूर्व ड्रिल के तहत ईंधन -शेष पृष्ठ दो पर

## 10 मिनट के सड़क जाम ने बचाई भूमि चौहान की जान

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद हवाई अड्डे पर सिर्फ 10 मिनट देर से पहुंचना भूमि चौहान के लिए उस समय वरदान बन गया, जब लंदन जा रही उसकी एयर इंडिया की उड़ान एआई 171 छूट गई और उसकी जान बच गई।



अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का ड्रीमलाइनर 787 गुरुवार को उड़ान भरने के तत्काल बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। भूमि के अनुसार वह लंदन में नौकरी करती है और करीब डेढ़ महीने पहले ही गुजरात के अंकलेश्वर स्थित अपने घर आई थी। गुरुवार को वह लंदन की उड़ान पकड़ने अंकलेश्वर से अहमदाबाद आ रही थी, वह अहमदाबाद समय से पहुंच गई लेकिन शहर में जगह-जगह जाम होने के कारण उसे हवाई अड्डा पहुंचने में दस मिनट की देरी हो गई। हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद उसे अंदर नहीं जाने दिया गया। उसने ऑनलाइन चेकइन किया था, लेकिन उससे कहा गया कि वह देरी से पहुंची है, इमिग्रेशन फॉर्म भरने का समय समाप्त हो गया है और बोर्डिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। भूमि ने कहा कि उसने काफी आग्रह किया और कहा कि यदि उसकी यह उड़ान छूट गई तो उसकी नौकरी भी जा सकती है, लेकिन उसे जाने नहीं दिया गया।

## विमान दुर्घटना को लेकर अपमानजनक पोस्ट: अधिकारी निलंबित

**तिरुवनंतपुरम।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना की शिकार केरल के पथनमथिट्टा निवासी महिला के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में राज्य सरकार ने एक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। केरल के राजस्व मंत्री के राजन ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि वेल्लारीकुंडु तालुक के उप तहसीलदार ए. पवित्रन को विमान दुर्घटना में मारी गई रंजीता जी नायर की आलोचना करने वाली फेसबुक पोस्ट करने के लिए निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी ने घृणित कृत्य किया है। फेसबुक पोस्ट मेरे ध्यान में आने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। गौरतलब है कि केरल की 38 वर्षीय नर्स रंजीता जी नायर गुरुवार को अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना की पीड़ितों में से एक थीं। इस बीच केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज पीड़िता रंजीता जी नायर के परिवार के सदस्यों को सांत्वना देने के लिए पुल्लाड के लिए रवाना हुई।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर शुरू होने पर चीन को सराहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेडोंग से मुलाकात की**

**नई दिल्ली।** भारत ने इस वर्ष कैलाश मानसरोवर यात्रा के फिर से शुरू होने पर चीन के सहयोग की सराहना की है और सीमा पार नदियों के प्रवाह के डेटा और सीधी विमान सेवा बहाल करने के बारे में प्रगति पर चर्चा की।

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि गुरुवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेडोंग से मुलाकात की जो 12-13 जून को भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने इस वर्ष 27 जनवरी को बीजिग में अपनी पिछली बैठक के बाद से भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में विकास की समीक्षा की और जन-केंद्रित कार्यक्रमों पर प्राथमिकता के साथ संबंधों को स्थिर और पुनर्निर्माण जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। विदेश सचिव ने इस वर्ष कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने के लिए चीनी पक्ष के सहयोग की सराहना की। उन्होंने हाइड्रोलॉजिकल डेटा और अन्य सहयोग के प्रावधान को फिर से शुरू करने के लिए सीमा पार नदियों में सहयोग के लिए विशेषज्ञ स्तर के तंत्र की अप्रैल 2025 की बैठक में चर्चा का उल्लेख किया और उन पर प्रगति की उम्मीद की।

## विजय रूपाणी के परिजनों से मिले मोदी

अहमदाबाद, वार्ता

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय रूपाणी के परिजनों से शुक्रवार को यहां मुलाकात की। गुरुवार को यहां हवाई अड्डे के निकट हुई इस भीषण दुर्घटना में चालक दल के सदस्यों के समेत 241 लोग मारे गए थे।

श्री रूपाणी भी इस विमान से लंदन जा रहे थे और दुर्घटना में उनकी भी मौत हो गई। प्रधानमंत्री सुबह यहां पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया। वह दुर्घटना में घायल एकमात्र जीवित यात्री से मिलने अस्पताल भी गए। बाद में उन्होंने श्री रूपाणी के परिजनों से मुलाकात की। इस अवसर पर -शेष पृष्ठ दो पर



### मोदी ने विमान दुर्घटनास्थल का लिया जायजा अस्पताल में घायलों का हालचाल जाना

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को अहमदाबाद के मेघानीनगर में हुए विमान दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और वहां को जायजा लेने के बाद उन्होंने अस्पताल पहुंचकर घायलों से भी मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। विमान हादसे से पूरा देश शोक में हैं। प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति रमेश विश्वास से भी मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और अन्य घायलों से भी उनका हालचाल जाना। श्री मोदी विमान दुर्घटना के बाद पल-पल पर अपनी नजर बनाए हुए हैं।

## बम की अफवाह के बाद AI विमान की आपात लैंडिंग

बैंकॉक, वार्ता

**थाईलैंड के** रिसॉर्ट द्वीप फुकेट से शुक्रवार को दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के विमान में बम रखे होने की धमकी मिलने के बाद उसे आपातकालीन स्थिति में वापस हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। फुकेट हवाई अड्डा अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 379 को बाद में सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। थाईलैंड एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में विमान के उतरने के बाद यात्रियों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि विमान की सघन जांच के बाद उसके अंदर से कोई बम नहीं मिला।

### एयरफोर्स के अपाचे हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

**पठानकोट।** भारतीय वायुसेना के एक अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर ने शुक्रवार को पठानकोट जिले के नांगलपुर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले हलेड़ गांव में आपातकालीन लैंडिंग की। किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है। हेलीकॉप्टर ने पठानकोट वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरी थी और गांव के खुले मैदान में अनिर्धारित लैंडिंग की। स्थानीय लोगों ने हेलीकॉप्टर को उतरते देखा और मौके पर पहुंचे हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी।

# यूपी-एमपी सहित नौ राज्यों में हीटवेव

## राजस्थान व हरियाणा में रेड अलर्ट, तापमान 48 डिग्री पहुंचने की आशंका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में मानसून 29 मई से मुंबई-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर रुका है। साउथ और नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 9 राज्यों में आज हीटवेव का अलर्ट है।

राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट है। यहां तापमान 45 डिग्री से ऊपर जा सकता है। वहीं, हरियाणा के 9 जिलों में दिन का तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मध्य प्रदेश के उज्जैन, सागर, ग्वालियर-चंबल संभाग के 12 जिलों में लू चलने की चेतावनी है। वहीं, राजस्थान के भी 22 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। गुरुवार को श्रीगंगानगर, कोटा, बीकानेर सहित कई जिलों में तापमान 45 डिग्री के पार रहा। दूसरी तरफ, मौसम विभाग ने कर्नाटक, गोवा, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, तेलंगाना और उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना जताई है। कर्नाटक के हुबली में गुरुवार को भारी बारिश हुई। इससे कई जगह बिल्डिंग के बेसमेंट और सड़कों पर पानी भर गया। तेलंगाना के आदिलाबाद जिले में गुरुवार को अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश के साथ बिजली गिरने से पांच महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई।

**■ तेलंगाना में बिजली गिरने से छह लोगों की मौत, उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना**




## सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की हत्या के आरोप में दो निहंग गिरफ्तार

**बठिंडा।** पंजाब में पुलिस ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कमल कौर भाभी उर्फ कंचन कुमारी की हत्या के आरोप में शुक्रवार को दो निहंगों को गिरफ्तार किया। कमल कौर बुधवार को बठिंडा-चंडीगढ़ राजमार्ग पर भुच्चो कलां में आदेश विश्वविद्यालय के बाहर खड़ी अपनी कार में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाई गई थीं। बठिंडा की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमनीत कोंडल ने कहा कि हत्या के आरोप में जसप्रीत सिंह और निमरतजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीसरे आरोपी अमृतपाल सिंह मेहरोन की तलाश जारी है, जो फरार है। एसएसपी ने कहा कि कंचन की गला घोंटकर हत्या की गई।



# अमानगढ़ वन क्षेत्र में बुजुर्ग लापता



## परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र में साइकिल से लकड़ी लेने गया बुजुर्ग रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए उसकी गुमशुदगी दर्ज कराकर पुलिस और वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ से उसको तलाश किए जाने की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कासमपुर गढ़ी निवासी 65 वर्षीय सरदार अहमद मंसूरी पुत्र अब्दुल गफ्फार गुरुवार की प्रातः साइकिल द्वारा अमानगढ़ के वन से जलौनी लकड़ी लेने गया था। बताया जा रहा है कि वह वन क्षेत्र के निकट स्थित एक डेरे पर अपनी साइकिल खड़ी कर लकड़ियां लेने वन में चला गया। देर शाम तक भी जब वह वापस नहीं लौटा, तो डेरे वाले ने सरदार अहमद के परिजनों को इसकी सूचना दी। सूचना पर परिजन उसकी तलाश के लिए वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर से मिले। लेकिन उन्होंने विभागीय नियमों का हवाला देते हुए उन्हें वन के अंदर जाने से रोक दिया। बाद में लापता सरदार अहमद के परिजनों ने आज रेहड़ थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई।

थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पुलिस वनकर्मियों के साथ वन क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन के माध्यम से लापता सरदार अहमद को तलाश करने का प्रयास करेगी। सरदार अहमद के लापता होने से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिजन और ग्रामीण अनहोनी की आशंका जता रहे हैं।

गौरतलब है कि वन क्षेत्र में प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण अवैध रूप से लकड़ी एकत्र करने जाते है, वन क्षेत्र से लकड़ियों की तस्करी भी होती है। माफिया कीमती लकड़ी भी वहां से लेकर आते है। सब कुछ वन विभाग के स्टाफ की मिली भगत से हो रहा है। माफियाओं को वन क्षेत्र के अंदर जाने की छूट है। लेकिन लापता बुजुर्ग ग्रामीण को तलाश करने के लिए उनके परिजनों को वन क्षेत्र के अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई।

# विमान हादसे पर समाजसेवियों ने जताया दुख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान के दर्दनाक हादसे पर पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। हादसे में मारे गए लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया गया। जब एयर इंडिया की फ्लाइट अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद मेघानीनगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस क्रैश में विमान पर सवार **242** लोगों में से **241** की मौके पर ही मौत हो गई, सिर्फ एक व्यक्ति (रमेश विश्वास कुमार) ही बचा रहा। विमान का टेल हिस्सा एक मेडिकल कॉलेज हॉस्टल की इमारत से टकराया, जिससे वहां के कई छात्रों की भी जान गई। इस हादसे में शामिल लोगों में भारतीय, ब्रिटिश, कनाडाई और पुर्तगाली नागरिक शामिल थे। साथ ही गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी यात्री थे और उनकी भी दुखद रूप से मृत्यु हो गई। यह पिछले दस वर्षों की सबसे जानलेवा विमान दुर्घटनाओं में से एक है, जिस पर नगर के राजनीतिक व सामाजिक लोगों ने गहरा दुख प्रकट किया है।

नगर के समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा ने कहा यह हादसा पूरे देश के लिए अत्यंत दुखद है। हम सभी शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि मृतकों की आत्मा को शांति और उनके परिजनों को सब्र अता हो। इस दुखद घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उन्होंने ईश्वर से मृतकों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

वहीं बसपा नेता हाजी इलियास चौधरी ने हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह एक ऐसा समय है जब पूरे समाज को एकजुट होकर पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। यह बहुत ही दुखी घटना है, जिस पर सभी देशवासियों को बड़ा झटका लगा है।

भाजपा समर्थक दल के प्रदेश अध्यक्ष नौशाद अली अंसारी ने भी गहरा दुख जताते हुए कहा कि यह विमान हादसा ऐसा है इसने पूरे देश को गम के माहौल में खड़ा कर दिया है। हम सभी देशवासी पीड़ित परिवार के साथ इस दुख की घड़ी में खड़े हुए हैं और मृतकों की आत्मा के लिए शांति की प्रार्थना कर रहे हैं।

नगर पालिका के पूर्व पालिका अध्यक्ष अख्तर जलील ने अहमदाबाद विवान हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि इस तरह की घटनाएं विमान सुरक्षा के प्रति गंभीर प्रश्न खड़ा करती हैं। यह बहुत बड़ा हादसा हुआ है। हम सभी देशवासी इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ है।

आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता इफ्तेखार चौधरी ने कहा कि हम दिलों की गहराई से उन सभी शहीदों को नमन करते हैं जिन्होंने इस हादसे में अपनी जान गंवाई। हम उन सभी परिवारों के साथ हैं जो इस अपूरणीय क्षति को सहन कर रहे हैं और हम उनके दुख साझा करते हैं उनके स्मृति को विनम्रता से श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है।

नगर से सटे ग्राम अलादीनपुर प्रधान पद के दावेदार आलम अंसारी ने अपने विचारों में कहा है कि यह विमान हादसा बहुत बड़ा हादसा हो गया है। इसमें तमाम लोगों की मृत्यु हो गई है। इस विमान हादसे को लेकर सभी देशवासियों में गहरा दुख है। हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनके आत्मा को शांति मिले।

जैदी क्लीनिक के संचालक डॉ. जुनैद जैदी ने कहा कि अहमदाबाद विमान हादसे में **241** से अधिक लोगों की जान गई है जो बहुत ही दुख की बात है। इस हादसे के बाद से पूरे देश में गम का माहौल बना हुआ है। सभी देशवासी पीड़ित परिवार के लिए प्रार्थनाएं कर रहे है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

# अनियंत्रित कार डिवाइडर पर चढ़कर पोल से टकराई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** हाईवे निकट एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर विद्युत पोल से जा टकराई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई बड़ा नुकसान नहीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार काशीपुर की ओर से धामपुर की ओर तेज गति से जा रही थी। आशंका है कि नींद की झपकी के कारण ड्राइवर कार से नियंत्रण खो बैठा था। घटना के वक्त कार में केवल ड्राइवर ही मौजूद था, जो गाड़ी से सवारी छोड़कर वापस जा रहा था। कार अनियंत्रित होते हुए डिवाइडर पर चढ़ गई और विद्युत पोल से जा टकराई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हालांकि, पुलिस ने घटना से अनभिज्ञता प्रकट की। जबकि हरेवली चौराहा एक व्यस्तम चौराहा है, जहां हर समय पुलिस बल मौजूद रहता है। बावजूद इसके, घटना की जानकारी पुलिस को नहीं मिल पाई।

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

## 14 व्यापारियों के चालान काट कर 25 हजार रुपये की वसूली की गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत शुक्रवार को मोहल्ला जोशियान से लेकर झालू चौराहे तक चलाए गए बुलडोजर के साथ अतिक्रमण अभियान में **25** हजार की वसूली की तथा **14** व्यापारियों के चालान काटे तथा बुलडोजर से अनावश्यक अतिक्रमण को ध्वस्त कराया।



नगर पालिका प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण अभियान के तहत अधिशासी अधिकारी ओम गिरी के नेतृत्व में सफाई कर्मी, बुलडोजर, पुलिस ने पालिका टीम के साथ मोहल्ला जोशियान से अतिक्रमण हटाओ अभियान प्रारंभ किया। इस अभियान के दौरान अनावश्यक रूप से नालों पर कर रखे अतिक्रमण को बुलडोजर से ध्वस्त कराया। कुछ स्थानों से बाहर रखे सामान को अपने कब्जे में ले लिया तथा सरकारी खम्भों पर लगे पोस्टर बैनर को भी उतरवा कर अपने कब्जे में ले लिया। इसी दौरान कई दुकानदारों के चालान काटे गए। इस कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मचा रहा। अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने बताया कि इस अभियान के तहत **14** व्यापारियों के चालान किए गए हैं तथा **25** हजार रुपए की वसूली की गई है तथा कुछ व्यापारियों को चेतावनी देकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। पालन न करने पर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। यह अभियान जारी रहेगा। चौराहों का अतिक्रमण समाप्त होने के बाद मुख्य बाजार में अभियान चलाया जाएगा।

# महिला ने लगाया दो सगे भाइयों पर दुष्कर्म का आरोप

## उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** एक महिला ने अपने पड़ोस में रहने वाले दो सगे भाइयों पर असलहे के बल पर अपने घर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसकी अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते हुए थाने में अपने पक्ष में बयान करा लिये तथा फिर तीन दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म किया।

नांगल थानांतर्गत एक ग्राम की निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद तथा नांगल थाना प्रभारी को दिये प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसका पति देहरादून में रहकर मेहनत-मजदूरी करता है। महिला का आरोप है कि **6** जून की रात्रि **12.25** बजे जब वह अपने घर पर अकेली सो रही थी , तो पड़ोस में रहने वाले दो सगे भाई दीवार फांदकर उसके घर में घुस गये और असलहे के बल पर उसे बंधक बनाकर अपने साथ अपने घर ले गये। वहां दोनों भाइयों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों ने उसकी अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करते हुए थाना नांगल में अपने पक्ष में बयान करा लिये। इस घटना के बाद दोनों आरोपी भाई उसे फिर अपने घर ले गये तथा तीन दिन तक असलहे के बल पर और ब्लैकमेल कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। **9** जून की रात्रि **10** बजे उसे घर से निकाला। अपने साथ घटी घटना के सम्बन्ध में उसने अपने माता-पिता तथा भाई को बताया। उसने अपने परिजनों के साथ नांगल थाने पहुंचकर शिकायत की, मगर पुलिस ने उन्हें टरका दिया।

महिला ने उच्चाधिकारियों से आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील सैनी का कहना है कि प्रकरण की जांच कराई जा रही है। जांचोपरांत विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# घर में घुसा बदमाश सो रही महिला के कानों से कुंडल खींच कर फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी भोजपुर में मध्य रात्रि उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक सोई हुई खातून के कानों से सोने के कुंडल एक अज्ञात बदमाश द्वारा खींच लिए गए। वारदात को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गया। शोरगुल की आवाज सुनकर परिजन और मोहल्ले के लोग जाग उठे। इस वारदात से पीड़ित खातून के परिजन खौफ के साये में है।

प्राप्त समाचार के अनुसार गांव खेड़ी भोजपुर निवासी नवाब हुसैन पुत्र अहबाब हुसैन गुरुवार की रात अपने मकान के आंगन में खुले आसमान के नीचे एक चारपाई पर वो खुद और दूसरी चारपाई पर उनकी पत्नी फिरोजा और अन्य चारपाइयों पर उनके बच्चे सो रहे थे। रात में करीब एक बजे जब पूरा परिवार गहरी नींद में सो रहा था। तभी एक अज्ञात लुटेरा आंगन में दाखिल हुआ और बेखबर सो रही फिरोजा के कानों से सोने के कुंडल जबरदस्ती खींच लिए। चीख-पुकार सुनकर नवाब हुसैन और पूरा परिवार जाग उठा। उन्होंने लुटेरे का पीछा करने की कोशिश की, मगर वह अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। इस दौरान फिरोजा के दोनों कानों से खून बहने लगा और वह बुरी तरह सहम गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने रात में ही क्षेत्र में कांबिंग कराई लेकिन बदमाशों का सुराग नहीं लग पाया। पीड़ित नवाब हुसैन ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात लुटेरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# गड्ढे में मिनी ट्रक फंसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर के मोहल्ला पंजाबियान की दौलाशाह वाली मस्जिद के बाहर शुक्रवार को हादसा हो गया। तिराहे के मोड़ पर बजरी से भरा मिनी ट्रक करीब दो फीट गहरे गड्ढे में फंस गया।

जल बोर्ड द्वारा बिछाई गई नई पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़क पर गड्ढा हो गया था, जिसे बाद में भर दिया गया था लेकिन पाइप लाइन से पानी रिसने के कारण वहां फिर से गड्ढ़ा बन गया था, जिसे एक सप्ताह पूर्व पाइप लाइन की मरम्मत के बाद मिट्टी भरकर छोड़ दिया गया था। शुक्रवार को बारिश पड़ने के कारण वह मिट्टी नम हो गई और जब वहां से बजरी भरा मिनी ट्रक गुजरा तो उसका ड्राइवर की विपरीत दिशा का पिछला पहिया गड्ढ़े में धंस गया, जिसे बड़ी मुशक्कतों से बाहर निकाला गया।

# कुआंखेड़ा में आकाशीय बिजली गिरने से दो पशुओं की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के ग्राम कुआं खेड़ा में आकाशीय बिजली गिरने से दो भैंस की मौके पर ही मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के ग्राम कुआं खेड़ा निवासी सोनू सिंह पुत्र सुरेन सिंह ने घर के आंगन में ही पशु पालन कर रखा है। शुक्रवार की सुबह सोनू ने दो भैंस को घर के आंगन में खड़े आम के पेड़ से बांध रखा था। सुबह नौ बजे के करीब तेज कड़कड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली दोनों पशुओं पर गिर गई। जिसकी चपेट में आकर दोनों पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और हल्का लेखपाल प्रेमपाल सिंह मौके पर पहुंचे और जांच कर पीड़ित को उचित मुआवजा दिलाने के लिए राजस्व विभाग को रिपोर्ट भेजी। उधर सूचना पर पशुचिकित्सक टीम मौके पर पहुंची और पशुओं के शव का पोस्टमार्टम किया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ब्लैक बॉक्स...** ही राजकोट में अंतिम संस्कार होगा। उनका बेटा शनिवार (आज) अमेरिका से लौटेगा। मृतकों की पहचान के लिए उनके परिजन के डीएनए टेस्ट लिए जा रहे हैं। रेक्स्यू टीम ने 270 लोगों के शव बरामद कर लिए हैं। इनमें से 7 की बॉडी को डीएनए टेस्ट के बाद परिजन को सौंप दी गई है। 241 मृतक विमान में सवार पैसेंजर्स और क्रू मेंबर्स थे। 5 मृतक उस बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के हैं, जहां प्लेन क्रैश हुआ था। हादसे के वक्त हॉस्टल में 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। सिविल अस्पताल में अब तक 270 से ज्यादा शवों का पोस्टमार्टम हो चुका है। इसके अलावा, 220 लोगों की डीएनए सैंपलिंग की जा चुकी है। 7 शवों की शिनाख्त हो गई है। प्लेन हादसे की जांच में 7 एजेंसियां नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी, गुजरात पुलिस, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआईबी) डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए), यूनाइटेड किंगडम की एयर एक्सीडेंट्स इन्वेस्टीगेशन ब्रांच (यूके एंड एएआईबी) यूनाइटेड स्टेट्स की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी), फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) शामिल हैं।

**बोइंग 787...** पैरामीटर निगरानी और संबंधित प्रणाली जांच का निरीक्षण, केबिन एयर कंप्रेशर और संबंधित प्रणालियों का निरीक्षण, इलेक्ट्रॉनिक इंजन नियंत्रण-प्रणाली परीक्षण, इंजन ईंधन चालित एक्ट्यूएटर-संचालन परीक्षण और तेल प्रणाली की जांच, हाइड्रोलिक प्रणाली की सेवाक्षमता जांच की जानी चाहिए। इसके अलावा उड़ान भरने के मापदंडों की समीक्षा करने, अगली सूचना तक पारगमन निरीक्षण में 'उड़ान नियंत्रण निरीक्षण' शुरू किया जाना चाहिए। दो सप्ताह के भीतर बिजली आश्वासन जांच की जानी चाहिए तथा बी 787-8/9 विमानों पर पिछले 15 दिनों के दौरान बार-बार होने वाली खराबी की समीक्षा के आधार पर रखरखाव कार्रवाई को जल्द से जल्द सुनिश्चित करना चाहिए। डीजीसीए ने कहा कि उपर्युक्त जांच की पूरी रिपोर्ट समीक्षा के लिए नागर विमानन महानिदेशालय को प्रस्तुत की जानी है।

**विजय रूपाणी...** मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी उनके साथ थे। श्री मोदी ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री रूपाणी के साथ अपना फोटो साझा करते हुए कहा कि श्री विजयभाई रूपाणी जी के परिवार से मुलाकात की। यह अकल्पनीय है कि विजयभाई हमारे बीच नहीं हैं। मैं उन्हें दशकों से जानता हूं। हमने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया, जिसमें सबसे चुनौतीपूर्ण समय भी शामिल है।प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री रूपाणी ने हर भूमिका में अपने काम से अपनी पहचान बनाई। श्री मोदी ने लिखा कि राजकोट नगर निगम में, राज्यसभा सांसद के रूप में, गुजरात भाजपा अध्यक्ष के रूप में और राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में, उन्होंने हर भूमिका में खुद को प्रतिष्ठित किया। जब विजयभाई गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब भी मैंने और विजयभाई ने बड़े पैमाने पर काम किया था। उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए, जिससे गुजरात के विकास में तेजी आई, खासकर 'जीवन की सुगमता' को बढ़ावा मिला। हमारे बीच हुई बातचीत हमेशा याद रहेगी। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और दोस्तों के साथ हैं। ओम शांति।

# यूपीपीसीएल व विद्युत कर्मचारी आमने-सामने, करेंगे आंदोलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**नियामक आयोग का कोरम अधूरा, नहीं दे सकते निजीकरण पर अभिमत**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने मध्यांचल और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के 42 जिलों का निजीकरण किए जाने की प्रक्रिया को और तेज कर दी है।

यूपीपीसीएल के कदम बढ़ाने के साथ ही विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने भी अपने आंदोलन को और उग्र करने का ऐलान कर दिया है। एक तरफ पावर कार्पोरेशन प्रबंधन नियामक आयोग से निजीकरण के आरएफपी बिडिंग डॉक्यूमेंट पर संस्तुति लेने की तैयारी कर रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का कहना है कि निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग के वर्तमान अध्यक्ष को कोई अभिमत देने का नैतिक व कानूनी अधिकार नहीं है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों संजय सिंह चौहान और जितेन्द्र सिंह गुर्जर ने बयान जारी कर कहा कि पता चला है कि विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन अरविन्द कुमार से पॉवर कारपा. ेरेशन के चेयरमैन डा. आशीष गोयल, निदेशक वित्त निधि नारंग, नियामक आयोग के सदस्य संजय सिंह और अवैध ढंग से नियुक्त किए गए। नियामक आयोग की संस्तुति लेने के मामले पर एक घंटे से अधिक बातचीत की है। संजय सिंह चौहान और जितेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि विद्युत नियामक आयोग को अवैध ढंग से नियुक्त किए गए, झूठा शपथ पत्र देने वाले और फर्जीवाड़ा स्वीकार कर लेने वाले ट्रांजेक्शन कंसलटेंट ग्रांट थार्टन के बनाए गए निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट पर पॉवर कारपोरेशन से कोई बात नहीं करनी चाहिए।विद्युत नियामक आयोग के वर्तमान अध्यक्ष अरविंद कुमार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन के पद पर रहते हुए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के साथ छह अक्टूबर 2020 को एक लिखित समझौते पर हस्ताक्षर किया है।










**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सरकारी अस्पताल में मरीज की मौत

## डायलिसिस के दौरान विद्युत आपूर्ति ठप, परिजनों का हंगामा





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला अस्पताल में डायलिसिस के दौरान विद्युत आपूर्ति ठप हो जाने के बाद जनरेटर न चलाए जाने से युवक की हालत बिगड़ गई और अंत: उसकी मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने हंगामा करते हुए अस्पताल के स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाए। यहां तक कहा गया कि स्टाफ ने इंजेक्शन भी बाजार से मंगवाया था।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम फूलसंदा निवासी सरफराज (26 वर्ष) पुत्र निसार को उसके परिजन डायलिसिस के लिए जिला अस्पताल लेकर आए थे। जिला अस्पताल में जब उसकी डायलिसिस चल रही थी, तो इस दौरान विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। लेकिन जनरेटर चला कर विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं की गई और इस दौरान सरफराज की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने स्टाफ से जनरेटर चलाने के लिए कहा। लेकिन उनकी गुहार को अनसुना कर दिया गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सरफराज की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और डॉक्टर व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया। परिजनों कहना था कि जिस समय डायलिसिस की जा रही थी, उसी दौरान विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। डॉक्टर व स्टाफ के द्वारा जनरेटर की सुविधा भी नहीं दी गई। परिजनों का कहना है जिस समय डायलिसिस की जा रही थी, उस समय वहां पर कोई डॉक्टर भी मौजूद नहीं था। स्टाफ ने डायलिसिस की मशीन भी चालू नहीं की। अगर जनरेटर चला दिया होता, तो डायलिसिस की मशीन चलने लगती और सरफराज की जान बच जाती। परिजनों ने बताया कि जब सरफराज की हालत बिगड़ रही थी, तो स्टाफ ने बाहर से इंजेक्शन लाने के लिए कहा। वह खरीदकर इंजेक्शन लाए। इसके बाद उन्होंने दवाई मंगाई। दूसरी तरफ हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को बामुश्किल समझाया।

गौरतलब है कि जिला अस्पताल में अव्यवस्थाएं हावी है। भले ही जनपद में मेडिकल कॉलेज बन गया है। लेकिन जनपद की जनता को इसका कोई फायदा नहीं पहुंच रहा है। सरकारी अस्पताल में मरीजों की जान खतरे में पड़ जाती है और प्राइवेट अस्पतालों में लुटाई होती है। आखिरकार गरीब मरीज जाए तो कहा जाए। जनपद के जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारी भी गरीब मरीजों की तरफ नजरे इनायत नहीं कर रहे है।

# व्यापारी नेता कपिल सर्राफ पर इज्जत लूटने का आरोप

## वीडियो बना कर ब्लैकमेलिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद के व्यापारी नेता कपिल सर्राफ पर अल्पसंख्यक समाज की महिला ने जबरन बलात्कार करने एवं वीडियो बना कर ब्लैकमेल करने का गंभीर आरोप लगाया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नजीबाबाद के मौहल्ला जाब्तागंज निवासी विधवा महिला ने मुख्यमंत्री सहित अन्य पुलिस अधिकारियों को भेजी फरियाद में कहा है कि वह चालीस वर्ष की गरीब विधवा महिला है। मौहल्ला श्यामली निवासी कपिल कुमार सर्राफ पुत्र राम कुमार अग्रवाल के यहां वह जेवर बंधक रख कर रुपए लेती थी। जिस कारण कपिल से उनकी पहचान थी और उसके घर भी चली जाती थी। 19 सितम्बर 2024 की दोपहर लगभग दो बजे की घटना है। मुझे कुछ रुपयों की आवश्यकता थी। जिसके लिए वह कपिल सर्राफ की दुकान पर गई, तब मुझे घर पर आने को कहा गया। जिसके बाद में कपिल सर्राफ के घर चली गई। घर के पश्चिमी भाग में अलग से संलग्न एक हॉल है। कपिल मुझे रुपए देने की बात करता हुए वहां ले गया और मेरी इच्छा के विरूद्ध बलात्कार किया। मैंने जब शोर मचाया, तो उसने रिवाल्वर दिखाकर मेरा मुंह बंद कर दिया। मैंने लोकलज्जा व भय के कारण इस घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। जिसकी वजह से एफआईआर लिखवाने में देरी हुई। उसने इसकी वीडियो भी बना ली है। जिसके आधार पर कपिल ने 11 जून 2025 को पुन: मोबाइल पर मैसेज भेज कर मुझे ब्लैकमेल करने की कोशिश की। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करने का अनुरोध किया है। इस संबंध में आरोपी व्यापारी नेता कपिल सर्राफ का पक्ष जानने का प्रयास किया गया। लेकिन सम्पर्क नहीं हो पाया।

गौरतलब है कि जनपद में अवैध रूप से ब्याज का काम चल रहा है। जरूरतमंदों से जेवरात लेकर उसे महंगी दर पर रकम उधार दी जाती है। प्रशासन के द्वारा इस तरह अवैध रूप से ब्याज का काम करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही नहीं की जाती है। अगर प्रशासन के द्वारा अवैध रूप से ब्याज का काम करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करनी शुरू कर दी जाए, तो काफी हद तक गरीबों को राहत मिलेगी।

# गाजियाबाद में नहर में डूबे युवक का शव पहुंचा नगीना

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** अपने दोस्तों के साथ गाजियाबाद नहर में नहा रहे एक युवक की डूब कर चार दिन पूर्व दुखद मृत्यु हो गई। गोताखोरों ने तीन दिन बाद उसके शव को बरामद किया। मृतक नगीना का निवासी था। उसका शव नगीना पहुंचने पर मुहल्ले और उसके परिवार में कोहराम मच गया। उसको गमगीन माहौल में नम आंखों से बिरादरी के कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया।

नगर के मुहल्ला पटेरी निवासी हबीब अहमद का पुत्र मुहम्मद आदिल (28 वर्ष) जो कि दिल्ली, गाजियाबाद में रहकर प्लंबर का कार्य करता था। बीते चार पांच दिन पूर्व आदिल अपने 14 दोस्तों के साथ गाजियाबाद स्थित एक नहर पर नहाने के लिए गया, तेज गर्मी के चलते सभी दोस्त नहर में नहा रहे थे कि अचानक आदिल नहर में बहने लगा, जिसको बचाने की कोशिश की गई, लेकिन उसे बचा न सके। उसके डूबने की खबर नगीना पहुंचने पर परिजन भी गाजियाबाद पहुंच गए। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से आदिल को तीन दिन तक नहर में तलाश किया। तीन दिन बाद उसका शव मिलने पर शव को पोस्मार्टम कर पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया।

आदिल का शव नगीना पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया और गुरुवार की सुबह 10:00 बजे आदिल को बिरादरी के कब्रिस्तान में तदफीन कर दिया गया। आदिल के तीन भाई और दो बहने, पत्नी और एक बेटी भी है, जिनका रो रोकर बुरा हाल है।

# कौमी उर्दू शिक्षकों ने बढ़ाया गौरव

## सरताज को मिला अवार्ड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ ने शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ की ओर गालिब एकेडमी, दिल्ली में आयोजित प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर गाइडेंस समारोह में समग्र विद्यालय हुमायूंपुर इददू की सरताज मैडम को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड मिला। सेवानिवृत्त शिक्षक शरीफ अहमद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

चौधरी वासिल अली की अध्यक्षता व आबिद हमीद खान के संचालन में आयोजित समारोह में समारोह में नजीबाबाद की छात्रा फातिमा सिद्दीकी पुत्री जमाल हसन, गौसिया पुत्री महमूद अली, जिया उर रहमान पुत्र हाजी अताउल्लाह जलालाबाद, शीरीन फातिमा पुत्री तनवीर अहमद आदि को पुरस्कृत किया गया। समारोह में बच्चों को डॉ. शहला अंजुम प्रधान अध्यापिका, डॉ. सलीम जावेद, डॉ. शाहीन सुल्ताना गाजीपुर, डॉ. प्रोफेसर सालेहा रशीद इलाहाबाद, शाहीन तनवीर उत्तराखण्ड, सना कौसर अमरोहा, फरहीन उबैद आदि ने विभिन्न पाठ्यक्रम और कैरियर के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बच्चों द्वारा पूछे गए सवालों के सन्तोषजनक जवाब दिये। सम्मान पाकर छात्र-छात्राओं में उत्साह देखा गया। समारोह में आमिर अली, डॉ. मौहम्मद रिजवान, शमीम अहमद, तनवीर अहमद आदि का सहयोग रहा।

## एक नजर

### बलात्कार में अफजल गिरफ्तार



**बिजनौर।** पीड़िता ने तीन जून को चांदपुर थाने में तहरीर दी थी कि अभियुक्त अफजल पुत्र शमशाद निवासी ग्राम कराल ने शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार किया। साथ ही वीडियो बना कर उसे वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने धारा 69/351 (3) बीएनएस में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने अफजल को गिरफ्तार कर लिया है।

### बाबा के मजार पर उर्स



**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम आजमपुर में हर साल की तरह पीर बुंदू शाह सैलानी बाबा के मजार पर एक दिवसीय उर्स का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता नवाबुद्दीन उर्फ नवाब ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि बाबा बुंदू शाह सैलानी एकता व भाईचारे की मिसाल है। क्षेत्र के तमाम हिन्दू-मुसलमान यहां पर अपनी-अपनी मन्नतें मांगने आते हैं। जो भी मन्नतें मांगी जाती है, पूरी होती है। बाबा बुंदू शाह सैलानी का मजार बान नदी के किनारे बना हुआ है। उर्स ईद उल अजहा के पांच दिन बाद हर साल लगता है। उर्स लगभग पिछले बीस साल से लगातार लगाया जा रहा है। उर्स में दूर-दूर से जायरीन जियारत करने आते हैं और अपनी मन्नतें मांगते हैं, जो पूरी भी होती हैं। कव्वाली पर श्रोता झूमते नजर आते हैं। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, अकबर नबी इदरीसी, नसीम अहमद, देवेंद्र सिंह यादव, सलीम अहमद इदरीसी, मुकर्रम अहमद, इमदाद अहमद, दिलबहार मलिक, अकरम मलिक आदि मौजूद थे। सभी धर्मों के लोगों ने मुल्क की सलामती व भाईचारे के लिए दुआएं की।

# नहटौर में विद्युत संकट को लेकर जैद गंभीर

## केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी को सौंपा ज्ञापन, रखी गई मांगें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नहटौर में विद्युत संकट के समाधान को लेकर वरिष्ठ रालोद नेता जैद रशीद एवं चेयरपर्सन अनस इकरार ने मोहिन छेड़ दी है। उन्होंने समस्या के स्थायी समाधान के लिए केन्द्रिय मंत्री एवं रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी को ज्ञापन सौंपा।

सूत्रों का कहना है कि इसको लेकर केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी प्रदेश सरकार से संपर्क करेंगे। मांग पत्र में कहा गया है कि विद्युत संकट की वजह से नहटौर नगरवासियों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। डिंगरपुर से नहटौर एवं बिजली घर तक की लाइन काफी पुरानी हो चुकी है। तार जर्जर हो चुके है। लाइन जंगलों से होकर गुजरती है। हल्की सी हवा चलने पर फाल्ट हो जाता है। नगर में भी विद्युत लाइन व ट्रांसफार्मर काफी पुराने एवं कम क्षमता के है। लाइनमैन स्टाफ की काफी कमी है। इसे देखते हुए स्टाफ बढ़ाया जाए व जर्जर लाइनें बदलवाई जाए। साथ ही टांसफार्मरों की क्षमता भी बढ़वाई जाए। नम्बर दो फीडर के लिए चांदपुर की चुंगी के आसपास अलग से बिजली घर स्थापित किया जाए। वरिष्ठ रालोद नेता जैद रशीद ने कहा कि बिजली संकट की वजह से नगर की अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ रहा है और कारोबार प्रभावित हो रहे है। सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने उनके मांग पत्र को गंभीरता से लिया है।

# शांति व्यवस्था के लिए नगर में पुलिस का फ्लैग मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर में अमन-चैन बनाए रखने और आम जनता में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अफजलगढ़ क्षेत्राधिकारी ने भारी पुलिस बल के साथ नगर के प्रमुख मार्गों, बाजारों और चौराहों पर पैदल गश्त की।

इस गश्त के दौरान पुलिस बल ने नगर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, संवे. दनशील स्थानों और मुख्य बाजारों में पैदल मार्च करते हुए आम लोगों से संवाद स्थापित किया और उन्हें पुलिस की सतर्कता का विश्वास दिलाया क्षेत्राधिकारी ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को हर हाल में कायम रखा जाएगा। उन्होंने स्थानीय निवासियों और व्यापारियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि या अफवाह की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पैदल गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखी गई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया गया।

पुलिस की इस सक्रियता से आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

# झालू पुलिस चौकी के इंचार्ज सुभाष पर गाज

## मोबाइल खरीदने को लेकर साम्प्रदायिक विवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एसपी अभिषेक ने झालू पुलिस चौकी के इंचार्ज सुभाष कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार एसपी अभिषेक ने झालू पुलिस चौकी के इंचार्ज दरोगा सुभाष कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है। बताया जाता है कि झालू में दुकान पर मोबाइल खरीदने को लेकर साम्प्रदायिक विवाद हुआ था। जिसे चौकी इंचार्ज सुभाष कुमार ने गंभीरता से नहीं लिया।

प्रेस नोट में कहा गया है कि सभी क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र की मिश्रित आवादी में संवेदनशीलता व साम्प्रदायिकता के दृष्टिगत प्रत्येक छोटी से छोटी घटनाओं की रोकथाम के लिए फ्लैग मार्च व पैदल गश्त किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। लेकिन झालू चौकी इंचार्ज सुभाष कुमार ने उच्च अधिकारियों के आदेशों का उल्लंघन करते हुए पैदल गश्त नहीं की।

# पीड़ित ने मुख्यमंत्री से लगाई सुरक्षा की गुहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मौहम्मद अजीम निवासी ग्राम काजीपुर इम्मा, थाना नगीना ने अपने प्रार्थना पत्र में कहा है कि अरशद, अयूब, साजिद, जैद, आसिम, कासिम व शोएब ग्राम के दबंग खानदान के लड़के हैं, जो आएदिन गुंडागर्दी करते हैं। बाहर काम करते हैं, पैसे का बहुत घमंड है और उसके परिवार से जाति रंजिश रखते हैं।

12 जून को ग्राम की एक बारात ग्राम हुसैनपुर तीरगर में आई थी। जहां पर दोपहर के लगभग ढाई बजे पीड़ित के भाई नदीम के पैर के ऊपर फोर व्हीलर का पहिया उतार दिया। आरो. पियों ने फोर व्हीलर वालों को निकाल दिया और जब इस बात पर चर्चा हुई, तो सभी ने एक राय होकर गंदी-गंदी मां बहन की गालियां देते हुए मौहम्मद नदीम, मौहम्मद अजीम को बुरी तरह मारना पीटना शुरू कर दिया, जिसकी एक वीडियो भी वायरल हुई है। किसी तरह दोनों भाइयों ने अपनी जान बचाई। अजीम के भतीजे फैसल ने मोबाइल से पुलिस को सूचना देनी चाही तो उसका मोबाइल छीन कर तोड़ दिया गया। किसी तरह अजीम व नाजिम की जान बची। वह रिपोर्ट थाना किरतपुर करने जा रहे थे मगर आरोपियों ने पहले ही घेर लिया। तब वह अपनी जान बचाकर भागे। इसी दिन रात्रि दस बजे मुलजिमान उपरोक्त ने फिर अजीम के घर पर हमला कर दिया। मारपीट की उसकी पत्नी के साथ बदतमीजी की और धमकी देकर गए कि जिंदा नहीं छोड़ेंगे। जान से मार देंगे। हमारे पास पैसे की कमी नहीं है। अजीम ने आरोपियों से अपनी व अपने परिवार की जान को खतरा बताते हुए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई कि थाना नगीना में उनकी रिपोर्ट दर्ज करा कर आरोपियों को जेल भेजा जाए एवं परिवार को सुरक्षा दिलाई जाए।

# भीषण गर्मी के बाद बारिश से राहत

## किसानों और बच्चों के चेहरे खिले



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** लू के थपेड़ों और झुलसाने वाली गर्मी से जूझ रहे क्षेत्रवासियों को आज सुबह राहत की सांस मिली। जब अचानक मौसम ने करवट ली और झमाझम बारिश शुरू हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज सुबह करीब दस बजे हुई तेज बारिश ने जहां तापमान को नीचे गिराया। वहीं गर्मी से बेहाल आमजन, पशु-पक्षी और किसान समुदाय के चेहरों पर भी मुस्कान लौट आई। बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जिससे बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और लोग घरों में दुबके रहे। मगर शुक्रवार की बारिश ने पूरे माहौल को तरोताजा कर दिया। बारिश होते ही बच्चे सड़कों पर निकल पड़े और साइकिल चलाकर बारिश का खूब आनंद उठाया। गलियों में बच्चों की खिलखिलाहट गूंजने लगी। बारिश से सबसे ज्यादा राहत किसानों को मिली। खेतों की ओर नजरें टिकाए बैठे किसान इस बरसात का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। किसानों ने बताया कि यह बारिश धान की बुआई के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी। किसान खलील अहमद, अमित कुमार और गुरविंदर सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच इस बारिश ने खेती को संजीवनी दी है। खेतों में जल्द ही कामकाज शुरू हो जाएगा। सिर्फ इंसान ही नहीं, जानवर और पक्षी भी इस बदलते मौसम का आनंद लेते नजर आए। जगह-जगह पर बारिश में नहाते मवेशी और खुले आसमान के नीचे उड़ते पक्षी दृश्य को और भी जीवंत बना रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस तरह की राहत भरी बारिश कई दिनों बाद देखने को मिली है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम सुहावना बना रह सकता है, जिससे गर्मी से जूझ रही जनता को और राहत मिल सकती है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# कब्रिस्तान पर कब्जा होने से बचाया

## भूमाफियाओं ने दिनदहाड़े कब्रिस्तान पर मिट्टी डालकर किया था कब्जे का प्रयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मौहल्ला बख्शीवाला में रेलवे फाटक के नजदीक स्थित कदीमी यानि पुराने कब्रिस्तान पर दिनदहाड़े कब्जा करने के प्रयास को आज पुलिस ने विफल कर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार पिछले तीन दिन से कुछ भूमि माफिया कब्रिस्तान पर मिट्टी डालकर कब्रों की पहचान छुपा कर इस पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। स्थानीय लोगों की शिकायतों के बावजूद पुलिस ठोस कार्यवाही नहीं कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अभिषेक के निर्देश पर पुलिस हरकत में आई। एसएचओ उदय प्रताप और नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर जांच की, तो पाया कि कब्रिस्तान पर वाकई मिट्टी डालकर इसकी पहचान छुपा कर उस पर कब्जा करने की कोशिश की गई है। शहर कोतवाल उदय प्रताप ने कब्रिस्तान पक्ष के लोगों को भरोसा दिलाया कि उनके कब्रिस्तान पर किसी भी सूरत में कब्जा नहीं होने दिया जाएगा और कब्जा करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ उचित कठोर कार्यवाही की जाएगी।

मालूम हो कि कब्रिस्तान पक्ष के लोगों ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अभिषेक से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया है कि झालू निवासी हयात अपने भाई आमिर, काजीपाड़ा निवासी शाकिर और अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर हमारे पुराने कब्रिस्तान पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है।





बार-बार शिकायत के बावजूद उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई है। इसलिए उसका दुस्साहस बढ़ रहा है। वो पिछले तीन दिनों से कब्रिस्तान पर मिट्टी डालकर उसकी पहचान पूरी तरह छुपाने की कोशिश करके उस पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। कब्रिस्तान पक्ष के लोगों की बात सुनकर एसपी अभिषेक ने फौरन एसएचओ उदय प्रताप सिंह को मौके पर जाकर जांच करके आज ही रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद एसएचओ उदय प्रताप और नायब तहसीलदार ने मौक पर पहुंचकर जांच की और कब्रिस्तान पक्ष को भरोसा दिलाया कि इस पर कब्जा नहीं होने दिया जाएगा।

गौरतलब है कि बख्शीवाला में रेलवे फाटक के पास स्थित आराजी खसरा संख्या 81 एक कदीमी (पुराना) कब्रिस्तान है। सरकारी दस्तावेज फर्द में यह आराजी कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है। पुराने समय से इस आराजी का इस्तेमाल कब्रिस्तान के रूप में होता रहा है। कब्रिस्तान पक्ष के मुताबिक इसमें उनके मूरिसान की सौ से ज्यादा कब्रें मौजूद हैं। इस कब्रिस्तान पर पिछले करीब ढाई साल से कुछ भूमाफिया कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। ये लोग कई बार मिट्टी डालकर कब्रों की पहचान छुपाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। 11 जून को कब्रिस्तान पर कब्जे की इनकी योजना की खबर मिलने से कब्रिस्तान पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे, तो देखा कि झालू निवासी हयात अपने कुछ साथियों के साथ ट्राली से कब्रिस्तान पर मिट्टी डलवा रहा था। इन लोगों ने तत्काल 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी।

उस समय तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इनकी योजना विफल कर दी। लेकिन अगले ही दिन 12 और 13 जून को सुबह को इन भूमाफिया ने कब्रिस्तान पर फिर मिट्टी डालकर इस पर कब्जा करने का दुस्साहस किया। कब्रिस्तान पक्ष के लोगों का कहना है भू माफियाओं ने धमकी दी है वो कभी भी रात के अंधेरे में कब्रिस्तान पर पूरी तरह कब्जा करके यहां निर्माण कार्य कर लेंगे। इससे पहले 27 फरवरी को भी इन्होंने ऐसी ही कोशिश की थी। इससे पहले 17 व 18 दिसंबर 2022 की रात को मौहम्मद गजाली पुत्र आमिल निवासी जित्तनपुर, धामपुर, जिला बिजनौर, मौहम्मद आमिर पुत्र फारूक, निवासी मौहल्ला कानून गोयान झालू, जिला बिजनौर, मौहम्मद साकिब पुत्र अख्तर निवासी ग्राम खारी, जिला बिजनौर ने कब्रिस्तान पर मिट्टी डालकर कब्रों की पहचान छुपा कर इस पर कब्जा करने की कोशिश की थी। तब भी पुलिस में इसकी शिकायत की गई थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करके कब्रिस्तान को कब्जा होने से बचा लिया था। कब्रिस्तान पक्ष का कहना है कि भू माफिया फर्जी बेरमो के आधार पर कब्रिस्तान कब्जाना चाहते हैं। इन्होंने प्रार्थीगणों में से तीन लोगों के खिलाफ सिविल जज (सीनियर डिवीजन) बिजनौर की अदालत में तीन वाद दायर किए थे। अदालत में ये तीनों वाद खारिज हो गए। अदालत में मुकदमा हारने के बाद अब ये सब मिलकर बाहुबल के जरिए कब्रिस्तान पर कब्जा करना चाहते हैं।

कब्रिस्तान पक्ष की तरफ से पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए लिखित शिकायती पत्र में कब्रिस्तान पर कब्जा करने की नीयत रखने वाले मौहम्मद गजाली, मौहम्मद आमिर, मौहम्मद साकिब, हयात, शाकिर और सलीम पद्दू समेत इनके अन्य साथियों के खिलाफ समय रहते उचित धाराओं में मुकदमा दायर करके कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## गोकशी की सूचना पर खूब दौड़ी पुलिस



**नांगल सोती।** गांव पुंडरी कला में गोकशी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने मांस का सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवाया। गांव पुंडरीकला में नासिर की दो पुत्रियों का शुक्रवार को निकाह था। गांव के ही किसी व्यक्ति ने निकाह में गोकशी की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर सीओ नितेश प्रताप सिंह, थाना प्रभारी सुशील कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। नासिर ने पुलिस को बताया कि यह भैंस का मांस है और जहां से मंगवाया है उसका बिल उनके पास है। पुलिस ने मांस का सैंपल लेकर पशु चिकित्सालय नांगल सोती और भागूवाला के कर्मचारियों को सुपुर्द किया। सीओ ने बताया कि सैंपल जांच के लिए बरेली प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

# दुर्गा मां के मंदिर पर यज्ञ व भण्डारा

### मंदिर पर चढ़ाया प्रसाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** क्षेत्र के ग्राम हर्रावाला में स्थित दुर्गा माता मंदिर पर वार्षिक हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम हर्रावाला के बाहर तालाब किनारे स्थित देवी मंदिर पर शुक्रवार सुबह लगभग दस बजे पंडित देवेंद्र कौशिक ने विधि विधान से हवन यज्ञ कराया। जिसमें यजमान सुधीर कुमार ने पत्नी ममता, ब्रह्म सिंह ने पत्नी मुकेश कुमारी व प्रमोद कुमार ने पत्नी चंचल के साथ के साथ संयुक्त रूप से हवन में आहुतियां डालीं। इस दौरान सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने देवी मंदिर में प्रसाद चढ़ाया और घर में खुशहाली की कामना की।



इसके पश्चात मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

श्रद्धालुओं की मान्यता है कि जो यहां सच्चे मन से याचना करता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है।

इस दौरान ब्रह्म सिंह, सुधीर कुमार, धर्मपाल सिंह, बलबीर सिंह, डॉ. निरंजन सिंह कश्यप, डॉ. मनोज कुमार, पंडित टिकेंद्र कौशिक, अंचल कुमार, अरविंद कुमार आदि लोगों का विशेष योगदान रहा।

# परिजनों ने जताई नौमान की हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम वादीगढ़ में चार दिन पूर्व दस जून मंगलवार की देर शाम खादी ग्रामोद्योग के कंप्यूटर ऑपरेटर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला था। शव को पीएम के बाद परिजनों ने सुपुर्द खाक कर दिया था। लेकिन जहां जवान युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और परिजन सदमे में हैं। वहीं क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत को लेकर हत्या या आत्महत्या को लेकर जुबानी जंग छिड़ी हुई है। हालांकि रेहड़ पुलिस ने पीएम रिपोर्ट में हैंगिंग की बात कही है। जबकि परिजन मृतक के शरीर पर गुम चोटे के निशान होने पर हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए तीन व्यक्तियों पर उसकी हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

ग्राम सीरवासुचंद निवासी मौहम्मद नौमान पिछले कई वर्षों से

### खादी बिक्री भंडार पर कंप्यूटर ऑपरेटर था नौमान

रेहड़ क्षेत्र के ग्राम राजनगर/वादीगढ़ में स्थित खादी बिक्री भंडार पर कंप्यूटर ऑपरेटर था। मंगलवार की देर शाम इसी बिल्डिंग की दूसरी मंजिल की छत पर फांसी के फंदे पर लटकी हुई उसकी लाश मिली थी। मृतक नौमान के परिजन उस खादी बिक्री भंडार के संचालक/स्वामी अरविंद कुमार उसके पुत्र कुनाल व अरविंद के भाई कमल पर नौमान की हत्या का आरोप लगा रहे हैं। रेहड़ पुलिस ने मृतक के परिजनों एवं मौजूद ग्रामीणों से पीएम रिपोर्ट आने पर जरूरी कार्यवाही की बात कहकर सभी को शांत करते हुए उस समय शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। थानाध्यक्ष रेहड़ विकास कुमार का कहना है कि पीएम रिपोर्ट में हैंगिंग आया है। यानी फांसी के फंदे पर लटक कर मौत। हालांकि पीएम



रिपोर्ट आने के बाद कुछ कहना असंभव सा है मगर आत्महत्या कर लेने वाली बात मृतक के परिजनों एवं क्षेत्र के तमाम लोगों के गले नहीं उतर पा रही है। मौहम्मद नौमान ने आत्महत्या की या उसकी हत्या की गई यह अनसुलझा सवाल लोगों की जुबान पर है और लोग एक दूसरे से इस पर विस्तार से चर्चा करते सुने जा रहे हैं। चर्चा में यह बात बहस का मुद्दा बनी हुई है कि नौमान ने आत्महत्या की तो आखिर आत्महत्या करने की क्या वजह रही होगी और अगर नौमान की हत्या की गई है तो आखिर क्यों। इतने वर्षों से साथ में काम करते आने के बाद अब उसकी हत्या करने का आखिर क्या कारण रहा होगा, यह अनसुलझे कई सवाल लोगों के बीच खास चर्चा का विषय बने हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि नौमान के हाथ, पैरों सहित शरीर के कई हिस्सों पर गुम चोट जैसे नीले निशान देखे गए। यदि प्रत्यक्षदर्शियों की पहचान सही है तो उसके शरीर पर चोट के निशान कहां से आए। इस प्रकार की तमाम चर्चाएं लोगों की जुबान पर हैं। किसी संस्था का कंप्यूटर ऑपरेटर उस संस्था के पूरे कारोबार के हिसाब खिताब का जानकार होता है। क्या यह प्रकरण खादी बिक्री भंडार के कारोबार संबंधी किसी लेन देन या अन्य मामलों से जुड़ा तो नहीं है? लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## नगीना में पीडीए पंचायत का आयोजन

**नगीना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पीडीए के संस्थापक अखिलेश यादव के निर्देशानुसार बृहस्पतिवार को विधानसभा क्षेत्र नगीना के ग्राम शेरनगर नरैनी में पीडीए चर्चा का कार्यक्रम पंचायत भवन पर आयोजन किया गया। पीडीए पंचायत की अध्यक्षता वर्तमान ग्राम प्रधान नरैनी मगन सिंह एवं संचालन सुहैल अंसारी ब्लॉक अध्यक्ष कोतवाली समाजवादी पार्टी ने की। कार्यक्रम में विधायक नगीना पूर्व मंत्री उ.प्र. सरकार मनोज पारस ने सभी ग्रामवासियों से मुलाकात कर सभी का हाल-चाल जाना एवं गांव की समस्याओं को सुना। कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विधायक नगीना पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश मनोज पारस ने सभा को संबोधित करते हुए पीडीए चर्चा के कार्यक्रम को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पीडीए के तहत सर्व समाज को उसका हक दिलाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने सभी सम्मानित ग्रामवासियों से एकजुट होने का आह्वान किया। उसके उपरांत मनोज पारस ने अपनी विधायक निधि से भोले के मकान से स्वास्थ्य केंद्र के मोड़ तक की सीसी रोड का कार्य एवं मौहम्मद हबीब अहमद साहब के मकान से डॉ. शकील अहमद तक सीसी रोड व नाली का निर्माण कार्य पूर्ण करा कर उसका फीता काट कर लोकार्पण किया। पीडीए चर्चा के कार्यक्रम में सुधीर राठी प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अकील मंसूरी जिला सचिव समाजवादी पार्टी, मास्टर धर्मवीर सिंह, जयप्रकाश पाल प्रदेश सचिव समा. जवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, मास्टर किशनपाल सिंह, भूरे सिंह प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी एससी एसटी प्रकोष्ठ, आलोक चौधरी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, रमेश सिंह, मौहम्मद रईसउद्दीन अंसारी पूर्व ग्राम प्रधान करौंदा चौधर, मौहम्मद शाहिद अहमद, कैलाश चंद, कमल सिंह, डॉ. बाबूराम सिंह, पवन सिंह, सलमान भाई, दिलशाद अहमद, नौशाद मंसूरी, केशव कुमार, डोरी लाल सैनी आदि बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# मंडावर में भीषण गर्मी में बिजली संकट से हाहाकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** भीषण गर्मी में मंडावर कस्बे को बिजली कटौती, लो वोल्टेज और जर्जर तारों की समस्याओं ने बेहाल कर रखा है। शुक्रवार सुबह 11 बजे गुस्साए कस्बेवासियों ने भाजपा नेता अजमल उमर के नेतृत्व में बिजली घर पहुंचकर एसडीओ इंद्रपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा और त्वरित समाधान की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि लगातार बिजली कटौती से जनजीवन ठप हो रहा है। लो वोल्टेज के चलते उपकरण बेकार हो रहे हैं और जर्जर तारों से बार-बार फॉल्ट की समस्या बढ़ रही है। कस्बेवासियों ने बिजली कटौती बंद करने, वोल्टेज सुधारने और तारों को बदलने की मांग की। एसडीओ इंद्रपाल सिंह ने शीघ्र

### बिजली विभाग को घेरा, सौंपा ज्ञापन

समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी अजमल उमर, पूर्व सभासद शहजाद सिद्दीकी, सभासद महेश कश्यप, नईम सिद्दीकी, बिलाल अहमद, अनवार कुरैशी, आकिल हुसैन, अकरम अली, जमशेद मौहम्मद, महबूब शौकीन अहमद, विपुल गुप्ता, संजय पुष्पक, सैयद काशिफ अली, मुशीर सिद्दीकी, मुकीम मकरानी, इत्तेखाब अहमद, शकील मंसूरी, बाबू कुरैशी सहित कई लोग मौजूद रहे। कस्बेवासियों ने चेताया कि यदि समस्याएं जल्द हल न हुई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

# उर्दू सिर्फ एक जुबान नहीं है, बल्कि एक तहजीब

## उर्दू पत्रकारिता और प्रतिनिधित्व के मैदान में हसीनुद्दीन अंसारी सक्रिय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उर्दू सिर्फ एक जुबान नहीं है, बल्कि एक तहजीब, एक मिजाज और एक दिलकश एहसास है। इस जुबान की सेवा करना केवल शब्दों को लिखने का नाम नहीं, बल्कि एक सोच, एक जिम्मेदारी और एक लगन का तकाजा है। इन्हीं विशेषताओं के मालिक, सादा मिजाज लेकिन ऊंचे किरदार के हामिल, बेजरर और बेकल्फ उर्दू सेवक हसीनुदीन अंसारी का नाम इज्जत और सम्मान के साथ लिया जाता है।

सिवहारा के मशहूर मौहल्ला मंसूर सराय के रहने वाले हसीनुदीन अंसारी पिछले बीस वर्षों से उर्दू पत्रकारिता और प्रतिनिधित्व के मैदान में सक्रिए हैं। उन्होंने कभी शोहरत या नामवरी को अपना मकसद नहीं बनाया, बल्कि इखलास, ईमानदारी और मौहब्बत को अपना शिआर बनाकर एक खामोश जद्दोजहद को अपनी जिंदगी का हिस्सा बना लिया।

उनकी उर्दू से जुड़ाव सिर्फ जजबाती नहीं, बल्कि अमली है। 'रोजनामा फज्र खबर', 'सच की



आवाज', और 'साइबान' जैसे प्रतिष्ठित अखबारों में उनकी पत्रकारिता प्रतिनिधित्व गहरी संजीदगी और गैर जानिबदार रिपोर्टिंग का बेहतरीन नमूना है। उनके कलम में कोई शिद्दत नहीं, कोई टेढ़ापन नहीं, बल्कि सादगी, साफगोई और हकपरस्ती का खुबसूरत मेल है।

अदबी महफिलों में उनकी मौजूदगी उनकी उर्दू मौहब्बत की जिंदा मिसाल है। और यही मौहब्बत उन्हें 'बज्म-ए-सुखन सिवहारा' तक ले आई। जहां वे सिर्फ एक साधारण सदस्य ही नहीं, बल्कि एक पत्रकार के तौर पर अहम किरदार अदा कर रहे हैं। 'बज्म-ए-सुखन', सिवहारा का एक अदबी और सांस्कृतिक मंच है, जो उर्दू शायरी, गद्य और फिक्री तरबियत के मैदान में लगातार प्रयासरत है। हसीनुदीन अंसारी इस कारवां के उन चेहरों में से हैं, जिन्होंने इस अदब की विरासत को पत्रकारिता के आइने में संजोने का बीड़ा उठाया।

वे बज्म की महफिलों, बैठकों, मुशायरों और तकरीबों को न केवल कलमबंद करते हैं, बल्कि उनमें अपनी नैतिक भागीदारी और विचारात्मक प्रभाव भी छोड़ते हैं। उनकी पत्रकारिता केवल खबर पहुंचाने का माध्यम नहीं, बल्कि अदब की दस्तावेजी खिदमत है।

उनकी शख्सियत का एक और पहलू यह है कि वे दीनी तबकात से गहरा लगाव रखते हैं। उलमा, मशायख और दीन से जुड़े इदारों के लिए उनके दिल में अदब और इज्जत का जज्बा कूट-कूट कर भरा हुआ है। वे दीन और अदब के बीच मौहब्बत के रिश्ते को न सिर्फ महसूस करते हैं बल्कि अपनी जिंदगी में बखूबी उसे निभाते भी हैं।

आज जब पत्रकारिता के मैदान में सच्चाई, ईमानदारी और तहजीब नापैद होती जा रही है, हसीनुदीन अंसारी जैसे नेक-नीयत, मुकलिस और सादा दिल लोग उर्दू सहाफत के लिए किसी नेमत से कम नहीं। वे इस बात का जिंदा सुबूत हैं कि अगर नीयत साफ हो, जुबान मीठी हो और कलम अमानतदार हो, तो सीमित संसाधनों में भी बड़ी सेवा अंजाम दी जा सकती है।

अल्लाह तआला उनके इखलास में बरकत दे, उनके कलम को असर और दवाम अता करे, और उन्हें उर्दू व दीन की और ज्यादा खिदमत का जरिया बनाए।

## एक नजर

### नगीना देहात में 13 गिरफ्तार

**बिजनौर।** नगीना देहात पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में मौसम, रघुनाथ, सुरेश, सोनू, फरीद, लवकुश, राकेश, रवि कुमार, नरेश कुमार, मेहर सिंह, जितेन्द्र, सविता व शकुन्तला शामिल है।

### नजीबाबाद में बारिश से राहत

**नजीबाबाद।** भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप के बीच बिजली की व्यवस्था ठप होने से परेशान नागरिकों को उस वक्त आज राहत मिल गई, जब सुबह मौसम ने करवट ली। आसमान में घने बादल छा गए और थोड़ी ही देर में झमाझम बारिश होने लगी। आसमान पर लगातार बिजली कड़कड़ाने व तेज हवाओं के साथ हुई मूसलाधार बारिश ने मौसम के मिजाज को बदलकर रख दिया। जिससे लोगों के चेहरे खिल उठे। कई लोगों ने अपने परिवार के साथ बारिश में नहाकर मौज मस्ती की। वहीं खेत खलियानों के लिए बारिश अमृत बनकर बरसी है। बताया जाता है कि कई किसानों ने अपने खेतों में मूंजी की फसल लगा रखी थी। वहीं झमाझम बारिश होने से किसानों के चेहरे भी खिल उठे। गुलालवाली निवासी मट्टू पुत्र मलखान सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी के दौरान फसल को काफी नुकसान हो रहा था। आज सुबह बारिश होने से किसानों को बहुत फायदा मिला है। बारिश देखकर सभी किसान अपने खेतों में जाकर काम पर लग गए।

### अशरफ अली महासचिव मनोनीत



**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला रमपुरा निवासी अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद के निवास स्थान पर संगठन की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद ने प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह की संस्तुति पर कस्बा जलालाबाद निवासी वरिष्ठ पत्रकार अशरफ अली को अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति में जिला महासचिव बिजनौर के पद पर मनोनीत किया। जिला अध्यक्ष ने उनसे आशा की है कि वह संगठन की नीतियों को मजबूत करते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून के आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद, वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर आफताब नौमानी, शहजाद नौमानी, अफजाल अंसारी, अल्ताफ रजा, अब्दुल रहमान अल्वी भूरे, आफताब आलम, डॉक्टर वसीम बारी, जुनैद अंसारी, शाही अराफात सैफी, रिहान अंसारी आदि ने जिला महासचिव बनने पर अशरफ अली का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। अशरफ अली ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है। वह उसको निभाने की पूरी को. शिश करेंगे।

### समर कैंप का समापन



**नजीबाबाद।** नगर के कोटद्वार मार्ग जुल्फकारपुर गढ़ी स्थित कंपोजिट विद्यालय में समर कैंप संचालिका दीपा रानी, सीमा देवी और समर कैंप में अंतिम दिन उपस्थित आमिर अली सहायक अध्यापक द्वारा समर कैंप का समापन किया गया। समर कैंप अवधि में सभी बच्चों को योगाभ्यास, कंप्यूटर ज्ञान, क्राफ्टिंग कार्य, चार्ट बनाना, कढ़ाई, बुनाई अनेक प्रकार की गति. विधियां कराई गई। समर कैंप संचालिका दीपा रानी और सीमा देवी ने बताया कि समर कैंप में बच्चों का कार्य सराहनीय रहा है और उक्त अवधि में सभी बच्चें आनंदित रहे।

### नागरिकों को मिली बारिश से राहत

**बूंदकी।** क्षेत्र में जून माह में भीषण गर्मी पड़ रही है। पंखे कूलर भी फेल हो गये है। जिससे जनता को भीषण गर्मी को बर्दाश्त करना बस से बाहर हो गया था। लेकिन आज सुबह से ही पहले तो कुछ बादल आसमान में दिखाई दिए। लगभग सुबह नौ बजे तेज हवा आंधी गरज चमक के साथ वर्षा शुरू हुई। यह गर्मी में सभी को राहत देने वाली वरदान साबित हुई। वहीं किसानों के लिए वरदान साबित हुई। क्योंकि किसान एक खेत में पानी लगा रहे थे, तो दूसरा खेत सूख रहा था। पानी लगाते-लगाते खेतों में किसान परेशान हो गए थे। बारिश का सभी ने आनंद उठाया और राहत की सास ली।

### लोन का पैसा जमा न करने पर मारपीट

**अफजलगढ़।** लोन का पैसा जमा न करने पर मारपीट की । पीड़ित ने परिजनों पर बाहर के व्यक्ति के बुलाकर पिटवाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्यवाही की मांग की है। ग्राम अनवरपुर चण्डिका निवासी धर्मवीर पुत्र गोपाल ने बताया कि करीब पंद्रह वर्ष पूर्व उसने भाई नन्हा, जयप्रकाश तथा माता केला देवी के साथ मिलकर कादराबाद स्थित केनरा बैंक की शाखा से कृषि कार्ड पर एक लाख का लोन लिया था। जिसमें से पीड़ित ने अपने हिस्से का लोन जमा कर दिया। किन्तु भाई नन्हा व मृतक भाई जयप्रकाश की पत्नी कविता देवी अपने हिस्से का लोन जमा नहीं किया। जमा करने को कहने पर मारपीट करते हैं। कल बुधवार को भी भाई की पत्नी कविता से लोन जमा करने को कहा तो उसने गांव के ही बबलू उर्फ चांदा पुत्र हर किशन सिंह को बुलाकर जमकर मारपीट कराई। वहीं दोबारा लोन के पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी । वहीं सीओ राजेश सोलंकी का कहना है कि मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### पति को जान से मारने का आरोप



**किरतपुर।** ग्राम झलरा निवासी मृतक साजिद की पत्नी गुफराना ने पुलिस को दिये गये प्राथना पत्र में कहा है कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व ग्राम बड़ी ज्वाली निवासी साजिद पुत्र शशिद के साथ हुई थी। हमारे ।9 माह का एक लड़का है मेरा पति साजिद कुवैत काम के सिलसिले में चला गया था। विवाद के चलते ससुराल वालों ने साजिद को 20जून 2025 को यहाँ बुलाना था परन्तु ससुराल वालों ने साजिद को 10जून को ही घर वापस बुला लिया था। गुफराना ने आगे आरोप लगाते हुए कहा कि इस दौरान साजिद की तबियत खराब का बहाना बनाकर उसे नजीबाबाद के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करा दिया था। जहां पर उसकी मृत्यु हो गई। पीड़ित पक्ष का कहना था कि साजिद की बीमारी व मौत की खबर पत्नी तक को नहीं दी गई, जिससे मामला संदिग्ध लगता है। पीड़ित गुफराना का कहना है मुझे शक है कि मेरे पति को मार दिया गया है। इस कांड में ससुर, सास व नन्दे शामिल हो सकती है। पीड़िता ने पुलिस से गुहार लगाई है कि मृतक का पोस्टमार्टम कराया जाए। दूसरी ओर आरोपी पक्ष का कहना था कि साजिद की मृत्यु स्वाभाविक तौर पर हुई है। उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताया है। फिलहाल पुलिस मामले की जाँच करने में जुट गई है।

# हीमपुर पुलिस का नाकारा रवैया

**परीक्षित गुप्ता**

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुई एक घटना इतनी रहस्यमयी हो गई है कि इसे खोल पाना शायद अब हीमपुर दीपा पुलिस के बस की बात नही है। हालाँकि हीमपुर दीपा पुलिस ने उक्त मामले को उस वक्त नामजद दर्ज किया जब पुलिस यह पता निकाल चुकी थी कि सभी नामजद लोगो की न केवल फोन लोकेशन अलग अलग थी बल्कि कई तो क्षेत्र में भी मौजूद नहीं थे । हालाँकि पुलिस ने उक्त मामले में नामजद लोगों से अलग भी लोगों को उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी परंतु आज भी हीमपुर दीपा पुलिस के हाथ खाली के खाली ही है। क्षेत्र में चर्चा है कि पुलिस को अब बाबा बागेश्वर धाम से पर्चा बनवा लेना चाहिए ताकि बेकसूरो को जेल भेजने से बचाया जा सके और उक्त पूरे प्लान का मास्टरमाइंड अथवा जो हमलावर है वो जेल जा सके।

## एएसपी ग्रामीण और सीओ चांदपुर के संज्ञान में है मामला

उक्त मामला एएसपी ग्रामीण और सीओ चांदपुर के संज्ञान में भी है जिन्हें पत्रकारों ने कई कई बार अवगत कराया परंतु किसी भी अधिकारी ने उक्त मामले में रुचि लेना गंवारा नहीं समझा। हालांकि अधिकारियों के इसी नाकारा रवैये के चलते यदि बेकसूर जेल चले जायेंगे तो कोई हैरानी की बात नही होगी।

दरअसल बीते दिनों हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में मुसर्रत नामक व्यक्ति पर कुछ अज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया था, जिसमें वह घायल हो गया था। बताया जाता है कि जब मुसर्रत बाइक से रात में अपने घर जा रहा था तो उसके सिर पर हेलमेट लगा था जो कैमरे में भी नजर आ रहा है। हेलमेट उतरकर हमला होने की बात अपने आप में एक सवाल बनी हुई है। वहीं अंधेरे में किसी भी एक व्यक्ति को न पहचान पाने के साथ साथ चार लोगों के नाम शक के तौर पर लिखवा देने से रंजिश की बू आना भी लाजमी है। बताया जाता है कि मुसर्रत ने हीमपुर दीपा पुलिस से कई बार इनके नहीं होने का भी जिक्र कर चुका है परंतु अगले ही दिन फिर इन्हें के होने की बात कहकर पुलिस को उलझाए हुए है। उधर हीमपुर दीपा पुलिस को फुर्सत की बात करे तो वह इतने आराम में है कि स्वयं कुछ करने की बजाय रोज मुसर्रत की बाते तसल्ली से सुन रही है। चर्चा है कि मिठाई खिलाकर यह नामजद मुकदमा प्रीप्लानिंग के साथ रंजिशन लिखवाया गया है, तभी पुलिस मुकदमे में छानबीन करने के बजाय शक्तिमान के आने का इंतजार कर रही है जो आरोपियों को लेकर थाने पहुंचेगा।

बता दें कि उक्त मामले में पुलिस एक पत्रकार का भी नाम शामिल किए बैठी है जो घटना के समय जलीलपुर में मौजूद था । जिसका न केवल सीसीटीवी फुटेज मौजूद है बल्कि पुलिस उसकी लॉकेशन भी निकलवा चुकी थी जो सही मिली थी।

# बारिश से भीषण गर्मी में राहत

## किसानों के लिए वरदान साबित हुई बारिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** तपिश भरी गर्मी व आग बरसाते मौसम के तेवर से बेहाल लोगों के लिए शुक्रवार का दिन राहत भरा रहा। मौसम ने करवट बदली और सुबह से ही मौसम सुहावना रहा। तेज हवा चलने के साथ ही हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली तथा किसानों के लिए बारिश वरदान साबित हुई।

गौरतलब हो कि पिछले कुछ दिनों से तपिश भरी गर्मी से लोग बेहाल थे। आग बरसाते मौसम के तेवर कुछ ज्यादा ही तल्ख थे। ऐसा लग रहा था कि मानो आसमान से अंगारे बरस रहे हो तथा जमीन खुश्क हो गई है। इस भीषण गर्मी में राहगीर ठंडे पानी व छाया की तलाश कर रहे थे तथा किसानों का खेतों पर रुकना मुश्किल हो रहा था। लेकिन शुक्रवार की सुबह से ही सुहावने हुए मौसम व तेज हवा के साथ हुई बारिश से तापमान एकदम लुढ़क गया, जिससे गर्मी की मार झेल रहे लोगों को राहत मिली। हाईवे पर जलभराव होने के चलते वाहन स्वामियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा तथा जगह जगह हुए जलभराव में नहाते नजर आए।



# मंदिर सय्यदबाड़ा कमेटी ने गर्मी में पिलाया शरबत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** बृहस्पतिवार को तपती गर्मी में मंदिर कमेटी ने एक सराहनीय कार्य किया। सय्यद बाड़ा क्षेत्र के पहाड़ी दरवाजा बाजार में मंदिर कमेटी ने राहगीरों के लिए शरबत की व्यवस्था की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। राहगीरों ने ठंडा पानी और शरबत का आनंद लिया। कई लोग रुककर छांव में विश्राम करते दिखे। मौहल्ला सय्यदबाड़ा स्थित पंजाबी महावीर मंदिर कमेटी के सौजन्य से बृहस्पतिवार की दोपहर साहूवान बाजार में कैंप लगाकर आने जाने वाले राहगीरों को ठंडा शरबत रूह अफजा पिलाया। राहगीरों को शरबत पिलाने में प्रबंधक गौरखनाथ खन्ना, राजकुमार सेठी उपप्रबंधक, तिलकराज, चरणजीत सचदेवा, इशांत सेठी, मनीष सेठी, अभिषेक सेठी, विकास जोशी, राजा बाबू, वंश सचदेवा, सरदार हरमीत मल्होत्रा, राजन सैनी, राजकुमार, राधिका आदि लोगों का योगदान रहा। समाज के हर वर्ग ने इस सेवा कार्य की सराहना की।

# गन्ना सर्वे टीम के कार्य का निरीक्षण

## फसल में रोगों की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** चीनी मिल बिंदल पेपर्स चांगीपुर सोसाइटी चांदपुर के ग्राम सिकंदरपुर व शिवाला कला में गन्ना सर्वे टीम द्वारा किए जा रहे गन्ना सर्वे का गन्ना परिषद अधिकारियों की टीम ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सर्वे टीम मौके पर किसानों को सर्व स्लिप देते हुए मिलने पर हर्ष जताते हुए सर्वे टीम की पीठ थपथपाई। सर्वे टीम द्वारा सुबह सर्वे किया गया परंतु इसी बीच बारिश आने के कारण सर्वे कार्य 2 घंटे बाधित रहा, जिसे कुछ समय पश्चात मौसम ठीक होने पर सर्वे कार्य पुनः प्रारम्भ कराया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गन्ना फसल में रोग, कीट का अपतन नगन्य पाया। गन्ना प्रजाति सीओ 0238 की पेड़ी फसल में रेड रॉट के प्रारंभिक लक्षण दिखाई पड़ रहे हैं, जिसे विभाग और चीनी मिल के सहयोग से रोगिग कर प्रभावित गन्ने को समाप्त किया जाने हेतु कार्य प्रारम्भ किया। बिन्दल पेपर्स एंड डिस्टलरी यूनिट शुगर मिल चांगीपुर द्वारा ब्लीचिंग पावर प्रभावित एरिया में डालने के लिये दिया जा रहा है। साथ ही अडोदीजो और त्रिकोडेर्मा डरेंचिंग हेतु कृषकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। चीनी मिल चांगीपुर उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार मलिक एवं मुख्य गन्ना प्रबंधक इंद्रवीर सिंह ने बताया कि मिल द्वारा किसानों को ब्लीचिंग पाउडर फ्री ऑफ कॉस्ट, त्रिकोडेर्मा 50 प्रतिशत छूट पर, आदेजिदो 150 मिली लीटर /320 बॉटल उपलब्ध कराई जा रही है। सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने बताया कि इसी के साथ-साथ ही (छूट पर) टॉप बोरर के लिये समिति स्तर पर कृषकों के लिये सीमो कीटनाशक उपलब्ध है। चीनी मिल द्वारा नेट जेन का डरेंचिंग हेतु उपलब्ध है। मिल अधिकारियों एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक लगातार सर्वे निरीक्षण टीम के साथ किसानों के खेत खेत पहुंच रहे हैं और किसानों के साथ अपनी बात साझा कर रहे हैं।



# कपड़े ड्राई क्लीन कराने निकली किशोरी लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नींदड़ू खास में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक किशोरी घर से कपड़े ड्राई क्लीन कराने के लिए निकली और वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी तलाश के बाद पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला निवासी गजनफर अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी 10 जून को घर से यह कहकर निकली थी कि वह कपड़े ड्राई क्लीन कराने जा रही है। लेकिन काफी देर बीत जाने के बाद भी वह घर नहीं लौटी।

परिजनों ने रिश्तेदारों और आस-पास के इलाकों में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। बेटी का मोबाइल फोन घर पर ही मिला, जिसमें सिम कार्ड नहीं था,

## परिजनों ने जताई बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका

लेकिन डायल कॉल हिस्ट्री में दो नंबर पर बातचीत हुई थी। इन नंबरों पर संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन एक नंबर पहले घंटी जाने के बाद बंद हो गया और दूसरा लगातार बंद आ रहा है। पुलिस को दी तहरीर में आशंका जताई है कि उसकी बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित ने दोनों मोबाइल नंबरों की जांच कराते हुए अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लड़की की तलाश की मांग की है।

कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कांवड़ यात्रा की तैयारियां शुरू

## सीओ ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। पुलिस का मुख्य उद्देश्य यात्रा के दौरान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ मार्गों व नगर में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी द्वारा बृहस्पतिवार को व्यापक पैदल गश्त एवं सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर सीओ नगीना के नेतृत्व में नगर के पश्चिमी क्षेत्र में चित्तौड़गढ़ चौकी से अकबराबाद चौक आदि क्षेत्रों में यह अभियान प्रभावी ढंग से संचालित किया गया।

क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में क्षेत्राधिकारी व चौकी प्रभारियों गजेंद्र उज्जवल, सोहन सिंह पुंढीर आदि के साथ पुलिस बल ने पैदल भ्रमण करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहनता से जांच की। इस दौरान आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया और उन्हें कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील भी की गई। सावन के महीने में होने वाली कांवड़ यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए नगीना पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। पुलिस ने हाईवे से गुजरने वाले वाहनों में रिफ्लेक्टर लगवाए हैं। उन्होंने क्षमता से अधिक सवारी ढोने वाले वाहन चालकों को रोका। ऐसे वाहनों में रिफ्लेक्टर लगवाए और चालकों को ओवरलोडिंग न करने की हिदायत दी। पुलिस प्रशासन ने रात्रि में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह कदम उठाया है। चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।





# लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मोहल्ला अफगानान में दुकानदारी को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने दुकानदार और उसके भतीजे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों ने लोहे की रॉड से वार कर दुकानदार को घायल कर दिया और दुकान व मोहल्ला छोड़ने की धमकी भी दी।

फिरोज आलम निवासी नगीना चौक धामपुर ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह 9 जून को अपनी इलैक्ट्रॉनिक की दुकान पर बैठा था, तभी पास की दुकान के आतिफ शम्सी, औसामा, जमशेद और आफताब ग्राहक को अपनी दुकान की ओर बुलाने लगे। जब फिरोज ने

## दुकानदारी को लेकर कहासुनी में बढ़ा विवाद

इसका विरोध किया, तो चारों आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया।

फिरोज का भतीजा फराज आलम जब उसे बचाने पहुंचा, तो आरोपियों ने उस पर भी हमला कर दिया, जिससे उसे भी गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी लगातार दुकान और मोहल्ला छोड़ने की धमकी देते आ रहे हैं। फिरोज ने कोतवाली धामपुर में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## एक नजर

### झंडा चौक शिव मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा



**झालू।** नगर के झंडा चौक स्थित शिव मंदिर परिसर में एक दिवसीय अनुष्ठान के साथ शिला के रूप में न्याय के देवता शनि देव की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व श्री शनि शिला का जलाधिवास व अन्नाधिवास कराया गया एवं 108 सामग्री ले करके गंगा जल व पंचामृत से शिला का स्नान कराया गया। एड. शिवम अग्रवाल के सहयोग से मुख्य यजमान राजीव अग्रवाल व उनकी पत्नी सूची अग्रवाल की देखरेख में पंडित नितिन शर्मा के द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। पूजा-अर्चना के बाद हवन किया गया। हवन के तत्पश्चात भगवान श्री शनि शिला जी को उनके स्थान पर विराजमान किया गया। इसके बाद शनि शिला की आरती करके उड़द, चावल व हलवे का भोग लगाया और फिर भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर भाजपा झालू मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता, मंदिर कमेटी के संरक्षक अशोक अग्रवाल, अध्यक्ष नितिन शर्मा, महामंत्री अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, अंकित शर्मा, अभिषेक अग्रवाल एड., अवधेश, गौरव, मधुर, प्रांजल, हिमांशु, अनमोल, हितेश, विजय अग्रवाल उर्फ डैनी, निशांत गर्ग, गौरव शर्मा उर्फ रावण, लव, महिलाओं में वंदना अग्रवाल, ज्योति गुप्ता, लवी, प्रियांशी, कृतिका, पुष्पा, छवि, पूनम, बबिता आदि मौजूद रहे।

### आईटीआई चलो अभियान का प्रचार प्रसार जारी



**बिजनौर।** जनपद बिजनौर में संचालित 05 राजकीय एवं 21 निजी आईटीआई में अगस्त 2025 से प्रारंभ होने जा रहे प्रशिक्षण सत्र में विभिन्न ट्रेड के लिए प्रवेश आवेदन पत्र पर www.scvtup.in पर ऑनलाइन किए जा रहे हैं जिसकी अंतिम तिथि 22 जून 2025 रात्रि 12:00 बजे तक निर्धारित है। इसकी विस्तृत जानकारी राजकीय आईटीआई बिजनौर के प्रधान सहायक राकेश शर्मा द्वारा कुणाल रस्तोगी, आईएएस, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बिजनौर को देते हुए बताया कि वर्तमान समय में आईटीआई रोजगार उपलब्ध कराने वाला सबसे सस्ता प्रशिक्षण है, जिसमें आठवी एवं दसवीं पास अभ्यर्थी मेरिट के आधार पर प्रवेश ले सकते हैं तथा प्रवेश के उपरांत सामान्य एवं पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों को मात्र 40 रूपए प्रति माह शुल्क देना होता है तथा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। आईटीआई प्रशिक्षण के उपरांत अभ्यर्थी सरकारी एवं प्राइवेट सेक्टर में नौकरी प्राप्त कर सकता है। इसके लिए आईटीआई में ही समय-समय पर रोजगार एवं अप्रेंटिस मेलों का आयोजन किया जाता है।

### शोकसभा का आयोजन

**चांदपुर।** सीनियर बार एसोसिएशन तहसील चांदपुर की एक शोक सभा संगठन कार्यालय पर हुई, जिसमें राजपाल सिंह सैनी एडवोकेट के आकस्मिक निधन एवं गुजरात के अहमदाबाद में हुई प्लेन दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष सतीश चंद्र त्यागी एडवोकेट ने की जबकि संचालन महेंद्र पाल सिंह तोमर एडवोकेट सचिव ने किया। शोकसभा में सीनियर बार एसोसिएशन के तहसील चांदपुर के समस्त पदाधिकारी एवं सम्मानित सदस्य का उपस्थित रहे।

# चेयरमैन ने लिया जलभराव की स्थिति का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुक्रवार को नगर क्षेत्र धामपुर में हुई अत्यधिक तेज बारिश के कारण कई क्षेत्रों में अस्थायी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। जल निकासी की समस्या को देखते हुए नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार ने स्वयं प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने नगर के विभिन्न मोहल्लों में नाला-नालियों की सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। जहां कहीं भी नालियों में गंदगी, कूड़ा-करकट अथवा जलजमाव पाया गया, वहां तत्काल प्रभाव से सफाई कराए जाने के निर्देश सफाई नायकों को दिए गए। इस दौरान उन्होंने स्थाई शेल्टर होम का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के समय सफाई प्रभारी विकास गुप्ता एवं सफाई लिपिक नितिन अग्रवाल भी मौजूद रहे।

नगरवासियों ने पालिका अध्यक्ष की सक्रियता और तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यशैली जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी का सच्चा उदाहरण है।



# आकाशीय बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

## विद्युत आपूर्ति बाधित होने से भारी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर विद्युत उपकेंद्र पर उस समय अफरा तफरी मच गई, जब तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 10 एमवीए क्षमता का मुख्य ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रांसफार्मर डैमेज होने के कारण टाउन फीडर नंबर-1, कालागढ़ रोड और दुर्गा विहार फीडर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई है।

विद्युत विभाग के अनुसार ट्रांसफार्मर पर गिरी आकाशीय बिजली से गंभीर तकनीकी खराबी आ गई है, जिसे ठीक करने में करीब तीन से चार घंटे का समय लग गया। सूचना मिलने पर विद्युत कर्मी ट्रांसफार्मर को ठीक करने में लग गए, लेकिन फिलहाल इन इलाकों में कई घंटे बिजली पूरी तरह गुल रही।

बिजली गुल होने के कारण क्षेत्र के निवासियों को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कालागढ़ रोड, दुर्गा विहार, रेलवे स्टेशन रोड आदि इलाकों के लोगों ने बताया कि न तो पंखे चल पा रहे हैं, न ही पानी की सप्लाई ठीक से हो पा रही है। व्यापारी वर्ग भी बिजली ठप होने से परेशान है। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे धैर्य रखें, टीम जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल करने के लिए काम कर रही है।



# 10 लोगों पर 17/16 की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम बेगराजपुर में हुए सांप्रदायिक विवाद में पुलिस ने शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए एक पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके दो युवकों का शांति भंग में चालान कर दिया। इसी क्रम में दोनों पक्षों के एक महिला सहित 10 लोगों को एक साथ 17/16 की कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव बेगराजपुर में बुधवार की सुबह करीब 10:00 बजे दलित समाज का एक युवक मोटरसाइकिल से घर वापस जा रहा था। आरोप है कि जब वह गांव की मस्जिद के बाहर के रास्ते से निकल कर घर जा रहा था। इसी दौरान दूसरे समुदाय के एक युवक ने अन्य दो युवकों के साथ उसे रोक लिया तथा उसके साथ गाली गलौज करके मारपीट शुरू कर दी थी। उसे जान से मारने का प्रयास किया किसी तरह से वह उनके चंगुल से निकल कर घर की तरफ को भागा। आरोपी लाठी डंडे लेकर उसके घर के सामने गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी देते हुए तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर फरार हो गए थे। इस मामले में गांव निवासी खेमचंद पुत्र तुलसी ने गांव निवासी अजीमुद्दीन पुत्र ना मालूम, जीशान, फरमान, गुलफाम पुत्र वहाजुद्दीन, आमिर पुत्र इरफान के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था। इस मामले में जीशान व अजीमुद्दीन का शांति भंग में चालान कर दिया था। गांव में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए थाना अध्यक्ष ने धीरज नगर ने बताया कि एक पक्ष की ओर से ऋतिक पुत्र खेमचंद, खेमचंद पुत्र तुलसी, श्रीमती किरण पत्नी खेमचंद, अनुज पुत्र ना मालूम दूसरे पक्ष की ओर से अजीमुद्दीन, अरमान, बिलाल, फैजान, गुलफाम, वहाजुद्दीन 10 लोगों के खिलाफ 17/16 की कार्रवाई की गई है। गांव में पुलिस फोर्स तैनात है। किसी भी कीमत पर शांति भंग नहीं होने दी जाएगी।

# मंडी समिति कार्यालय में लिपिक की मनमानी

## कार्यशैली बनी असहनीय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर की कृषि उत्पादन मंडी समिति कार्यालय में तैनात लिपिक अभिनव गौड़ की गैरहाजिरी और मनमानी कार्यशैली से व्यापारी, कर्मचारी और आम जनता सभी परेशान हैं। बताया जा रहा है कि लिपिक अभिनव गौड़ पिछले चार वर्षों से किरतपुर मंडी समिति में तैनात हैं, लेकिन उनका कार्यालय में उपस्थित रहना अब महज एक औपचारिकता बनकर रह गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर की कृषि उत्पादन मंडी समिति के लिपिक अभिनव गौड़ कार्यालय समय से नहीं पहुंचते है। सरकारी नियमों के अनुसार कार्यालय का समय सुबह 9:00 बजे से शुरू होता है जबकि लिपिक महोदय अक्सर दोपहर 12:00 बजे तक भी कार्यालय नहीं पहुंचते है। यह स्थिति कोई एक दिन की नहीं बल्कि लगातार बनी हुई है। उनके इस लापरवाह और गैरजिम्मेदाराना रवैये से मंडी में आने वाले व्यापारी किसान परेशान है।

जब कोई उनसे समय पर आने या अनुपस्थिति की शिकायत करता है, तो वह सत्ता पक्ष से अपने संबंधों की धौंस जमाकर उल्टा सीधा जवाब देते हैं। उनका यह रवैया न केवल प्रशासनिक अनुशासन का उल्लंघन करता है बल्कि सरकारी सेवा की गरिमा के भी खिलाफ है। मंडी समिति में कार्यरत अन्य कर्मचारियों और किरायेदारों के साथ भी उनका व्यवहार अभद्र और निंदनीय बताया जा रहा है।

क्षेत्र के कई व्यापारियों, किसानों और स्थानीय नागरिकों ने लिपिक अभिनव गौड़ की कार्यशैली और कार्यालय में उनकी अनुपस्थिति को लेकर उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपा है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि लिपिक द्वारा सरकारी नियमों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं।

सूत्रों के अनुसार, संबंधित अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्यवाही का आश्वा. सन दिया है। अब देखना यह होगा कि लिपिक अभिनव गौड़ के खिलाफ कब तक प्रशासन सख्त रुख अपनाता है, या यह मनमानी यूँ ही जारी रहेगी।



# भाजपा नेता के तेल कारखाने समेत तीन जगह खाद्य सुरक्षा टीम ने लिए नमूने

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भाजपा नेता की मुश्किलें कम नहीं हो रही है। विभिन्न कार्यवहियों के बाद अब खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने तेल कारखाने पर छापा मारकर नमूने लिए हें जिन्हे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जायेगा।

भाजपा के फायर ब्रांड नेता के भाई पर कई बड़ी कार्यवाही हो चुकी है। पुलिस और प्रशासन की और से की जा रही कार्यवाही के बाद अब खाद्य सुरक्षा विभाग की और से भी भाजपा नेता की सौंधन मौहम्मदपुर स्थित सरसों के तेल के कारखाने पर छापा मार कार्यवाही की। खाद्य सुरक्षा चीफ के नेतृत्व में मारे गए छापे में टीम ने सरसों के तेल के नमूने एकत्र किए। छापामार कार्यवाही से हड़कमप मच गया। हालांकि टीम ने रजपुरा और बहजोई में भी प्रतिष्ठान पर छापा मारकर नमूने लिए हैं लेकिन भाजपा नेता के सरसों के तेल के कारखाने पर की गइ छापा मारकर तेल के नमूने एकत्र करना काफी चर्चाओं में है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन के चीफ राहुल सिंह ने बताया कि बहजोई, रजपुरा और सौंधन में तेल चल रहे तेल के कारखाने में मिलावटी तेल होने की शिकायत की गयी थी। शिकायत पर ही छापा मार कार्यवही कर नमूने लिए गए है। एकत्र किए गए नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जायेगा। नमूने फेल होने पर अग्रिम कार्यवही की जायेगी।

राष्ट्रपति के नाम उपजिलाधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन

# आजाद अधिकार सेना ने कुम्भ में मृतकों की संख्या पर उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** आजाद अधिकार सेना ने कार्यकर्ताओं ने कुंभ मेले के को लेकर बीबीसी रिपोर्ट पर विरोध प्रदर्शन किया और समुचित कार्यवाही के लिए राष्ट्रपति के नाम प्रत्यावेदन सौंपा।

जिलाध्यक्ष नज़ारूल इस्लाम के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को सौंपे गए प्रत्यावेदन में कहा कि बीबीसी ने कुंभ मेले में मौत के संबंध में प्रस्तुत रिपोर्ट में कम से कम 82 मौतों की बात कही गयी है। रिपोर्ट के अनुसार इनमें 36 लोगों को 25-25 लाख रुपए दिए गए जबकि 26 लोगों को राज्य सरकार के अधिकारियों ने गैर कानूनी ढंग से बिना लिखा पढ़ी के पांच पांच लाख का मुआवजा दिया। रिपोर्ट के अनुसार 19 लोगों को अब तक कोई मुआवजा नहीं मिला है। इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक लीगल नोटिस प्रेषित कर

### 36 को 25-25 लाख, 26 को गैर कानूनी बिना लिखा पढ़ी के पांच-पांच लाख मुआवजा देने का आरोप

अविलंब कार्यवाही की मांग की है। इसी मामले को लेकर आजाद अधिकार सेना ने राष्ट्रपति को प्रत्यावेदन प्रस्तुत करते रिपोर्ट के सही पाए जाने पर दोषी अधिकारियों को निलंबित करते हुए उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के साथ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। साथ ही रिपोर्ट के फर्जी पाए जाने पर बीबीसी के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की गई। इस दौरान खिजर गौस, जरीफ मिर्जा, डा. शाहनवाज चोहान, रागिब अली, फैजान खान, कौशन पाल सिंह, उसमान खान मिन्टु आदि लोग उपस्थित रहे।



सम्भल-कुम्भ में मृतकों की संख्या पर सवाल उठाकर राष्ट्रपति के नाम प्रत्यावेदन देते आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ता

# बिगड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की मुख्यमंत्री से शिकायत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सामाजिक कार्यकर्ता ने स्वास्थ्य सेवाओं की बिगड़ी हालत पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है।

### स्वास्थ्य सेवाएं खुद बीमार होने के आरोप लगाकी जताई चिंता

आरटीआई व सामाजिक कार्यकर्ता सैय्यद गुलजार अहमद हाशमी ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर कहा है कि जिले में हाल ही में की गई झोलाछाप डाक्टरों और अवैध निजी क्लीनिकों के खिलाफ कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य सेवाओं पर संकट गहरा गया है। शिकायत में जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को खुद बीमार अवस्था में होने और स्वास्थ्य केंद्रों का हाल डाक्टरों की संख्या बेहद सीमित, ओपीडी में मरीजों की भीड़ बेकाबू। आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध नहीं, होने और मरीजों को निजी दुकानों से महंगे दामों पर दवा खरीदने तथा अस्पताल परिसर में गंदगी, जलभराव, शौचालय की दुर्गंध स्वच्छ भारत की उड़ती धज्जियाँ। एम्बुलेंस सेवाएं अनियमित, आपात स्थिति में मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाने की शिकायत की है। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डाक्टरों, फार्मासिस्ट और नर्सिंग स्टाफ की तत्काल नियुक्ति करने की मांग की है।

मामला पहले से उच्च न्यायालय लखनऊ में है विचाराधीन

# सिरसी में शिया वक्फ बोर्ड ने हसन को दी मुतावल्ली की कमान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सिरसी में शिया वक्फ मुतवल्ली को लेकर शह और मात का खेल जारी है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने सात माह पूर्व नियुक्त किए गए मुतवल्ली को तौलियत प्रमाण पत्र जारी किया है। जबकि मामला पहले से ही लखनऊ उच्च न्यायालय में लम्बित होने के बाद वक्फ बोर्ड की और से जारी किए गए तौलियत प्रमाण पत्र को लेकर ऊहा-पौह की स्थिति बन गई है। साथ ही तौलियत प्रमाण पत्र में प्रबंधक मुतावल्ली लिखे को काटकर तौलियत प्रमाण पत्र जारी करने से अनसुलझे सवाल खड़े हो गए हैं।

सिरसी में वक्फ मुतवल्ली को लेकर विवाद कोई नया नहीं है। पूर्व में मुतवल्ली पद पर आसीन होने के लिए एक दूसरे को मात देने का खेल खेला जा चुका है। जबकि विगत 4 नवम्बर 2024 को शिया वक्फ बोर्ड की और से हसन अली (सीरत) पुत्र उरूज आलम को मुतवल्ली नियुक्त किया गया था। जिसे लेकर मुतवल्ली हसन आरिफ की और से उस आदेश के

### तौलियत प्रमाण पत्र के क्रम संख्या चार में मुतावल्ली प्रबंधक को कटा

विरूद्ध उच्च न्यायालय लखनऊ में याचिका दायर कर दी थी। जिसे सुनवायी के लिए स्वीकार कर लिया गया था और उसमें आगामी माह जुलाई की तिथि नियत है। बताते हैं विगत वर्ष मुख्य कार्यपालक अधिकारी की नियुक्ति न होने से तौलियत प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया था। जबकि वर्तमान में मुख्य कार्यपालक अधिकारी की नियुक्ति होने के करीब सात माह बाद शिया जामा मस्जिद, इमाम बारगाह गरबी और जियारत हजरत शाह मखदूम जमाल के मुतवल्ली (प्रबंधक) हसन अली (सीरत) पुत्र मोहम्मद उरूज आलम निवासी मोहल्ला चौधरियान सिरसी के नाम जारी किया गया है। लेकिन तौलियत प्रमाण पत्र के क्रम संख्या 4 पर नाम मुतावल्ली तो लिखा रहने दिया गया है,जबकि मुतावल्ली प्रबंधक को काट दिया गया है। अब यह किसलिए काटे गए हैं यह समझ से परे है। बहरहाल शिया वक्फ बोर्ड के तौलियत प्रमाण पत्र जारी होने से मुतावल्ली हसन अली (सीरत) होंगे,लेकिन मामला उच्च न्यायालय लखनऊ में लम्तिब होने और सुनवायी की तिथि नियत होने के बाद तौलियत प्रमाण पत्र जारी करना उचित है या अनुचित उच्च न्यायालय में सुनवायी होने और अगला आदेश आने के बाद ही स्थिति साफ होना माना जा रहा है।

महिलाओं ने दारोगा पर धमकाने का लगाया आरोप, दोनों पक्ष अलग-अलग सम्प्रदाय से

# पानी के विवाद में दो पक्षों में भिड़ंत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** खेत पर पानी लगाने को दो सम्प्रदाय के लोगां में विवाद हो गया। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में ले लिया।

हयात नगर कोतवाली क्षेत्र की उप नगरी मसरायतरीन चोकी के मौहल्ला उष्मां सराय निवासी किसान त्रिलोक पुत्र महेश सैनी का आरोप है कि वह अपने खेत पर फसल की सिंचाई को टयूबवैल से पानी लगा रहा था। इस दौरान बाबू पुत्र रिजवान और उसके परिवार के लोग नहाने गए। किसान के विरोध पर आरोपियों ने उस पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपी चाकू और कुल्हाड़ी लेकर आए। विवाद में तीन घायल हो गए। पीड़ित पक्ष की महिलाओं ने दारोगा पर धमकाने का आरोप लगाया। महिला भंतानी का आरोप है कि पुलिस मौके पर आई,लकिन दारोगा ने उन्हे धमकाया।एक अन्य महिला ने भी अपने पोते पर हमला किया। जब उन्होने ईंट उठायी तो आरोपी वहां से भाग गए। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष की और से चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## भयंकर गर्मी तोड़ रही अपने सभी रिकार्ड

**सम्भल।** भयंकर बनती जा रही गर्मी अपने सभी रिकार्डों को तोड़ती जा रही है। भीषण गर्मी में लोग बुरी तरह बेहाल होने लगे हैं,लेकिन गर्मी का पारा रोज़ाना चढ़ता जा रहा है। लगातार पड़ रही भयंकर गर्मी से निजात पाने को लोग आसमान की तरफ टकटकी लगाये देख रहे लोगों को दोपहर तक भारी तपिश झेलनी पड़ी।

# शिविर में सीखें योग से कैसे रहें निरोग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारत विकास परिषद संभल कल्कि शाखा के तत्वावधान में 10 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया। शिविर में नियमित आकर स्वास्थ्य लाभ उठाने का आहवान किया गया।

मौहल्ला ठेर स्थित आर्य समाज स्कूल में आयोजित शिविर का शुभारंभ अध्यक्ष प्राची गुप्ता सचिव मुदिता गुप्ता योग शिक्षक संजय देवल अमित गुप्ता आदि के द्वारा भारत माता एवं विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। योग शिक्षक कुलदीप एरन एवं संजय देवल द्वारा सभी को योग कराया एवं योग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नियमित योग करने से शरीर निरोगी एवं स्वस्थ रहता है। अध्यक्ष प्राची गुप्ता ने बताया कि योग दिवस 21 जून तक नियमित योग की कक्षा चलेंगी। जिसमें बताया जाएगा की योग के द्वारा कैसे सभी लोग स्वस्थ एवं निरोगी रह सकते हैं एवं योग सिखाया जाएगा। उन्होने सभी सदस्यों से नियमित आकर स्वास्थ्य लाभ उठाने पर ज़ोर दिया। अंत में अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के लिए संवेदनाएं व्यक्त की गई एवं 2 मिनट का मौन रखा और उनकी आत्मा की शाँति के लिए प्रार्थना की गई। शिविर में मंजू रस्तोगी, अजय रस्तोगी, प्राची गुप्ता, अमित गुप्ता, संजय देवल, मुदिता गुप्ता, कुलदीप एरन, मनोज अग्रवाल, स्मिता गुप्ता किरण भाटी, सचिन गुप्ता, मधु गुप्ता, रितु रस्तोगी, बीनू अग्रवाल आदि का योगदान रहा।



सम्भल-आर्य समाज स्कूल में दस दिवसीय योग शिविर के पहले दिन योगाभ्यास करते।

## शरबत के स्टाल कर रहे गला तर

**सम्भल।** भयंकर गर्मी से किसी भी तरह निजात नहीं मिल पा रही है। ज़रूरत के लिए घर से बाहर निकलना लोगों के लिए दूभर हो जाता है। बारिश के भी आसार दूर-दूर तक नज़र नहीं आ रहे है। लोग बुरी तरह बेहाल हैं और बारिश के लिए जगह जगह दुआओं का सिलसिला भी तेज़ हो गया है।

## बाहर बारिश शहरी तरसे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भयंकर गर्मी से निजात पाने को लोग बारिश की दुआयें कर रहे हैं। शुक्रवार को वाजिदपुरम से कुछ दूर तक बारिश हुई लेकिन शहर में बूंद तक नहीं पड़ी।

# पूर्व मंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने अपने आवास पर पुलिस भर्ती व पूर्व में हुई अध्यापक भर्ती में चयनित 42 अभ्यर्थियों का स्वागत पटका पहनाकर व चित्र देकर सम्मानित किया एवं सभी को उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। इस दौरान उन्होने कहा कि हमारे क्षेत्र के युवाओं ने मेहनत कर नौकरी का अवसर पाया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को अपनी तरफ से बहुत बहुत बधाई देता हूँ कि पुलिस भर्ती में बिना भेदभाव व भ्रष्टाचार के भर्ती पूर्ण कराई। सरकार प्रदेश में सभी को समान अवसर प्रदान कर रही है। सभी को योजनाओं को लाभ मिल रहा है। प्रदेश तीव्रगति से विकास की ओर अग्रसर है। इस दौरान बीरेश यादव, हरेन्द्र सिंह, राजीव शर्मा, सुरेश यादव आदि मौजूद रहे।

# संतुष्ट असंतुष्ट संदंभों पर चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** आईजीआरएस संदर्भों की समीक्षा बैठक में असंतुष्ट संदर्भ एवं सी श्रेणी संदर्भ वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डिफाल्टर मामलों की जानकारी ली गई। जबकि संतोषजनक तथा असंतोषजनक फीडबैक पर चर्चा कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। हेल्पलाइन में भी संतुष्ट तथा असंतुष्ट फीडबैक पर चर्चा कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और संदर्भों पर ध्यान देने के लिए निर्देश दिए तथा स्पेशल क्लोज पर भी चर्चा की। असंतुष्ट फीडबैक को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का समाधान सही से करना सुनिश्चित करें।

# गर्मी व लू से बचाव करना ज़रूरी

शाह टाइम्स,बबराला

**सम्भल।** नगर क्षेत्र में गर्मी व लू के कारण लोग मुँह ढककर निकल रहे हैं। तापमान में बढ़ोतरी से गर्मी चरम पर है। तेज गर्मी व लू से अपना बचाव करना जरूरी है। लू के कारण शरीर की कार्यप्रणाली प्रभावित होती है। जिससे तबियत खराब हो जाती है। थोड़ी सी सावधानी अपनाकर इससे बचा जा सकता है। खूब पानी पिए ,पसीना सोकने वाले पतले व हल्के रंग के वस्त्र पहने, गहरे रंग के भारी तथा तंग कपड़े न पहने। गर्मी में जाएं तो चश्मा छाते केप व चप्पल का प्रयोग करे। खुले में कार्य करते हैं तो सिर,चेहरा, हाथ, पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें और संभव हो तो छाते का प्रयोग करें। यात्रा करते समय अपने साथ पर्याप्त पीने का स्वच्छ पेयजल रखें।

### बीमारी का अनुभव होते ही चिकित्सक को अवश्य दिखाएं

**सम्भल।** महिला चिकित्सालय के डा. विनय गंगवार ने बताया कि ओआरएस या घर में बने हुए पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी माड़,नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें ताकि शरीर में पानी की कमी न रहे। लू,घमौरियां ,हीटक्रैंप, मरोड़ के लक्षण से शरीर में कमजोरी, चक्कर आना, सिर में तेज दर्द उकाई ,पसीना आना और मूर्छा बेहोशी होना प्रमुख आदि बीमारी का अनुभव करते हैं तो तुरंत चिकित्सक को दिखाकर इलाज कराएं।

### यह सावधानियां रखना ज़रूरी

**सम्भल।** घरेलू पालतू जानवरों को छायादार स्थानों पर रखे। उन्हें पर्याप्त मात्र में पीने को पानी दे। बच्चों व पालतू जानवरों को खड़ी गाड़ियों में न छोड़े। सुबह-शाम दरवाजे खिड़कियां खुला रखे हैं। ताकि कमरे ठंडे रहें। श्रमसाध्य कार्यों को ठंडे समय में करने कराने का प्रयास करें। कार्यस्थल पर पीने के पानी की व्यवस्था करें। कर्मियों को सीधे सूर्य की रोशनी से बचने हेतु सावधान करें। पंखे व गीले कपड़े का प्रयोग करें ।प्रतिदिन स्नान करें। गर्भवती महिलाएं ,छोटे शिशुओं, बड़ी उम्र के लोगों की विशेष देखभाल जरूरी है।

# एडीएम ने राशन कार्डों के सत्यापन कार्य को समीक्षा की

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** खाद्य सुरक्षा, रिक्त दुकान, खाद्य विपणन एवं मंडी की समीक्षा बैठक में राशन कार्डों के सत्यापन की जानकारी ली और विकासखंड वार चर्चा की गयी।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी ने राशन कार्डों के सत्यापन को लेकर की जा रही कार्रवाई की अपर जिलाधिकारी को जानकारी दी। एडीएम ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में राशन की रिक्त लंबित दुकानों को लेकर विकासखंड वार चर्चा की गयी। बैठक में मॉडल शॉप को लेकर भी निर्देशित किया। राशन उठान, परिवहन ठेकेदारों द्वारा संकरी गलियों में स्थित दुकानों तक राशन पहुंचाने की भी जानकारी ली। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कितनी दुकानों पर बड़ी गाडियां पहुंच सकती हैं तथा कितनी दुकानों पर छोटी गाडियां पहुँच सकती हैं तथा कितनी दुकानों पर बड़ी एवं छोटी गाड़ी नहीं पहुंच सकती हैं उनकी सूची शीघ्र उपलब्ध करायी जाए। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार तथा समस्त पूर्ति निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

# विमान हादसे की हो जल्द से जल्द जांच

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिला एवं शहर कांग्रेस की संयुक्त बैठक में अमहदाबाद में विमान हादसे में मारे गए यात्रियों को श्रृद्वांजलि दी और आत्मा की शाँति को मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की।

आलम सराय स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक में विमान हादसे में मारे गए यात्रियों की आत्मा की शाँति को दो मिनट का मौन धारण किया गया। शहराध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने विमान हादसे की उच्च स्तरीय जांच जल्द से जल्द कराने की मांग की। जबकि शोकाकुल परिजनों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की। इस मौ पर जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की, डा. मरगूब अहमद, फुरकान करैशी, सुभानी, मौअज्जम, मुशीर तरीन,जय प्रकाश सहगल, कौस्तुभ रस्तोगी, तहसीन मुल्ला जी, राहत जान खां, निसार हुसैन, नफीस, नईम खां, नफीस खां, कलीम, वासुदेव, शिशपाल जाटव, सोनू कुमार, सुनील कुमार, बब्बू खां, महतसब, दानिश, अंकुर कुमार आदि मौजूद रहे।

# विमान हादसे में मृतकों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** विमान हादसे को लेकर देश भर में श्रृद्वांजलि के साथ घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामनाएं की जा रही है। सपाइयों ने हृदय विदारक हादसे में मृतों को कैंडल जलाकर श्रृद्वांजलि दी।



समाजवादी पार्टी के जिला सचिव एवं समाजसेवी सईद अख्तर इसराइली के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओं ने हिलाली सराय मे एकत्र होकर अहमदाबाद मे हुए विमान हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया। मृतकों को कैंडल जलाकर श्रद्वांजलि अर्पित की। जबकि घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की दुआएं की। सईद अख्तर इसराइली ने कहा कि अहमदाबाद से विमान लंदन जा रहा था। जो लोग हादसे का शिकार हुए और दुनिया को अलविदा कह गये उनके परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूटा है। कुछ लोग तो कुछ मनाने के लिए आये थे। किसी को क्या पता था ऐसा हादसा होगा। पूरा देश परिवार वालों के साथ है। उन्होने कहा कि विमान हादसे ने देश भर के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। इस मौके मौ. जुहैब, मुस्लिम अंसारी, वसीम खां, शकील कुरैशी, मुनव्वर, इरशाद, सत्तार, अनवर सईद, रमीज राजा, आसिफ, फाजिल, वासिफ, मास्टर जुल्फेकार, डा. मुस्तफा, जैद आदि मौजूद रहे।

# बारिश में भी धरने पर डटे भाकियू कार्यकर्ता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन बी आर एस एस भारत राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा ब्लॉक परिसर असमोली में किसान पंचायत का आयोजन किया गया।

पंचायत की अध्यक्षता कमल सिंह एवं संचालन ब्लॉक अध्यक्ष शिव कुमार ने किया। जिला अध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाकर 5 लाख करते हुए सराहनीय कार्य किया है परंतु अधिकारियों की उदासीनता एवं मनमानी के चलते सभी बैंकों द्वारा इसे लागू नहीं किया गया है जो कि सरासर गलत है। जबकि किसान क्रेडिट कार्डों पर दूसरी बैंकों के मुकाबले अधिक ब्याज वसूली की जा रही है, जिससे किसान का आर्थिक शोषण हो रहा है। उस पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही केसीसी के नवीनीकरण की अवधि के बाद भी अतिरिक्त चार्ज लगाया जा रहा है। आधार कार्ड में संशोधन के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है जबकि आधार कार्ड एवं खतौनी में नाम अलग होने पर लाखों लोगों की फार्मर रजिस्ट्री फसी है। फार्म रजिस्ट्री में किसानों के सामने अनेक बाधाऐ उत्पन्न हुई है, वेबसाइट में होने वाली समस्याओं के कारण किसान अपनी जमीन का पंजीकरण नहीं करवा पाए। अतिरिक्त केंद्र खोलकर किसानों को सुविधा प्रदान की जाए। विद्युत विभाग में आधे से ज्यादा मीटर गलत बिल निकाल कर जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। जिनको तत्काल दुरुस्त कराया जाए। जल मिशन योजना में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिसकी जांच होनी चाहिए। जनपद में फैले भ्रष्टाचार के कारण किसानों की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण न होने एवं किसानों का शोषण होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि समय रहते किसानो की विभिन्न मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो बड़े पटल पर आंदोलन की तैयारी की जाएगी। जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी ने कहा कि सरकार आम जनहित में सराहनीय कार्य कर रही है , परंतु प्रशासनिक स्तर पर अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही के कारण आम जनमानस को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पात्रों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है जबकि अपात्र लाभ ले रहे हैं। जिससे आम जनमानस की स्थिति दयनीय है। कार्यकर्ताओं द्वारा किसानों के विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री को संबोधित 7 सूत्रीय मांग पत्र ब्लॉक असमोली के बड़े बाबू मिल्की कुमार सागर के माध्यम से सौंपा। इस मौके पर शिवनारायण सैनी, कमल सिंह, मेहदी हसन, मो. इकबाल,धरेन्द्र त्यागी, विनीत पाल, फरमान, ध्यान सिंह, मो. असलम, महेश सैनी, सूफियान, राजेन्द्र सिंह पाल, तौफीक अहमद आदि मौजूद रहे।



बबराला- विमान हादसे में मारे गए यात्रियों की आत्मा की शांति को गंगा में दीप प्रवाहित करते।

# आत्माओं की शांति को गंगा में दीप प्रवाहित

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** राजघाट के बबराला गंगाघाट पर मां गंगा जल कल्याण समिति द्वारा प्रतिदिन होने वाली आरती में पुरोहितों व लोगों ने अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति को 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रृद्वांजलि अर्पित की। गंगा में उनकी आत्मा की शांति के लिए दीप जलाकर प्रवाहित किये। पंडित सत्यम मिश्रा ने बताया कि अहमदाबाद में विमान हादसा होने से उसमें सवार यात्रियों की मौत हो गई। उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। गंगा आरती के बाद गंगा आरती में शामिल पुरोहित व श्रृद्वालुओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए गंगा में दीप जलाकर प्रवाहित किये। इस दौरान सत्यम मिश्रा पुष्पेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम विनय मिश्रा ने हटाया अतिक्रमण, चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शासन के आदेश पर अतिक्रमण हटया जा रहा है। लगातार 30-40 वर्षों में बहुत अतिक्रमण के कारण सड़कों की स्थिति खराब हो गयी थी। पैदल निकलना मुश्किल हो गया था। पिछले 4 दशकों में वाहनों की संख्या कई गुनी बढ़ी है। यह स्थिति इतनी विकराल है कि इसका समाधान होना आवश्यक पूरे प्रदेश से अतिक्रमण की शिकायत पहुंच रही थी, लोग अतिक्रमण अपना स्वयं नहीं हटाते समय-समय पर नगर पालिका अतिक्रमण हटाने का प्रयास करती है, परन्तु साधारण रूप से अतिक्रमण करने वाले लोग सामान नहीं हटाते रोजाना हजारों आदमी जाम में फंसकर पसीना होते हैं। फिलहाल 08 माह से उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा ने चन्दौसी का अपनी वास्तविक स्वरूप में लाने का प्रयास किया है। कहीं छोटा-मोटा विरोध तो कहीं प्रशंसा भी हुयी। प्रशंसा करने वालों का ग्राफ अधिक था, लेकिन महाकुंभ आने के बाद उन्हें अचानक प्रयागराज जाना पड़ा, जाने के बाद स्थानीय लोगों को उनकी कमी खली, लोग याद करते थे कि मिश्रा कब आयेंगे, वह अपने लिए सड़कों को चौड़ा करने नहीं आये, इसका प्रभाव तब पता चलेगा जब सड़के बनकर तैयार होंगी। चन्दौसी में अतिक्रमण हटाने के 200 बिन्दुओं में से कई ऐसे बिन्दुओं पर अपने विवेक से काम किया है। लोग जीवन में उन्हें याद रखेंगे सोचो अगले 4 दशकों में कितने लाख वाहन बहेंगे, सभल जनपद को पिछले 5 दशकों में कितनी जनसंख्या बढ़ी और अगले 5 दशकों में कृषि भूमि कम होगी, रियाशही इलाहा बढेगा, गंभीर विषय है कि किसी भी योजना से पूर्व उसके भविष्य को पहले ध्यान में रखा जाता है कि उस समय परिस्थितियां क्या होगी। लोग अतिक्रमण करेंगे सड़के छोटी होती चली जायेंगी, पार्किंग व्यवस्था ध्वस्त होगी। मिश्रा जी की भी यही सोच है कि वह आप लोगों व भविष्य के लिए चिन्तित है। इसमें उनका कोई स्वार्थ निहित नहीं है। सरकारी आदेश ही उसका पालन कर्तव्य परायक्ता के साथ भीषण गर्मी में समय देकर कर रहे हैं। चन्दौसी में तहसील चौराहा, बदायूं चुंगी, 35बी रेलवे फाटक, मालगा.दाम रोड, बहजोई आदि की स्थिति देख चुके हैं। आज उन रास्तों पर फुब्बारा चौक पर चौड़ी-चौड़ी सड़के दिखायी दे रही है। आज लोग उसी कार्य की सराहना कर रहे हैं। शक्ति नगर एक रोड थाा लोगों ने सड़कों पर दुकानें बना रखी थी। टूटने पर दुख हुआ, विरोध भी किया गया। आज सड़के चौड़ी दिखायी देने लगी है। वहीं सबसे अधिक समय अतिक्रमण हटाओ अभियान चन्दौसी में चला, बहजोई में अतिक्रमण हटाने पर व्यापारी असमंजस की स्थिति में आ गये, परन्तु एसडीएम तो सीधे अपने कर्म ही पूजा है पर विश्वास करने वाले, चाहें आंधी तूफान नहीं छोड़ते। बहजोई तो छोटा कस्बा है पर चन्दौसी अभी लक्ष्मन गंज 34 मकान जो नगर पालिका की भूमिका पर बने हैं उन्हें खाली कराना है। क्योंकि कुछ ऐसे प्लाटिंग करने वाले हैं जिन्होंने सरकारी जमीन बेचकर भोले-भाजे गरीब लोगों को प्लाट देकर ठगी की है। प्रशासन की नजर ऐसे लोगों पर कड़ी है। आरिखर उनका रूपया है, डूब गया है।

35बी फाटक पर मिश्रा जी के कारण 11 मीटर चौड़ी सड़क मिलना उनके बेहतर कार्य में आंका जा रहा है। मिश्रा जी आज या कल में चले जायेंगे पर उनके बेहिचक, निर्भीक कार्यशैली के उनके आलोचक भी याद करेंगे। मिश्रा जी ने अतिक्रमण हटाने में सक्रियता वन्दे मातरम ट्रेन बना रखी है। आजादी के बाद जिस तरह से सड़के चौड़ी हुयी है वह उपजिलाधिकारी पारदर्शिता, जबा. वदेही लोगों को उनके प्रश्नों के उत्तर देने के बाद सतुंष्ट करके किया है। चाहे उसके अपने ही क्यों न हो। 8 माह पूर्व सबसे पहले उप जिलाधिकारी आवास की दीवार स्वंय तुड़वा कर रास्ता चौड़ा कराया। ऐसे अधिकारी जिनमें बगैर थे कार्य करने शक्ति कुछ ही लोगों में होगी। वहीं उपजिलाधिकारी चन्दौसी विनय मिश्रा ने बहजोई मण्डी समिति में अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाते हुए कहा कि अपना अतिक्रमण स्वंय हटा लें अन्यथा की जायेगी कठोर कार्यवाही। हालांकि अतिक्रमण हटाओ अभियान रोकने के लिए व्यापारी कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। एसडीएम विनय मिश्रा ने विरोध पर पीएसी बुला ली और अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।





## एक नजर

### सड़कों पर दौड़ रहीं 145 अनफिट एंबुलेंस मरीजों के जीवन से कर रहीं खिलवाड़




**कांठ।** रोगी को आपात स्थिति में अस्पताल ले जाना होता है तो तुरंत एंबुलेंस को बुलाते हैं। लेकिन, मुरादाबाद में तो मरीजों को अस्पताल पहुंचाने वाली एंबुलेंस ही बीमार हैं। जिले में 145 अनफिट एंबुलेंस सड़कों पर दौड़ रही हैं। जिससे अनफिट और जर्जर एंबुलेंस दुर्घटना की आशंका बढ़ा रही हैं। किसी का इंजन सही नहीं है तो किसी का चेचिस खराब हैं। ऐसे में परिवहन विभाग और यातायात पुलिस भी उदासीनता दिखा रही है। परिवहन विभाग में मुरादाबाद में 273 एंबुलेंस पंजीकृत हैं। जिनमें से 145 एंबुलेंस परिवहन विभाग के दस्तावेजों में अनफिट हैं। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि एंबुलेंस में रोगियों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। किसी के पीछे रिफ्लेक्टर और लाइट दुरुस्त नहीं है तो कोई धुआं छोड़ रही है। एंबुलेंस पर विश्वास कर लोग मरीज को अस्पताल ले जाते हैं।ये एंबुलेंस गांव देहात से लेकर महानगर के भीड़ वाले इलाकों में भी दौड़ रही हैं। इसके अलावा स्कूली वाहनों से लेकर कमर्शियल वाहन तक बड़ी संख्या में अनफिट सड़कों पर दौड़ रहे हैं व्यावसायिक वाहनों के लिए आठ साल तक प्रत्येक दो वर्ष के लिए फिटनेस प्रमाण पत्र बनता हैआठ साल बाद अधिकतम 15 वर्ष तक प्रत्येक वर्ष फिटनेस करानी अनिवार्य है। गैर व्यावसायिक वाहनों का 15 साल के लिए एक बार ही फिटनेस प्रमाण पत्र बनता है। मई में परिवहन विभाग ने स्कूली वाहनों की फिटनेस नहीं कराने पर 120 से ज्यादा संचालकों को नोटिस जारी किया था। यहीं स्थिति कमर्शियल वाहनों की भी है। जिले में करीब 50 हजार कमर्शियल वाहन पंजीकृत हैं। जिनमें से ई-रिक्शा, कार, ट्रक, बस, स्कूली वाहन, टैंपो आदि शामिल हैं। इनमें से करीब सात हजार वाहन ऐसे हैं जो परिवहन विभाग के कागजों में अनफिट हैं। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि लोग वाहनों की फिटनेस को लेकर कितनी लापरवाही बरत रहे हैं। वहीं, विभाग भी इस ओर ज्यादा ध्यान नहीं दे रहा है।

### मुख्य मार्ग जलभराव से बना तालाब



**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद में शुक्रवार दोपहर से हुई एक घंटे की बूंदाबांदी ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी और मौसम खुशगवार कर दिया और इस मामूली बारिश से लोगों के चहरे खिले हुए नजर आए। तो वहीं दूसरी और रामपुर दोहराह से जामा मस्जिद मुरादाबाद को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग मामूली बरसात से ही जल भराव की समस्या से दो-चार हो गया। और सड़क पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई।

छोटे बड़े वाहन रुक रुक कर डूबते हुए चलते नजर आए। स्थिति यह थी कि, सड़क कई जगह जलभराव से तालाब जेसी नजर आई। एक तरफ तो उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार सूबे की सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने के बड़े बड़े दावे करती है तो वहीं नगर निगम व नगर पालिका व पीडब्ल्यूडी की टीमें सरकार के सारे दावों को झूठा साबित कराने की पूरी कौशिश कर रही हैं। और विकास कार्यों के नाम पर सरकार की आंखों में धुल झोंकने में लगीं है।

### खेल-खेल में हुई कहासुनी के बाद युवक को चाकू घोंपा, दो गिरफ्तार

**कांठ।** खेल-खेल में हुई कहासुनी के बाद एक युवक को चाकू घोंप दिया घायल के पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन युवको के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो को हिरासत में लिया है। घटना थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर की है बताया गया कि गांव के कुछ युवक ईदगाह पर खेल रहे थे जहां कुछ युवकों से उनकी कहा सुनी हो गई आरोप है कि युवकों ने उन्हें घर आकर उन्हें देख लेने की धमकी दी जब तक वह लड़के घर पहुंचे तब तक हमलावर ग्रुप उनके घर पहुंच गया आरोप है कि हमलावर युवकों ने घर के बाहर बैठे अयान से दानिश के बारे में जानकारी ली अयान के दानिश को पूछने का कारण कहने पर उन्होंने गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी। एजाज व सालिब ने अयान के हाथ पकड़ लिए तथा रिहान ने अपने पेंट से छुरा निकाल कर अयान को घोंप दिया अयान खून से लथ पथ बेहोश होकर गिर पड़ा हमलाबर छुरा लहराते हुए भाग गए लेकिन इनमें से दो युवकों को लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।पीड़ित घायल को लेकर कांठ पहुंचा जहां से उसे मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा गया बताया गया कि वहां से घायल को मुरादाबाद के लिए रेफर किया गया है पुलिस ने पकड़े गए रिहान और एजाज का चालान कर दिया सलिब की पुलिस तलाश कर रही है कुल मिलाकर इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है।



## विमान हादसे में मारे गए लोगों को मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सर्व समाज जागरूकता अभियान एवं महापुरुष स्मारक समिति के संयुक्त तत्वावधान में बड़ा महादेव स्थित प्रमोद कुमार गुप्ता (प्रबंधक मनोकामना इंटर कॉलेज) के आवास पर गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान हादसे में 266 लोगों की मौत हो गई, जिसमें 241 यात्री और 25 डॉक्टर मृतकों की आत्मा की शांति एवं उनके परिवार के धैर्य की कामना के लिए श्रद्धांजलि सभा हुई। घायलों के स्वास्थ्य के लिए कामना की गई और मोमबत्ती जलाकर दो मिनट रखकर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि अब तक के इतिहास में यह विमान हादसा सबसे बड़ा है जिसने कई परिवारों के परिजनों को मौत की गोद में सुला दिया। पूरा देश शोक में डूबा हुआ है। दो दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने आगे बताया कि गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहे। एयर इंडिया के विमान द्वारा उड़ान भरते ही भयावह हादसे से विमान क्रैश हो गया और बीजे मेडिकल कॉलेज के पांच मंजिला छात्रावास के आवासीय परिसर में घुस गया जहां डॉक्टर की मैस थी जिसमें दोपहर का भोजन प्रशिक्षु डॉक्टर कर रहे थे। टकराने के बाद विमान और छात्रावास के पांचवीं मंजिल में आग की लपटे उठने लगी। इस हादसे में अब तक 266 लोगों के मरने की पुष्टि अहमदाबाद प्रशासन ने की है। गंभीर अस्पतालों में एडमिट के बारे में कोई आंकड़ा नहीं आया है। इन 266 मृतकों में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी शामिल हैं। लेकिन तब भी हादसे का शिकार हो गया क्या वास्तव में विमान में खराबी हुई या फिर कोई साजिश थी अभी जांच जारी है बाद में ही पता चलेगा।हम सब आज शोक संतप्त हैं और मृतकों की आत्मा की शांति एवं उनके परिवार जन को धैर्य की कामना करते हुए। अध्यक्षता विनोद कुमार बिन्नी, संचालक प्रमोद कुमार ने किया। इस दौरान देवेन्द्र प्रसाद शर्मा, विनोद कुमार रस्तोगी, बालकृष्ण गुप्ता (एडवोकेट), आयुषी रस्तोगी, प्रमिला देवी, सरोज देवी, प्रियंका गुप्ता, विजय कुमार, मनोज कुमार, मोहित टंडन, सांची गुप्ता, माधव गुप्ता, केशव गुप्ता, आर्यन गुप्ता, बंटी गुप्ता ने विचार व्यक्त करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की।



## व्यापार मंडल ने विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि, दो मिनट का रख मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के कैथल गेट स्थित कैम्प कार्यालय पर अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों व सदस्यों ने 12 जून गुरूवार को अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर विमान हादसे के दौरान मृतकों भावभीनी श्रद्धांजलि दी और घायलों के स्वास्थ्य के लिए कामना की गई। व्यापारी नेता अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि ये घटना पूरे भारत वर्ष में हृदय विदारक है। इस दुखद हादसे में हताहत हुए लोगो के स्वजन के प्रति पूरे देश की विनम्र संवेदना है। व्यापार मंडल ने मांग की कि हादसे में जिन लोगो की जान गई है, उनके परिवार के लिए केंद्र सरकार एक सरकारी नौकरी और घायल डॉक्टरों के सम्पूर्ण इलाज कराए।

भाजपा नेता अंकुर अग्रवाल ने कहा केंद्र सरकार को चाहिए। इस घटना की उच्च स्तर की जांच करा कर दोषीयों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के ड्रीमला. इनर विमान के हादसे में मृतकों के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखा गया। उइस दौरान डॉ टी एस पाल, देवेन्द्र गुप्ता मोनू, अमित दिवाकर, तुषार वार्ष्णेय क्रिस्टल, शुभम अग्रवाल, राजू ठाकुर, सालिम खान, मधुप गुप्ता, हरेंद्र यादव आदि रहे।



## बीए एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के पांच परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एसएम डिग्री कॉलेज में बीए एलएलबी की परीक्षांए आयोजित की जा रही हैं। जिसकी समय सीमा तय है। शुक्रवार को अचानक इन्द्रा कालौनी के पांच परीक्षार्थियों को कॉलेज गेट पर रोक दिया गया। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि यह छात्र देरी से आये हैं इसलिए यह परीक्षा भवन में नहीं जा सकते। इधर छात्रों का कहना था कि रेलवे फाटक बन्द होने के कारण आधे घंटे लेट हो गये। जब फाटक खुला तो वह कॉलेल पहुंचे लेकिन एसएम डिग्री कॉलेज के परीक्षा व्यवस्थापक ने रोक लिया और कॉलेज में देर से आये हो इसलिए तुम परीक्षा नहीं दे सकते। हालांकि पांचों परीक्षार्थियों ने काफी मन्नते की लेकिन कॉलेज प्रशासन ने परीक्षा दिलाने से स्पष्ट मना कर दिया। यहां बताते चलें कि यह छात्र 10 जून को परीक्षा देने आये थे लेकिन उस दिन भी लेट हो गये थे। उस दिन भी यह छात्र परीक्षा नहीं दे पाये। परन्तु शुक्रवार को फिर पांचों छात्र मुंह लटकाकर वापस लौट आये, छात्रों का कहना था कि रेलवे फाटक बन्द होने के कारण आधे घंटे लेट हो गये। उन्हें परीक्षा देने की अनुमति मिल जानी चाहिए थी। लेकिन नहीं मिली। उन्होंने ने कहा कि वह ऊपर कार्रवाई करेंगे। फिलहाल प्रथम सेमेस्टर बीए एलएलबी के छात्र परीक्षा से वंचित रह गये।

## गर्मियों में डिहाइड्रेशन: कारण, लक्षण और बचाव के उपाय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** गर्मी का मौसम अपने साथ चिलचिलाती धूप और असहनीय तापमान लेकर आता है। ऐसे समय में शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन की समस्या आम हो जाती है। डिहाइड्रेशन एक ऐसी स्थिति है, जब शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बिगड़ जाता है। इससे कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। आइए समझते हैं डिहाइड्रेशन के कारण, लक्षण और इससे बचाव के उपाय। **डिहाइड्रेशन के कारण**-पानी की कमी: पर्याप्त मात्रा में पानी न पीना डिहाइड्रेशन का मुख्य कारण है। अत्यधिक पसीना: गर्मी में अधिक पसीना आने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। भारी शारीरिक गतिविधि: धूप में दौड़ना, व्यायाम करना या भारी काम करना डिहाइड्रेशन को बढ़ा सकता है। बीमा. रियां: उल्टी, दस्त, बुखार या बार-बार पेशाब आने से भी डिहाइड्रेशन हो सकता है। डिहाइड्रेशन के लक्षण, लगातार प्यास लगना। होंठों और मुंह का सूखापन। पेशाब का पीला और कम आना। थकान, चक्कर आना और कमजोरी। दिल की धड़कन व नाड़ी का तेज होना। आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से डिहाइड्रेशन: आयुर्वेद में डिहाइड्रेशन को षत्रिशणा रोगष से जोड़ा जाता है, जिसका अर्थ है अत्यधिक प्यास। यह समस्या मुख्यत: पित्त दोष के असंत.ुलन से होती है। पित्त दोष को संतुलित रखने के लिए शीतल और तरल पदार्थों का सेवन आवश्यक है। **डिहाइड्रेशन से बचाव के उपाय**-पानी का पर्याप्त सेवन: दिनभर में 8-10 गिलास पानी पीने की आदत डालें। आयुर्वेदिक पेय: घर का बना शिकंजी, नारियल पानी, बेल का शरबत,आम का पन्ना और छाछ का सेवन करें। फल और सब्जियां: खीरा, तरबूज, खरबूजा और मौसमी फलों का सेवन करें। धूप से बचाव: तेज धूप में बाहर निकलने से बचें। अगर जाना आवश्यक हो, तो छाता और टोपी का उपयोग करें। हल्का भोजन: तैलीय और मसालेदार भोजन से परहेज करें। हल्का, सुपाच्य और ताजा भोजन करें। **घरेलू नुस्खे और आयुर्वेदिक उपचार:** पानी में चुटकी भर नमक और चीनी मिलाकर पीएं, यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी को दूर करता है। शीतल जल का सेवन: गर्म पानी के बजाय सामान्य या ठंडा पानी पिएं। पुदीना और धनिया का रस शरीर को ठंडक प्रदान करता है। तक्र (छाछ) आयुर्वेद में इसे गर्मियों के लिए अमृत कहा गया है। विशेष ध्यान: बच्चों और बुजुर्गों को डिहाइड्रेशन से ज्यादा खतरा होता है। उनके पानी के सेवन पर विशेष ध्यान दें। डिहाइड्रेशन के गंभीर लक्षण होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। आयुर्वेद की परंपरागत पद्धतियां इस मौसम में स्वास्थ्य बनाए रखने का सरल और प्रभावी तरीका हैं।

**डॉ. अशुतोष शुक्ला**
**( आयुर्वेद विशेषज्ञ ) आस्था हैल्थ केयर बिलारी, मुरादाबाद।**

## राशन कार्डों का घर-घर होगा सत्यापन तहसील सभागार में दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** अंत्योदय राशन काड़ों को बनाने में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद मंडलायुक्त ने पांच जिलों में एक ब्लाक के एक गांव की सैंपल जांच करवाई तो जांच में एक चौथाई से ज्यादा कार्डधारक अपात्र मिले। मंडलायुक्त ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए लिखा था जिलाधिकारी के आदेश पर आज तहसील सभागार में राशन कार्ड की जांच के लिए परिषदीय स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री को लगाया गया है। आज इस कार्य के लिए एसडीएम संतद.ास पवार ने प्रशिक्षण दिया और निष्पक्ष रूप से जांच पूरी करने के निर्देश दिए समंडलायुक्त ने इस जांच के लिए 50 ग्राम पंचायत चयनित करके अधिकारियों की टीम बनाई। टीम ने इन चयनित ग्राम पंचायतों के 95 उचित दर विक्रेताओं की दुकानों से समबद्ध अंत्योदय राशन कार्ड धारकों का सत्यापन किया। । मंडल में कुल 4343 राशन कार्डों में 1063 राशन कार्ड धारक अपात्रता की श्रेणी में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम राशन कार्ड:पांच जिलों में प्रत्येक ब्लाक से एक गांव चुना गया, 4343 राशन कार्ड में एक हजार से ज्यादा अपात्र निकले। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने जिलाधिकारियों को जांच रिपोर्ट के साथ पत्र जारी कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा था । रिपोर्ट के अनुसार संभल में 842, रामपुर में 1273, अमरोहा में 733, मुरादाबाद में 10-43 एवं बिजनौर में 452 अन्त्योदय राशनकार्डों की जांच की गयी। कुल मिला कर 4343 अन्त्योदय राशनकार्डों की जांच में संभल में 307, रामपुर में 232, अमरोहा में 120, मुरादाबाद में 249 एवं बिजनौर में 185 कुल 1063 अन्त्योदय कार्डधारक अपात्रता की श्रेणी में पाये गये। अब जिला अधिकारी के आदेश पर नगर पंचायत कांठ, नगर पंचायत उमरी कला, ब्लॉक के सभी गांव में राशन कार्ड की जांच होगी स तहसील सभागार में शुक्रवार को आयोजित प्रशिक्षण में अजमा नाज, कुमारी नूतन, प्रियंका चौधरी, रिजवान अहमद, नीरू रस्तोगी, अंकित कुमार, पूर्ति निरीक्षक आदि मौजूद थे।




## कार्यालय ग्राम पंचायत वीरपुर वरियार वि०ख० मूढ़ापाण्डे जनपद मुरादाबाद

पत्रंकः मीमो/पराविं/ग्रा0पं0/निविदा/2025-26

दिनांकः 13.06.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत वीरपुर वरियार विकास खण्ड मूढ़ापाण्डे जनपद मुरादाबाद की आयोजित बैठक में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत निम्न कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने हैं इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार दिनांक 14.06.2025 से दिनांक **21.06.2025** की अपराह्न 2:00 बजे तक अपनी-अपनी निविदायें अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रें एवं अर्नेस्टमनी तथा नियमानुसार जमानत राशि 2 प्रतिशत के साथ/एफ0डी0आर0 आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदायें अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक **21.06.2025** की अपराह्न 3:30 बजे खोली जायेंगी।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | कार्य की माप | अनुमानित लागत लाख | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनवार के घर से कलुआ सैनी तक नाली एवं सी0सी0 टाईल्स निमार्ण कार्य। | 100मी0 | 400000.00 | 300.00 | 2% | 1 माह |
| 2 | नवाब के घर से ताहिर की जगह तक नाली एवं सी0सी0 टाईल्स निर्माण कार्य। | 40मी0 | 200000.00 | 300.00 | 2% | 1 माह |
| 3 | चन्द्र सैनी के घर से रईस लाला के घर तक नाली एवं सी0सी0 टाईल्स निर्माण कार्य। | 200मी0 | 600000.00 | 300.00 | 2% | 1 माह |
| 4 | कांगनी बार्डर से बाबा जी के घर तक नाली एवं सी0सी0 टाईल्स निर्माण कार्य। | 95मी0 | 300000.00 | 300.00 | 2% | 1 माह |

**नियम व शर्तें:-**

1- सामग्री की मात्रा का निर्धारण कार्य स्वीकृति के पश्चात किया जायेगा। (2) आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर ही की जायेगी। (3) सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है। (4) सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर की जायेगी। (5) प्रस्तुत दर पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होनी चाहिए। (6) सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य होगी। (7) सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।

सचिव/ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत वीरपुर वरियार
विकास खण्ड मूढ़ापाण्डे, जनपद मुरादाबाद

# बसपा का प्रतिनिधिमंडल दलित समाज के पीड़ितों के संग सीओ से मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी से मिला। जहां उन्होंने दलित समाज के लोगों की समस्या से अवगत कराया। इस बीच भारी तादात में अंबेडकर युवक संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। शुक्रवार को बसपा के जिला अध्यक्ष व पदाधिकारी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को बताया कि कवेंद्र पुत्र हरिमोहन निवासी जटपुरा थाना मैनाठेर अपने खेत पर गए थे। जहां रास्ते में पानी की पाइपलाइन चल रही थी। उसको लेकर जाट समाज के व्यक्तियों से विवाद हो गया। उन्होंने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया। इंस्पेक्टर मैनाठेर ने केवल जाट समाज के लोगों का प्रार्थना पत्र लेकर दलित समाज के लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया बाद में उनका प्रार्थना पत्र भी नहीं लिया। पीड़ित पक्ष के ही समाज के लोगों के विरुद्ध मुक. दमा दर्ज कर दिया। इस मामले में कार्यवाही की मांग उठाई गई, इस मौके पर बसपा के जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह सागर एडवोकेट, जिला संयोजक भाईचारा कमेटी सतपाल कश्यप, जिला महासचिव मुरादाबाद चंद्रपाल सैनी,विधानसभा अध्यक्ष बिलारी रन सिंह भारती, अंबेडकर युवक संघ के तहसील अध्यक्ष डॉ जगतपाल सिंह, डॉक्टर विजयदीप, रवि प्रधान, कविंद्र जाटव, चमन सिंह, रीनू जाटव, रविंद्र जाटव, अतुल जाटव, हरिमोहन जाटव आदि सहित अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।




## हल्की बूंदाबांदी से मौसम हुआ सुहाना

**कांठ।** हल्की बूंदाबांदी होने से मौसम सुहाना हो गया तापमान में गिरावट आने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। मगर इस मामले में कही बादल बरसे तो कहीं केवल बूंदाबांदी होकर रह गई सर्वविदित है कि कई दिनों से क्षेत्र भीषण गर्मी की चपेट में है पारा 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है ऐसे में आज मौसम राहत भरी खबर लेकर आया तेज हवाएं चलने के साथ-साथ बारिश हुई नगर में तो बारिश होने पर लोगों को राहत मिल गई लेकिन आसपास के गांव में सिर्फ बूंदाबांदी होने से लोग बारिश के लिए तरसते नजर आए। हालांकि इस बूंदाबांदी से भी मौसम की गर्माहट कम हो गई तापमान में अचानक गिरावट होने से लोगों ने राहत महसूस की है।

# भारतीय जनता मजदूर संघ के मीडिया प्रभारी बने सलमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के सोशल मिडिया प्रमुख पश्चिम उत्तर प्रदेश सलमान युसूफ को भाजपा अनुस. ूचित जाति राष्ट्रीय परिशिक्षण प्रभारी भारतीय जनता मजदूर संघ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शांत प्रकाश जाटव ने समाज सेवा व राष्ट्रहित मे कार्य करने व मिडिया मे एक अच्छी रूचि को देखते हुए सलमान युसूफ को भारतीय जनता मजदूर संघ मे राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी पद पर मनोनीत किया गया है। इस नियुक्ति से सलमान युसूफ के चाहने वालों मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी।संगठन के राष्ट्रीय महासचिव एड.राकेश पाल सिंह ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए संगठन का विस्तार व संगठन का प्रचार प्रसार समाज हित मे अच्छे कार्यों की उम्मीद जताई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष शांत प्रकाश जाटव ने सलमान को फोन कर बधाई दी है कहा की आशा करता हु आप मिडिया व संगठन के माध्यम से मजदूर गरीब शोषित वंचितो की आवाज उठाते रहेंगे संगठन मे विस्तार की उम्मीद जताई है। मिडिया से बातचीत के दौरान सलमान ने कहा की भारतीय जनता मजदूर संघ संगठन एक राष्ट्रवादी राष्ट्रहित मे गरीबो मजदूरों शोषण होने से रोकने वाला



एक मात्र संगठन है संगठन ने जो विश्वास मुझ पर जताया है मे उस पर खरा उतरूँगा जिम्मेदारी को पूर्ण रूप से निभाऊंगा साथ ही संगठन के शिर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त भी किया है।

# गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में डिजिटल तनाव विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित थीम ष्योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थष के अंतर्गत क्रीडा विभाग द्वारा महाविद्यालय में शडिजिटल तनावश विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमे छात्राओं को मोबाइल फोन से होने वाले स्वास्थ्य जोखघ्मि के बारे में बताया गया। प्राचार्या प्रो चारु मेहरोत्रा जी ने अपने संदेश में कहा कि नि:सन्देह मोबाइल फोन हमारे लिए बेहद उपयोगी साधन है, किन्तु इसके असी. मित प्रयोग से सदा बचने की आवश्यकता है। इसका अत्यधिक प्रयोग हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अहितकर है। आजकल हर किसी के हाथ में मोबा. इल फोन नजर आता है। बच्चे हों या बड़े, हर कोई स्मार्टफोन का आदी है। फोन चलाना जैसे कोई बीमारी बन गई है, जिसकी चपेट में सभी आ चुके हैं। मोबाइल फोन के साथ कुछ स्वास्थ्य जोखिम भी जुड़े हैं। मोबाइल स्क्रीन की नीली रोशनी आंखों की रोशनी को नुकसान पहुंचा सकती है। इसी तरह, फोन से निकलने वाला रेडिएशन कुछ बच्चों के लिए हानिकारक हो सकता है। इसके अलावा, शारीरिक व्यायाम की कमी, नींद की कमी, सिरदर्द भी कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं जो मोबा. इल फोन के इस्तेमाल से जुड़ी हैं। आज अपनों से दूरी का मुख्य कारण भी मोबाइल बनता जा रहा है। व्यक्ति एक रूम में एक साथ होने के बाद भी पास बैठे लोगों में अपनी कोई रुचि नहीं दिखाता और अपने-अपने मोबा. इल के स्क्रीन स्क्रोल करता रहता है। इससे आपसी संबंध कमजोर होते हैं। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन क्रीडा विभाग प्रभारी श्रीमति शिवानी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में डॉ सविता अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में प्रो मीनाक्षी शर्मा, प्रो किरण साहू, डॉ प्रीति पांडे, डॉ रेनू शर्मा, श्रीमती तबस्सुम, गुलबहार, यशिका एवं महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

# ग्रामीणों की शिकायत पर जांच के लिए सरथल गांव में पहुंची टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** ग्राम प्रधान द्वारा विकास कार्यों में बरती जा रही अनियमितता को लेकर ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के बाद जिले से जांच टीम सरथल गांव में पहुंची। जहां उन्होंने शिकायतकर्ता ग्रामीणों के साथ गांव में घूम कर उनकी शिकायतों को देखकर जांच रिपोर्ट तैयार की। बिलारी के गांव सरथल के रहने वाले ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायत की थी। जिसमें आरोप था कि ग्राम प्रधान ने गांव में विकास कार्य नहीं कराया, जबकि कई सड़कों में पुरानी ईटों का प्रयोग किया गया। इसके अलावा अभिलेखों में कार्य कराए गए। जो मौके पर हुए नहीं थे। इन आरोपों की जांच को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार के अलावा सहायक अभियंता आरईडी मुरादाबाद को जांच दी गई थी।

टीम जांच के लिए पहुंची तो भारी तादात में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इस बीच टीम ने ग्रामीणों की शिकायतों की जांच के लिए पूरे गांव का भ्रमण किया। ग्रामीणों द्वारा बताई गई जगह पर पहुंचकर जांच रिपोर्ट तैयार की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट के मुताबिक ही आगे की कार्यवाही की जाएगी और जिले को रिपोर्ट सौंप जाएगी।

## शांति भंग में पुलिस ने कई लोगों गिरफ्तार करके कोर्ट में किया पेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** शांति भंग के तहत पुलिस ने अनेको गांव के लोगों पर झगड़ा करने पर कार्यवाही की है। उन्हें गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया गया। असालतपुर गांव निवासी जोगेंद्र,अनुज व विवेक को पुलिस ने शांति भंग में गिरफ्तार किया। इसके अलावा बिलारी के मोहल्ला बाजार होली चौक में झगड़ा करने के दौरान मोहम्मद सलीम, मोहम्मद यासीन, मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद यामीन को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही मंगूपूरा गांव निवासी सरजीत पुत्र शिव चरण, बिलारी के मोहल्ला अंसारियान के रहने वाले कासिम अली, हासन अली आदि को गिरफ्तार करके उन्हें एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया।

## एक नजर

### बिजली की ट्रिपिंग से परेशान उपभोक्ता एसडीओ से मिले

**भोजपुर।** नगर पंचायत के बाशिंदों ने बिजली की आंख मिचौली से परेशान होकर गुरूवार को विद्युत उप केन्द्र पीपलसाना जाकर एसडीओ और जेई के सामने अपना दुखड़ा सुनाया। विद्युत अधिकारीयों ने कहा कि मांग बढ़ने और बिजली चोरी की वजह से कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से रोस्टर के मुताबिक बिजली नहीं मिल रही है। उप खंड अधिकारी राज. ेश कुमार प्रजापति ने ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे पूर्व जिला योजना समिति के सदस्य मौ नदीम चौधरी से कहा कि भीषण गर्मी और बरसात नहीं होने की वजह से बिजली की मांग बढ़ी हुई है।

उपर से ग्रामीण बिजली की चोरी कर रहे हैं। एसडीओ ने बताया गुरुवार को पीपलसाना फीडर पर 225 एम्पीयर लोड चल रहा था। जब पुलिस बल को लेकर गांव में चेकिंग की गई तो लोड कम होकर 150एम्पीयर रह गया। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि लोग भारी संख्या में बिजली की चोरी कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से बिजली चोरी रोकने में विभाग का सहयोग करने को कहा ताकि बिजली बिलों का भुगतान कर रह उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति की जा सके।

### किशोरी के अपहरण में वांछित आरोपी को भेजा जेल

**भोजपुर।** शुक्रवार को उप निरीक्षक अजय दुबे ने गांव लालू वाला निवासी उरमान पुत्र रजुआ को हिरासत में लेकर चालान कर दिया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने बताया कि आरा. ेपी के खिलाफ 8जून को ग्रामीण ने नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में केस दर्ज कराया था।

### अहमदाबाद में एरोप्लेन क्रश की घटना पर मेडिकल एसोसिएशन ने जताया शोक

**बिलारी।** इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन बिलारी ने एयर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जा रही उड़ान के दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में हुई दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। वक्ताओं ने शोकसभा में कहा कि यह हादसा न केवल पीड़ित परिवारों के लिए बल्कि पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है।इस कठिन समय में हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवे. दनाएं प्रकट करते हैं और प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्राप्त हो। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह सभी परिवारों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।उक्त सभा में डॉ.तिलक राज आहुजा,डॉ. विश्वास शर्मा,डॉ. आशुतोष शुक्ला,डॉ. बिलाल अकबर,डॉ. मनीष अग्रवाल,डॉ. मनोज चौधरी,डॉ. विवेक सिंह,डॉ. देवेंद्र शर्मा,डॉ. अरुण राघव,डॉ. सनी कश्यप,डॉ. जनक शर्मा,डॉ.सरोज कुशवाहा,डॉ.मनीषा शुक्ला,डॉ. सोनिया आदि सदस्यों ने शोक व्यक्त किया।

### तहसील बार अध्यक्ष की घोषणा का मामला पहुंचा बार काउंसिल, एक-दो दिन में स्थिति साफ होने की संभावना

**कांठ।** तहसील बार कांठ में मतगणना होने के बाद अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के बराबर वोट आने से मामला उलझ गया जिसकी वजह से अध्यक्ष पद की घोषणा नहीं हो सकी आज एल्डर कमेटी ने इस बाबत बार काउंसिल आफ यूपी को मेल भेज कर उनकी सलाह मांगी है। बतादे की गुरुवार को हुए मतदान और फिर मतगणना के बाद रिजल्ट घोषित हुआ तो अध्यक्ष पद के दो प्रत्याशी प्रदीप कुमार और प्रमोद शर्मा को बराबर बराबर 55- 55 वोट मिले जबकि एक वोट कैंसिल माना गया ऐसी स्थिति में एल्डर कमेटी अध्यक्ष पद की घोषणा नहीं कर सकी दोनों पक्षों को आपसी सहमति बनाने का समय दिया गया लेकिन आपसी सहमति न बनने के बाद आज एल्डर कमेटी ने इस बाबत बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश को मेल भेज कर उनकी सलाह मांगी। बताया गया कि बार काउंसिल के अध्यक्ष ने इस संबंध में एक-दो दिन में अवगत कराने का भरोसा दिलाया है।

एल्डर कमेटी ने कैंसिल मत के बहाल होने या कैंसिल रहने के मामले में भी उनसे जानकारी मांगी है। संजीव बिश्नोई ने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया के बारे में दोनों पक्षों को भी अवगत करा दिया गया है।

### दु:खद हादसा शोक संवेदना व्यक्त

**मुरादाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर सुनकर मन बहुत व्यथित है।अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना की खबर ने सभी का दिल दहला दिया। इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में जान गंवाने वाले सभी यात्रियों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। साथ ही विमान हादसे मे मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग मे जान गवाने सभी डॉक्टर और मृतक को ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और उनके परिवारों को इस कठिन समय में संबल दें।

**श्रद्धांजलि**-अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में असमय कालकलवित हुए भारत व अन्य देशों के नागरिकों के प्रति सोनकपुर वाईपास योग केंद्र में योग कक्षा के समापन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और परमपिता परमात्मा से उनकी आत्मा की शांति व सद्गति की प्रार्थना की गयी। इस अवसर पर डा भगवत सरन सैनी, रमेश सिंह आर्य एडवोकेट,डा फूलसिंह,डा आर पी सिंह,सोनू कुमार अनिल कुमार शर्मा, प्रकाश वीर उपस्थित रहे।

### चन्दौसी में बदायूं सांसद आदित्य यादव के जन्म दिन पर केक काटते सपाई



**मुरादाबाद।** सपा कार्यकर्ताओं ने बदायूँ मार्ग स्थित फहीम उर्फ जी के निवास पर बदायूं के लोकप्रिय सांसद आदित्य यादव का जन्म दिन केक काटकर उनक दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर राजीव रस्तौगीएकपिल देव, शालिम राईन, फहीम खान उर्फ हिटलर, गुड्डू खान, मो उमर उर्फ गुड्डू, मो नबी, इमरान खान, साबेजखान, दानिश खान, अनिकेत कुमार मौजूद रहे।

● **कल का कार्यक्रम**-प्रकृति सेवा समिति (पंजी) द्वारा डा सौरभ सिंह का अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (पंजी.) के प्रदेश प्रभारी बनने पर स्वागत व सम्मान आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर शाम छह बजे।

## 11 साल बेमिसाल को लेकर भाजपा का कार्यक्रम आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** संगठन निर्देशानुसार विकसित भारत का अमृतकाल के निमित्त भारतीय जनता पार्टी के केंद्र में 11 साल - बेमिसाल, सरकार के कार्यकाल में सेवा, सुशासन और जन कल्याण के 11 वर्षों का शानदार सफर के उपलक्ष में मंडल कांठ में मुकेश माहेश्वरी जी के क्रेशर प्रांगण में 14 जून शनिवार को शाम 4:00 बजे से एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि नि- वर्तमान विधायक चौधरी राजेश कुमार सिंह उर्फ चुन्नू होंगे ।सहवक्ता के रूप में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरुण पंडित रहेंगे । उन्होंने मंडल कांठ में रहने वाले सभी भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं से मौजूद रहने का आह्वान किया।

# मौसेरे भाइयों संग बीकॉम स्टूडेंट चला रहा था वाहन चोरी का धंधा

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चोरी के एक सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह का सरगना एक बीकॉम का छात्र निकला, जबकि उसके साथ दो मौसेरे भाई भी वाहन चोरी में शामिल थे। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी की दस बाइक, एक स्कूटी और मास्टर चाबियां बरामद की गई हैं। पुलिस ने बताया कि गिरोह के सदस्य एनसीआर क्षेत्र में रेकी कर वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देते थे और बाद में उन्हें बागपत व मुजफ्फरनगर जैसे इलाकों में कम दामों पर बेच देते थे। इस कार्रवाई से क्षेत्र में वाहन चोर गिरोहों पर करारा प्रहार माना जा रहा है।

इंदिरापुरम एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव और थाना प्रभारी रवेंद्र गौतम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में बागपत निवासी रोहित, नोएडा सेक्टर-63 निवासी सागर शर्मा, आशू, छिजारसी का आकाश उर्फ कल्लू और मेरठ के सिविल लाइन का नीरज शामिल हैं। आरोपियों को पुलिस ने नियमित चेकिंग के दौरान पकड़ा और उनकी निशानदेही पर कनावनी पुलिया के पास झाड़ियों से वाहन बरामद किए गए। इनमें से छह बाइक इंदिरापुरम क्षेत्र से चोरी की गई थीं, जिनकी रिपोर्ट पहले से थाने में दर्ज थी। पूछताछ में पता चला कि गिरोह पिछले कई वर्षों से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपित रोि. हत मास्टर चाबियां रखता था और वाहन खोलने का मुख्य काम उसी का था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी वाहन चोरी के बाद उन्हें जंगलों और झाड़ियों में छिपाकर रखते थे। मौका मिलने पर वह उन्हें बागपत और मुजफ्फरनगर ले जाकर बेचते थे। आरोपी सागर शर्मा न सिर्फ गिरोह का सरगना है, बल्कि वह बीकॉम का छात्र भी है, जिससे साफ होता है कि गिरोह में पढ़े-लिखे युवक भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ गाजियाबाद में सात, नोएडा में एक और दिल्ली में भी एक मामला दर्ज है। इसके अलावा जांच में वाहनों की कटान (स्पेयर पार्ट्स के लिए तोड़ना) की गतिविधि भी उजागर हुई है, जिस पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

वसुंधरा में स्वच्छता अभियान को लग रहा पलीता

## नालों की सफाई में नगर निगम नाकाम

**गाजियाबाद।** एक तरफ जहां प्रदेश सरकार 'स्वच्छ भारत अभियान' को सफल बनाने के लिए हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर नगर निगम की लापरवाही इस अभियान को मजाक बना रही है। वसुंधरा क्षेत्र में नाले-नालियों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। नगर निगम भले ही दावा कर रहा हो कि क्षेत्र के सभी बड़े नालों की सफाई पूरी हो चुकी है, लेकिन जमीनी सच्चाई इससे कोसों दूर है। वसुंधरा सेक्टर-4 की अरुणिमा सोसाइटी के पीछे स्थित प्रमुख नाला इसकी बानगी पेश कर रहा है। नाला पूरी तरह से गंदगी, कूड़े और गाद से पटा पड़ा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और मच्छर, मक्खियों के साथ विभिन्न रोगजनक जीवाणुओं का प्रसार हो रहा है। इससे क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया जैसे बीमारियों के फैलने का खतरा भी मंडरा रहा है। स्थानीय निवा. सियों का कहना है कि यदि समय से बारिश शुरू हो गई, तो यह नाला जलभराव का कारण बनेगा और सोसाइटी के आसपास रहने वालों की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी। कई बार शिकायतों के बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस मुद्दे को लेकर नगर निगम के खिलाफ जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गई है, जिसमें मांग की गई है कि बरसात से पहले इस नाले की तुरंत सफाई कराई जाए ताकि संभावित जलभराव और स्वास्थ्य संबंधी खतरों से लोगों को राहत मिल सके। स्वच्छ भारत मिशन को जमीनी हकीकत से जोड़ने के लिए जरूरी है कि नगर निगम सिर्फ कागजी दावे न करे, बल्कि समय रहते ठोस और असरदार कदम उठाए। वरना सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद गंदगी और बीमारी की समस्या ज्यों की त्यों बनी रहेगी।

# जिलाधिकारी ने किया मार्ग का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मासूनी बारिश के दौरान लोनी में होने वाले जलभराव को दृष्टिगत रखते हुए दिल्ली-सहारनपुर मार्ग का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने दिल्ली-सहारनपुर मार्ग के उन स्पाट्स को जाकर देखा जहां अत्यधिक जलभराव हो जाता है और आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान लोनी के एसडीएम, लोनी पालिका के ईओ, सिंचाई, एनएचएआई, विद्युत, यमुना प्रदूषण इकाई, जल निगम के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बारिश के मौसम से पहले ही जलभराव से निपटने की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। संबंधित विभागों के अधिकारी अपने-अपने दायित्वों को पूरा करेंगे और कोई भी विभाग एक दूसरे विभाग पर काम न होने की बात नहीं करेगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी विभागों की जिम्मेदारी है कि लोनी-सहारनपुर मार्ग पर जलभराव की स्थिति पैदा ना हो। उन्होंने दिल्ली-सहारनपुर मार्ग की मरम्मत, पानी निकालने के लिए पंप सेट और नालों की सफाई के निर्देश दिए।



## ट्रेडमार्क बदल नकली माल बेचने का भंडाफोड़

**गाजियाबाद।** क्रासिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में नामी कंपनी का ट्रेड मार्क बदलकर नकली माल बेचने का भंडाफोड़ हुआ है। ब्रांड प्रोटेक्टर एजेंसी की छापेमारी में दो दुकानों पर स्लीपवेल कंपनी के मिलते-जुलते नाम से तकिये बिकते मिले। अधिकृत प्रतिनिधि की शिकायत पर पुलिस ने दोनों दुकानदारों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जसोला दिल्ली की ओमेक्सा स्क्वॉयर सोसाइटी में रहने वाले अनुराग चौहान का कहना है कि वह ब्रांड एंड फेक कंपनी में फील्ड ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। वह स्लीपवेल इंटरप्राइजेज लिमिटेड कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि हैं।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चर्तुथ द्वारा निम्नलिखित ई-टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन **16:00 बजे** तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 59-DRM-MB-25-26 Dt. 12.06.2025 |
| कार्य का नाम | Repair of white wash, colour wash, painting of LHS and height gauges and repair of speed breakers in KRJ-MTC section in the section of SSE/W/B/HPU. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 08.07.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत (रु.) | 54,99,877.49 |
| धरोहर राशि (रु.) | 1,10,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 24.06.2025 |

सं.: Sr. DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक: 13.06.2025 1759/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 13.06.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 65-DRM-MB-25-26 13.06.2025 |
| कार्य का नाम | Complete turnout renewal by T-28 machine and allied miscellaneous track works in the jurisdiction of ADEN/RK under Sr.DEN/I/MB |
| निविदा प्रकार | Works |
| अनुमानित लागत | 1,34,30,907.17 |
| धरोहर राशि | 2,17,200.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 01.07.2025 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 17.06.2025 |
| आफर की वैधता | 30 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |

1777/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अध्यापिका बबीता मल्होत्रा को मिलेगा सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** अपर राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा लखनऊ के आदेश अनुसार हाई स्कूल इंटर बोर्ड परीक्षा 2025 में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 10 12 में विज्ञान व गणित विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पढ़ाने वाले शिक्षकों की क्षमता संवर्धन हेतु पांच दिवसीय कार्यशाला सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग, आईआईटी गांधीनगर गुजरात में दिनांक 16 जून से 20 जून तक होने जा रही है, हर्ष का विषय है कि इसमें जनपद के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हुसैनपुर छिरावली की विज्ञान शिक्षिका बबिता मेहरोत्रा भी प्रतिभाग करने जा रही हैं बबिता मेहरोत्रा की छात्रा तानिया ने जनपद मुरादाबाद के सभी राजकीय विद्यालयों में सर्वाधिक अंक 91.16% हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2025 में प्राप्त किए हैं साथ ही तानिया ने विज्ञान विषय में भी सभी 38 राजकीय विद्यालयों में सर्वाधिक अंक 94 प्राप्त किए हैं इस उपलब्धि पर शिक्षिका का चयन आईआईटी गांधीनगर के लिए हुआ है बबिता मेहरोत्रा इससे पूर्व भी आईआईटी गांधीनगर में एक माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं और वह विज्ञान के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर भी चयनित हो चुकी हैं इस उपलब्धि पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर देवेंद्र कुमार पांडे, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय सर्वेश कुमार व सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानन्द शर्मा व सभी ने हार्दिक बधाई दी निश्चित रूप से इस प्रकार की कार्यशाला राजकीय विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को आगे बढ़ाने में कारगार साबित होगी आईआईटी जैसे उच्च प्रतिष्ठित संस्थानों की शिक्षा प्रणाली राजकीय विद्यालयों में भी स्थापित हो पाएगी।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र मौ0 शाहबाज व उसकी पत्नी शबीहा के गलत आचरण व्यवहार के कारण अपनी चल अंचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिए है। उनके अच्छे बुरे कार्यों वह लेन देन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी और मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**शाहिद पुत्र नन्हे मौहल्ला किला अफजलगढ़ तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

## शांति भंग में पुलिस ने कई लोगों गिरफ्तार करके कोर्ट में किया पेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** शांति भंग के तहत पुलिस ने अनेको गांव के लोगों पर झगड़ा करने पर कार्यवाही की है। उन्हें गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया गया।असालतपुर गांव निवासी जोगेंद्र,अनुज व विवेक को पुलिस ने शांति भंग में गिरफ्तार किया। इसके अलावा बिलारी के मोहल्ला बाजार होली चौक में झगड़ा करने के दौरान मोहम्मद सलीम, मोहम्मद यासीन, मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद यामीन को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही मंगूपूरा गांव निवासी सरजीत पुत्र शिव चरण, बिलारी के मोहल्ला अंसारियान के रहने वाले कासिम अली, हासन अली आदि को गिरफ्तार करके उन्हें एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया।

# एयर इंडिया विमान हादसे के मृतकों को टीम इंडिया ने दी श्रद्धांजलि

● मैच में शामिल खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरे



**कैंट, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टीम ने एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और एक मिनट का मौन भी रखा। गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या-एएल171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। एयर इंडिया का विमान गुरुवार दोपहर 13:38 बजे टेकआफ हुआ था। एयर इंडिया के मुताबिक बोइंग 787-8 माडल के इस विमान में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। यात्रियों में 169 भारतीय नागरिकों समेत ब्रिटेन, पुर्तगाल और कनाडा के नागरिक शामिल थे। इस भीषण हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी समेत कुल 266 लोगों की मौत हुई है। इनमें 241 लोग विमान में सफर कर रहे थे। बाकी हताहत लोग विमान के क्रैश होते समय मेघाणीनगर में घटनास्थल पर मौजूद थे। इस हादसे पर क्रिकेट समुदाय ने भी दुख व्यक्त किया था। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से पूर्व शुक्रवार से भारत ए के खिलाफ इंट्रा स्क्वाड मैच खेल रही है। मुकाबला शुरू होने से पहले टीम के खिलाड़ियों और सदस्यों ने अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, बेकेनहैम में हो रहे इंट्रा-स्क्वाड मैच में शामिल खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य काली पटी बांधकर उतरे। अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि और पीड़ित परिवारों के प्रति एकजुटता के प्रतीक के रूप में आज एक मिनट का मौन भी रखा गया। भारतीय टीम 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच से पहले भारत ए के खिलाफ इंट्रा स्क्वाड मैच खेल रही है। इस दौरान जहां टीम की कोशिश तैयारियों को अंतिम रूप देने पर रहेगी।

## एंडरसन 11 साल बाद टी-20 के लिए मैदान पर

**लंदन, वार्ता।** लंकाशायर टी-20 कप्तान कीटन जेनिंग्स ने कहा कि काउंटी खेल के सबसे छोटे प्रारूप में जेम्स एंडरसन के कौशल का इस्तेमाल करना अद्भुत है।

एंडरसन ने लंकाशायर के लिए पिछले तीन टी-20 मैच खेले हैं। 2014 के बाद से वह पहली बार टी-20 क्रिकेट खेल रहे हैं। 42 वर्षीय एंडरसन ने इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 704 टेस्ट विकेट लिए है। जेनिंग्स ने बीबीसी रेडियो लंकाशायर से कहा कि जब आपके पास ड्रेसिंग रूम में ऐसा कोई खिलाड़ी हो, तो उसके दिमाग और उसकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल न करना बहुत मूर्खतापूर्ण है। उनका साथ होना अद्भुत है। प्रत्येक मैच में एंडरसन ने पावरप्ले में तीन ओवर फेंके हैं, जो कि पावरप्ले में बदलाव करने की आधुनिक रणनीति के विपरीत है।

# मार्को जेनसन में सर्वश्रेष्ठ आलराउंडर बनने की सभी खूबियां: रिकी पोटिंग

**लंदन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोटिंग का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के युवा गेंदबाज मार्को जेनसन का भविष्य उज्जवल है और वह भविष्य में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट आलराउंडर बन सकते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मार्को जेनसन को कोचिंग देने के दौरान पोटिंग ने जेनसन की खूबियों को नजदीक से देखा।

आईसीसी हॉल ऑफ फेमर रिकी पोंटिंग ने कहा कि मार्को जेनसन क्रिकेट के सबसे लंबे खिलाड़ियों में से एक हैं, लेकिन उनकी प्रतिभा भी उतनी ही अलग है। उन्होंने प्रोटियाज के लिए शुरुआत में शानदार प्रदर्शन किया, कैगिसो रबाडा के साथ मिलकर एक शानदार तेज गें. दबाजी जोड़ी बनाई, जिसने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम पर कहर बरपाया। रबाडा ने लॉर्ड्स में एक और पांच विकेट लेकर अधिक तारीफ बटोरी, लेकिन जेनसन की गेंदबाजी भी उतनी ही प्रभावशाली रही। बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने 14 ओवर में 49 रन देकर 3 विकेट लिए और उनके विकेटों में मार्नस लैबुशेन और ट्रैविस हेड शामिल थे। दूसरे दिन फील्डिंग करते समय



● मार्को जेनसन क्रिकेट के सबसे लंबे खिलाड़ियों में से एक है और उनकी प्रतिभा भी उतनी ही अलग है

उंगली में चोट लगने के कारण उनका दिन खराब हो गया था, हालांकि इसके तुरंत बाद गेंदबा. जी क्रीज पर वापस आकर उन्होंने साबित कर दिया कि वे बेखौफ हैं और मार्नस लाबुशेन को 22 रन पर आउट कर दिया। जेनसन अभी सिर्फ 25 साल के हैं। 2025 के आईपीएल में जेनसन ने पंजाब किंग्स के साथ अपना खेल दिखाया, लगातार सफल विकेट लिए और कभी-कभी महत्वपूर्ण रन भी बनाए। भारत में उनके घरेलू अभियान ने क्रिकेट के दिग्गज रिकी पोंटिंग को ऑलराउंडर के बारे में करीब से जानने का मौका दिया और पोंटिंग को इस बात पर आश्चर्य नहीं है कि लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका की शानदार प्रतिभा ने अपनी अलग पहचान बनाई है। डब्ल्यूटीसी फाइनल के पहले दिन के बाद उन्होंने आईसीसी डिजिटल से कहा कि वह काफी शांत स्वभाव के हैं। कुछ भी उन्हें बहुत प्रभावित नहीं करता। चाहे उनका दिन अच्छा रहा हो या बुरा, वह हमेशा एक जैसे ही रहते हैं। जिस तरह से वह खेल के बारे में सोचते हैं या जिस तरह से वह ड्रेसिंग रूम में रहते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अधिकांश दक्षिण अफ्रीकियों की तरह, आप देख सकते हैं कि उनके अंदर एक बेहद प्रतिस्पर्धी भावना है और एक बार जब वह मैदान पर उतरते हैं, तो खेल शुरू हो जाता है। जेनसन ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के निर्णायक मैच से पहले आईसीसी डिजिटल से कहा कि मैंने उनसे (पोटिंग) से बहुत कुछ सीखा है। खास तौर पर मानसिक दृष्टिकोण से। वह हमेशा सकारात्मक रहते है, वह हमेशा बुरी चीजों के बजाय अच्छी चीजों को देखने की को. शिश करते है। मुझे लगता है कि यही कारण है कि वह खेल का एक दिग्गज है। पोंटिंग को उम्मीद है कि जैनसन अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में अपने खेल को और भी ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

# इंदौर, जयपुर में व्हाइट बॉल सीरीज खेलेगी न्यूजीलैंड

● टी-20 विश्वकप से पहले भारत से 8 मैच, हैदराबाद, गुवाहाटी में भी होंगे मुकाबले

**नई दिल्ली, वार्ता।** न्यूजीलैंड और भारत के बीच अगले साल 8 व्हाइट बाल मैचों के वेन्यू शार्टलिस्ट हुए हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट मुताबिक, जयपुर, इंदौर, मोहाली, राजकोट, गुवाहाटी, हैदराबाद, त्रिवेंद्रम और नागुपर शार्टलिस्ट हुए वेन्यू में शामिल हैं।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच अगले साल जनवरी में टी-20 वर्ल्ड कप से पहले सीरीज खेली जानी है। 8 टाप वेन्यूज के अलावा भी कुछ मैदानों को रेस में रखा गया है। 3 वनडे और 5 टी-20 होंगे टीम इंडिया अगले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज खेलेगी। सीरीज भारत के बिजी कैलेंडर का हिस्सा है, जिसमें टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट, ऑस्ट्रेलिया में व्हाइट बाल सीरीज और साउथ अफ्रीका से तीनों फार्मेट की सीरीज खेलनी है। इंदौर के होलकर स्टेडियम को भी न्यूजीलैंड सीरीज के लिए शार्टलिस्ट किया गया है। 14 जून को तय होंगे वेन्यू बीसीसीआई एपेक्स काउंसिल की मीटिंग 14 जून को शाम 4 बजे से आनलाइन होगी। मीटिंग में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के वेन्यू फाइनल होंगे। इसी मीटिंग में आईपीएल विक्ट्री सेलिब्रेशन को लेकर गाइडलाइन भी लागू की जाएगी। साथ ही घरेलू क्रिकेट का शेडयूल और उम्र वेरिफिकेशन के लिए नई प्रोसेस भी लागू होगी। वेस्टइंडीज टेस्ट से शुरू होगा होम कैलेंडर टीम इंडिया फिलहाल इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज खेलने गई है। वहां से लौटने के बाद टीम को बांग्लादेश में सीरीज और एशिया कप खेलना है। इसके बाद अक्टूबर में टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद और नई दिल्ली में 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। टीम इंडिया फिर ऑस्ट्रेलिया में 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज खेलने जाएगी। मुकाबले 19 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच खेले जाएंगे। टीम फिर घरेलू मैदान पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 टेस्ट, 3 वनडे और 4 टी-20 खेलेगी। न्यूजीलैंड सीरीज के बाद फरवरी में वर्ल्ड कप न्यूजीलैंड के खिलाफ 8 व्हाइट बाल मैचों के बाद फरवरी में टी-20 वर्ल्ड कप शुरू हो जाएगा। जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका को मिली है।

## बिग बैश में सिक्सर्स के लिए खेलेंगे बाबर

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आज़म को अगले सप्ताह के प्लेयर ड्राफ्ट से पहले सिडनी सिक्सर्स ने अनुबंधित किया है जिसके बाद वह पहली बार बिग बैश में खेलेंगे। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान, टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। 30 वर्षीय बाबर ने 320 टी20 मैच खेले हैं, और हाल ही में पाकिस्तान सुपर लीग में पेशावर ज़ालमी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ़ पाकिस्तान की हालिया टी20 सीरीज़ के लिए नहीं चुना गया था। बाबर ने कहा कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टी20 लीगों में से एक में खेलना और इतनी सफल और सम्मानित फ्रैंचाइज़ी का हिस्सा बनना एक रोमांचक अवसर है। सिक्सर्स 2024-25 सीज़न में दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन प्ले-ऑफ़ में लगातार हार का सामना करना पड़ा।

## हमारे पास जीतने का शानदार मौका है: डेविड बेडिंघम

**लंदन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम का मानना है कि उनके पास लॉर्ड्स में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जीतने का शानदार मौका है। उन्होने दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद गुरुवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका इतिहास रचने के करीब है और टीम चौथी पारी में लक्ष्य का पीछा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 218 रनों की बढ़त बना ली है और उसके पास सिर्फ दो विकेट बचे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी 74 रनों की बढ़त के साथ शुरू की थी, लेकिन लुंगी एनगिडी (3/35) और कैगिसो रबाडा (3/44) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत टीम के सात बल्लेबाज स्कोर में मात्र 73 रन जोड़ सके। एलेक्स कैरी की शानदार 43 रनों की पारी ने टीम को संभाला जिसके चलते ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट पर 144 रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी की तुलना में बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी। पहली पारी में दूसरे दिन सुबह 43 रन पर चार विकेट से आगे खेलते हुये पूरी टीम 138 रन पर सिमट गयी थी। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने छह विकेट लिए, जिसमें उनके टेस्ट करियर का 300वां विकेट भी शामिल है।

# नीदरलैंड ने हासिल किया वनडे इतिहास का तीसरा बड़ा रन चेज




● 369 के जवाब में नीदरलैंड ने चार गेंद शेष रहते हुए 6 विकेट पर 374 रन बनाकर मैच जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डोड की नाबाद 158 रनों की पारी के दम पर नीदरलैंड्स ने आईसीसी विश्व कप लीग टू 2023-27 के मुकाबले में स्काटलैंड को चार विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। स्काटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जार्ज मुंसे के 191 रनों की पारी की मदद से 50 ओवर में छह विकेट पर 369 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड ने चार गेंद शेष रहते हुए छह विकेट पर 374 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

यह वनडे इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा रन चेज है। वनडे में सबसे बड़ा रन चेज करने का रिकार्ड दक्षिण अफ्रीका के नाम है जिसने 2006 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ विकेट पर 438 रन बनाए थे। इस सूची में दूसरे स्थान पर भी दक्षिण अफ्रीका ही है। अब इस लिस्ट में नीदरलैंड का नाम भी जुड़ गया है और उसने भारत और इंग्लैंड जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया है। स्काटलैंड ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। स्काटलैंड के लिए मुंसे ने 150 गेंदों पर 14 चौकों और 11 छक्कों की मदद से 191 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान मैथ्यू क्रास ने 59 रन बनाए। स्काटलैंड ने इस तरह नीदरलैंड्स के सामने बड़ा लक्ष्य रखा। जवाब में नीदरलैंड के लिए ओ डोड 130 गेंदों पर 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 158 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। यह नीदरलैंड की इस प्रारूप में सबसे बड़ी जीत है। ओ डोड के अलावा तेजा निदामानुरु ने 51 और नोह क्रोएस 50 ने रनों का योगदान दिया।

## भारतीय हेड कोच गौतम गंभीर इंग्लैंड से भारत लौटे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर इंग्लैंड से भारत लौट आए हैं। गंभीर फैमिली इमरजेंसी के कारण इंग्लैंड से भारत लौटे हैं। भारतीय टीम फिलहाल इंग्लैंड दौरे पर है। टीम को वहां पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। गंभीर टीम के बाकी खिलाड़ियों के साथ 6 जून को इंग्लैंड रवाना हुए थे। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी। इंग्लैंड दौरे के लिए 18 मेंबर्स वाली भारतीय टीम शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, ऋषभ पंत (उपकप्तान), ध्रुव जुरेल, नीतीश रेड्डी, शार्दूल ठाकुर, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

# मेहंदी हसन मिराज बांग्लादेश के वनडे कप्तान नियुक्त

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज को वनडे टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। 27 वर्षीय मिराज अगले 12 महीनों तक टीम की कमान संभालेंगे।

मिराज ने नजमुल हुसैन शांतो की जगह ली है और वह अगले महीने श्रीलंका में बांग्लादेश की आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के दौरान आधिकारिक तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करेंगे। कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद मेहदी हसन मिराज ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जताई। मिराज ने कहा कि राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करना एक सपने के सच होने जैसा है। बोर्ड ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है। मुझे इस टीम पर पूरा भरोसा है। हमारे पास निडर क्रिकेट खेलने का कौशल और मानसिकता है। मैं चाहता हूं कि हम आत्मविश्वास से भरे रहें, प्रतिबद्ध रहें और देश के लिए दिल से खेलते रहें। ऑफ-स्पिनिंग ऑलराउंडर ने इससे पहले शंटो की अनुपस्थिति में चार वनडे मैचों में बांग्लादेश की कप्तानी की है। 105 वनडे मैचों में 1617 रन और 110 विकेट के साथ, मिराज वर्तमान में आईसीसी रैंकिंग में वनडे ऑलराउंडरों में चौथे स्थान पर हैं। वह मोहम्मद रफीक, मशरफे मुर्तजा और शाकिब अल हसन के साथ बांग्लादेशी क्रिकेटरों के एक विशेष समूह का भी हिस्सा हैं, जिन्होंने इस प्रारूप में 1000 रन और 100 विकेट पूरे किए हैं। इससे पहले, ऑलराउंडर को अगले महीने श्रीलंका में होने वाले अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के अपने पहले असाइनमेंट के लिए बांग्लादेश की टेस्ट टीम में उप-कप्तान के रूप में नामित किया गया था। बीसीबी क्रिकेट संचालन समिति के अध्यक्ष नजमुल अबेदीन ने उन्हें पुरस्कृत करने के निर्णय के पीछे ऑलराउंडर की निरंतरता की ओर इशारा किया।

उन्होंने कहा कि मिराज ने बल्ले और गेंद दोनों से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और टीम में जुझारू भावना और संक्रामक ऊर्जा लेकर आए हैं। उनके प्रदर्शन, नेतृत्व के गुण और समग्र परिपक्वता उन्हें हमारी वनडे टीम का मार्गदर्शन करने के लिए एक उपयुक्त विकल्प बनाती है। अबेदीन ने कहा कि हम शांतो द्वारा अपनी कप्तानी के दौरान दिखाई गई सकारात्मकता और चरित्र के लिए आभारी हैं। वह हमारे नेतृत्व समूह का एक अभिन्न अंग और बल्लेबाजी इकाई में एक प्रमुख व्यक्ति बने हुए हैं।

# मिशेल स्टार्क ने दिखाया दम ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बनाए 207 रन

● ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 282 रना का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया




**लंदन, वार्ता।** मिशेल स्टार्क (58 नाबाद) और जोश हेजलवुड (17) के साथ 59 रन की महत्वपूर्ण साझीदारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के तीसरे दिन शुक्रवार को अपनी दूसरी पारी 207 रन पर समाप्त की और पहली पारी की लीड को जोड़ने के बाद दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 282 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। लार्डस की पिच पर आज सुबह आठ विकेट पर 144 रन से आगे खेलने मैदान पर उतरे स्टार्क और नाथन लियोन की जोड़ी को कैगिसो रबाडा ने जल्द ही तोड़ दिया जब लियोन अपने दो रन के निजी स्कोर पर पगबा. धा करार दिये गए। उस समय लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी जल्द ही सिमट जायेगी मगर नये बल्लेबाज हेजलवुड के साथ स्टार्क ने मैदान पर रंग जमाया और दोनो ने दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों का संयम से सामना करते हुये टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचा दिया। भोजनावकाश से ठीक पहले हेजलवुड एडन मारक्रम का शिकार बन गए। पवेलियन में अविजित लौटे स्टार्क ने अपनी अर्द्धशतकीय नाबाद पारी में 136 गेंदो का सामना किया और पांच बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका के लिए रबाडा ने सर्वाधिक चार विकेट चटकाये। पहली बार टेस्ट चैंपियन बनने के लिए दक्षिण अफ्रीका को अब 282 रनो के लक्ष्य को भेदना होगा।

# कौर ने 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन में जीता कांस्य पदक

**म्यूनिख, वार्ता।** भारत की राइफल शूटर सिफ्ट कौर समरा ने आईएसएसएफ विश्व कप 2025 में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपनी उपलब्धियों में एक और इजाफा किया। 23 वर्षीय शूटर ने इससे पहले 2022 एशियाई खेलों में विश्व रिकॉर्ड के साथ इतिहास रचा था। उन्होने फाइनल के दौरान दृढ़ता का परिचय दिया और 453-1 अंक हासिल कर आठ महिलाओं के बीच उच्च दबाव वाले मुकाबले में तीसरा स्थान हासिल किया। नीलिंग और प्रोन राउंड के बाद लीडरबोर्ड के बीच में होने के बावजूद, समरा ने स्टैंडिंग सीरीज़ में जबरदस्त धैर्य और निरंतरता दिखाई। अच्छी तरह से समयबद्ध 10 की उनकी श्रृंखला ने उन्हें रैंकिंग में ऊपर पहुंचा दिया।4 वे स्विट्जरलैंड की रजत पदक विजेता एमिली जैगी (464-8) से केवल 0-9 अंक पीछे रहीं। नॉर्वे की दो बार की ओलंपियन जीनेट हेग ड्यूस्टैड ने स्वर्ण पदक जीता, जिन्होंने 466-9 का शानदार स्कोर बनाया। इस साल विश्व कप प्रतियोगिता में यह समरा का दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने ब्यूनस आयर्स में इसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था और पिछले साल म्यूनिख में भी कांस्य पदक जीता था। इससे पहले क्वालीफिकेशन राउंड में समरा 592 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रही थीं। साथी भारतीय आशी चौकसे (589) और अंजुम (586) क्रमश: 11वें और 27वें स्थान पर रहीं और फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहीं।

## कमिंस 300 विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों के क्लब में शामिल

**लार्डस, वार्ता।** क्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फ़ाइनल मैच के दूसरे दिन छह विकेट झटक कर ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने अपना नाम करियर में 300 विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों की फेहरिस्त में शामिल कर लिया। कमिंस ने 18-1 ओवरों में 28 रन देकर छह दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को पवेलियन पहुंचाया विकेट चटकाए। कमिंस टेस्ट में 300 विकेट हासिल करने वाले 40वें गेंदबाज़ हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए यह कारनामा करने वाले वह आठवें गेंदबाज़ हैं। तेज़ गेंदबाज़ों की अगर बात करें तो वह 300 विकेट हासिल करने वाले 30वें और ऑस्ट्रेलिया के लिए छठे गेंदबाज़ हैं। वह गेंदों के लिहाज़ से 300 विकेट तक पहुंचने वाले पांचवें सबसे तेज़ गें. दबाज़ हैं। उन्होंने 300 विकेट के आंकड़े तक पहुंचने के लिए 13,725 गेंदें ली। इस तालि. का में दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा शीर्ष पर है जिन्होने 300 विकेट की उपलब्धि 11817 गेंद खर्च कर हासिल किये थे। कमिंस ने सबसे तेज़ 300 विकेट पूरे करने वाले संयुक्त रूप से 10वां गेंदबाज़ बनते हुए इमरान खान की बराबरी कर ली। दोनों ने 68 टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की। कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया की जीत में इस मैच से पहले कुल 184 विकेट लिए थे। जेसन गिलेस्पी, मिचेल जॉनसन, डेनिस लिली, ब्रेट ली, मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्ग्रा उनसे इस मामले में आगे हैं लेकिन इन में से किसी भी गेंदबाज़ की औसत कमिंस के 18-09 की औसत से बेहतर नहीं है।

# हाईवे पर टैंकर चालक की हार्ट अटैक से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** मुरादाबाद टांडा रामनगर रोड पर सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी के निकट सड़क किनारे खड़े टैंकर का चालक ड्राइविंग सीट पर मृत अवस्था में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। शुक्रवार की सुबह को मुरादाबाद टांडा रामनगर रोड पर स्थित सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी से बीस मीटर की दूरी पर14टायरा टैंकर खड़ा था। टैंकर में एथोनोल भरा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टैंकर में कोई हलचल नहीं होने पर चौकी इंचार्ज पंकज राठी ने टैंकर के पास जाकर चालक को जगाने का प्रयास किया। पुलिस ने खिड़की खोलकर चालक को हिलाया डुलाया तब उसकी मौत होने का पता चला। टैंकर में चालक





मृतावस्था में मिलने पर लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने मृतक की जेब में रखे आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस देखा तो उसका नाम राजू सिंह (52) पुत्र राजेन्द्र पता पचपेड़ा बरेली का होने का पता चला। टैंकर मुरादाबाद निवासी गोपाल संस का बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने बताया कि बरेली निवासी चालक राणा शुगर मिल बेलबाड़ा से एथोनोल भरकर गुरुवार की रात को दस बजे हरियाणा के रेवाड़ी के लिए चला था। संभवत: चालक को दिल का दौरा पड़ा तो उसने वाहन को सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी के निकट सड़क के किनारे खड़ा किया। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। पीएम रिपोर्ट में चालक की मौत दिल का दौरा पड़ने की पुष्टि हुई है।

## अहमदाबाद हादसे के मृतकों के प्रति व्यक्त की शोक संवेदना

**चन्दौसी।** किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन श्रद्धांजलि अर्पित की। सोसाइटी अध्यक्ष डॉ नीलम वार्ष्णेय ने कहा 12 जून को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे से पूरा देश हैरान एव दु:खी है, जिसमे सभी विमान यात्री बुजुर्ग, युवा, महिला, बच्चे हादसे के शिकार हुए उनकी आत्मा शांति के लिए सोसाइटी के सदस्यों ने कैंडिल जलाकर श्रद्धांजलि दी। सोसाइटी संरक्षक डॉ टीएस पाल ने कहा विमान हादसे में मृत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से अपने चरणों मे स्थान देने की प्रार्थना की तथा जिस मेडिकल कॉलेज से विमान टकराया उसमें मौजूद डॉक्टर एवं स्टाफ के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना के साथ पीडिघ्त परिवारों को इस असीम दुख को सहन करने की हिम्मत प्रदान करें। इस दौरान सरंक्षक डॉ इंदु अग्रवाल, रूबी वार्ष्णेय, भक्ति वार्ष्णेय, लक्ष्मी चौहान, किरन वार्ष्णेय, अंजू अग्रवाल, सौरभ वार्ष्णेय, प्रतिभा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# टीएमयू के प्रो. अनुराग वर्मा की झोली में गैस्ट्रोरिटेंटिव फॉर्मूलेशन पर इंडियन पेटेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनुराग वर्मा को बड़ी उपलब्धि मिली है। प्रो. वर्मा को कार्बोक्सीमिथाइलेटेड गम स्टर्कुलिया के संग गैस्ट्रोरिटेंटिव फॉर्मूलेशन पर प्रथम भारतीय पेटेंट प्राप्त हुआ है।

इस पेटेंट का उद्देश्य एक ऐसी औषधि वितरण प्रणाली विकसित करना है, जो पेट में लंबे समय तक ठहर सके। साथ ही सक्रिय औषधीय घटकों की अवशोषण प्रक्रिया को बेहतर बनाकर उपचार की प्रभावशीलता को बढ़ा सके। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने प्रो. वर्मा को इस वैज्ञानिक उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा, यह पेटेंट यूनिवर्सिटी की अनुसंधान संस्कृति का प्रतीक है। इंडियन पेटेंट ने इस शोध कार्य को पेटेंट संख्या 551569 के अंतर्गत स्वीकृति दी है। यह पेटेंट फार्मास्युटिकल फॉर्मूलेशन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अनुसंधान में डॉ. वर्मा के साथ महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी, बरेली की सीनियर फैकल्टी डॉ. अमित कुमार वर्मा सह-पेटेंटधारी के रूप में जुड़े हैं। टीएमयू फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वर्मा बताते हैं, इस फॉर्मुलेशन में प्राकृतिक गम स्टर्कुलिया को कार्बोक्सीमिथाइलेट करके एक नवीन मैट्रिक्स तैयार किया गया है। यह औषधि को नियंत्रित गति से रिलीज करने में सक्षम है। यह तकनीक विशेष रूप से उन रोगों के उपचार में सहायक हो सकती है, जिनमें दीर्घकालिक औषधि प्रभाव की आवश्यकता होती है, जैसे कि गैस्ट्रिक अल्सर, हाइपरएसिडिटी या क्रॉनिक संक्रमण। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन कहते हैं, यह पेटेंट न केवल संस्थान की शोध क्षमताओं को दर्शाता है, बल्कि भारतीय नवाचार को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है, प्रो. अनुराग वर्मा के विभिन्न इंटरनेशल और नेशनल जर्नल में 160 रिसर्च पेपर्स प्रकाशन के संग-संग 10 चौप्टर्स भी फार्मेसी की विभिन्न इंटरनेशनल पुस्तकों में शामिल हैं। बतौर फार्मेसी टीचिंग 25 साल की विकास यात्रा भी है।

# 23 यूपी बटालियन एनसीसी ने प्रमाण पत्र किए वितरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** 23 यूपी बटालियन एनसीसी के द्वारा बी व सी प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कैडटों को बी व सी प्रमाण पत्र वितरित किए।कार्यक्रम की शुरुआत से पहले सभी एनसीसी कैडेट और एनसीसी अधिकारियों ने अहमदाबाद विमान हादसे में मरे लोगों के आत्मा की शांति के लिए घायलों की शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना की।23 यूपी बटालियन एन सी सी के कमान अधिकारी कर्नल रघु पठानिया द्वारा एनसीसी कैडटों को प्रमाण पत्र वित. रित किए गए कर्नल रघु पठानिया ने इस मौके पर कहा की ष्बीश प्रमाण पत्र एनसीसी कैडेट को 2 वर्ष के कठिन प्रशिक्षण के बाद बी प्रमाण पत्र की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद दिया जाता है।इन दो वर्षों के अंदर एनसीसी कैडेट को एक कैंप करना होता है परेड पर 80 प्रतिशत उसकी उपस्थिति अनिवार्य है और बी प्रमाण पत्र की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है इसी प्रकार सी प्रमाण पत्र में एनसीसी कैडेट को 3 वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाता है और उसे दो कैंम्प करना अनिवार्य होता है और परेड पर 80 प्रतिशत उपस्थित अनिवार्य है और बी प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण करने वाला कैडेट ही सी प्रमाण पत्र की परीक्षा दे सकता है कर्नल रघु पठानिया ने आगे कहा की कि आपकी उम्र इस समय कठिन परिश्रम की है और मेहनत के बल पर आप अपना करियर बना सकते हैं एनसीसी आपके भविष्य निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है क्योंकि स्पेशल एंट्री स्कीम के द्वारा आप सेना में अपनी सेवाएं दे सकते हैं



ऑपरेशन सिंदूर के बाद क्रेडिट कार्ड को डिजास्टर मैनेजमेंट /आपदा प्रबंधन का भी प्रशिक्षण दिया गया क्योंकि एनसीसी फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में काम करती है उन्होंने सभी कैडेटों को प्रमाण पत्र देते समय उन्हें उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर एस के नेथन नेकेड चरित्र निर्माण के लिए प्रेरित करने कहा एनसीसी का मुख्य उद्देश्य कैडटों का चरित्र निर्माण करना है और बटालियन लगातार इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस मौके पर मेजर राजीव ढल ने कहा की एनसीसी एक ऐसा प्लेटफार्म है जो व्यक्तित्व विकास की पाठशाला है। उन्हें नक्शा अध्ययन, फील्ड क्राफ्ट,बैटल क्राफ्ट, ड्रिल, प्रशिक्षण और फायरिंग का अभ्यास कराया जाता है जिससे एक अच्छे निशानेबाज बन सके सामाजिक सेवाएं कराई जाती है जैसे6 पौधारोपण, जल संरक्षण,नशा मुक्त भारत अभियान, रक्तदान, ट्रैफिक कंट्रोल,आपदा प्रबंधन आदि का प्रशिक्षण देकर देश का एक जिम्मेदार नागरिक बनाया जाता है जो किसी भी आपात स्थिति में निपटने को तैयार रहे। उन्हें साहसिक अभियानों से भी जोड़ा जाता है जैसे साइकिल एक्सपीडीशन,माउंटेनियरिंग वॉटर राफ्टिंग,पैरासेलिंग आदि बी व सी प्रमाण पत्र की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद एनसीसी कैडेट को विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा भर्ती के समय वरीयता दी जाती है। मेजर राजीव ढल ने आगे बताया कि जिन कैडटों ने बी प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण की है वह सी प्रमाण पत्र के लिए आहार्य हो गए हैं।इस मौके पर कर्नल रघु पठानिया,मेजर एस के नाथन,मेजर राजीव ढल,,फुरकान अहमद, डा.खेमेन्द्र शर्मा,गिरिराज सिंह ,सूबेदार मेजर मुकेश कुमार, सूबेदार राजेन्द्र सिंह, सूबेदार सतीश कुमार, सूबेदार दिलीप कुमार, हवलदार यतीन्द्र कुमार, हवलदार तेज कुमार लिंबू, हवलदार मोईन एजाज, नायक तरूण राठी अमित कुमार,सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।

# चोरों ने मेडिकल स्टोर को बनाया निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शुक्रवार को नगर के जारई रोड तहसील गेट के निकट देर रात चोरों ने एक मेडिकल स्टोर को निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि दुकान में पहले लगाया कमूल लगाया, फिर अंदर जाने के लिए दरवाजे को तोड़ कर रास्ता बनाकर चोर घुस आये और गल्ले में रखे 26 हजार रुपये, नकदी उड़ा ले गए। सुबह दुकान खोलने पहुंचे दुकान स्वामी ने शटर खोला तो दंग रह गए। गल्ले में रखा रुपया गायब था। दुकान का सामान इधर उधर बिखरा पड़ा था। दुकान स्वामी ने घटना की सूचना पुलिस कोतवाली दी। पुलिस ने पहुंचकर मामले की जांच में पड़ताल शुरू कर दी है। चंदौसी निवासी गौरव भारद्वाज जारई रोड तहसील गेट के बराबर में मेडिकल स्टोर की दुकान



संचालित करते हैं। प्रतिदिन की तरह दुकान बंद कर घर चले गए। सुबह 9 बजे के करीब दुकान पर पहुंचे और शटर खोलकर अंदर पहुंचे। गल्ले से नकदी गायब था। पीडिघ्त ने बताया कि चोरों ने दुकान में कूमल लगाकर गेट तोड़ दिया, सब्बल से रास्ते वाले दरवाजे तोड़कर दुकान में प्रवेश किया है। दुकान से नगदी के अलावा हजारों रुपये का सामान उठा ले गए। पीडित की सूचना पर पहुंची पुलिस। साथ ही चंदौसी कोतवाली प्रभारी मोहित कुमार ने मामले की जांच पड़ताल की। पीडिघ्त गौरव कुमार पुत्र शिशुपाल शर्मा ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# बहुप्रतिष्ठित एमएनसी कोंसेंट्रिक्स में टिमिट की छात्रा का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट की बीबीए 2025 पासआउट बैच की मेधावी छात्रा आयुषी जैन ने अपनी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प से कॉर्पोरेट क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है। आयुषी का चयन प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनी कोंसेंट्रिक्स कॉर्पोरेशन में टेक्निकल सपोर्ट एग्जीक्यूटिव पद पर गुरुग्राम स्थित कार्यालय में हुआ है। कोंसेंट्रिक्स कॉर्पोरेशन एक अग्रणी वैश्विक ग्राहक सेवा और तकनीकी समाधान प्रदाता कंपनी है, जो विश्व की कई जानी-मानी कंपनियों के साथ कार्य करती है। कंपनी का उद्देश्य उत्कृष्ट ग्राहक अनुभव प्रदान करना और युवाओं को व्यावसायिक विकास के सुनहरे अवसर देना है। आयुषी का चयन तीन चरणों की चयन प्रक्रिया के बाद हुआ, जिसमें ऑनलाइन मूल्यांकन, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल थे। सभी चरणों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। टेक्निकल सपोर्ट एग्जीक्यूटिव पद पर आयुषी जैन की नियुक्ति, टिमिट कॉलेज की इंडस्ट्री-ओरिएंटेड ट्रेनिंग और छात्र विकास कार्यक्रमों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। टिमिट कॉलेज के डीन प्रो. विपिन जैन ने इस उपलब्धि पर आयुषी को बधाई देते हुए कहा, "यह सफलता न केवल आयुषी की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि टिमिट के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण का प्रमाण भी है।" इस अवसर पर कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने भी आयुषी को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने यह भी कहा कि, " टिमिट कॉलेज निरंतर



आयुषी जैन

छात्रों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षित कर उनके करियर को दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है।"

टिमिट कॉलेज हमेशा से ही प्रतिभाशाली छात्रों को कॉर्पोरेट क्षेत्र से जोड़ने और उनके सर्वांगीण विकास हेतु तत्पर रहा है।

# लुटेरों तक पहुंचने के लिए पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी कैमरे

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत लूटेरे तंमचे की नोक पर सर्राफ से आभूषण भरा थैला व 50 हजार रूपये की नकदी लूटकर ले गये। सर्राफ का आरोप है कि वह अपनी भाभी मोनिका रस्तोगी के साथ दुकान बंद करके चन्दौसी का रहा था, जैसे ही उसकी बाइक जारई रोड स्थित ब्लू वाटर पार्क के पास पहुंची तभी अचानक अपाचे व स्पेलंडर बाइक पर सवार पांच बदमाशों ने तंमचे की नोक पर जेवरों व नकदी से भरा थैला लूट कर चन्दौसी की ओर फरार हो गये। यहां बताते चले कि पांच वर्ष पूर्व भी इसी स्थान पर खाद्य व्यापारी के साथ लूट के बाद हत्या की गई थी जिसमें पुलिस ने एनकाउंटर भी किये थे और एक बदमाश ने बिलारी क्षेत्र में फांसी भी लगा ली थी। मृतक खाद्य व्यापारी था, जो थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में खाद्य की दुकान चलाता था। फिलहाल कितना जेवर व रूपया गया है यह तो सर्राफ ही बता सकता था। सर्राफ कुढ़फतेहगढ़ में ज्वैलर्स की दुकान पर गिरवी गांठे का काम भी करता था। पुलिस अब लूटेरों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी कैमरे के फुटैज खंगाल रही है। इसके लिए एसओजी टीम सहित 10 टीमें लगायी गयी हैं। पुलिस व्यापारी से लूटेरे तक सभी की गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए है। क्योंकि मामला लूट का है और आभूषण 10 लाख से ऊपर बताये जा रहे हैं। फिलहाल खुलासे के बाद सच्चाई सामने आयेगी कि कितना माल लूटा गया है।

चन्दौसी कोतवाली पुलिस लगातार छानबीन में जुटी हुई है।

# विमान हादसे के मृतकों को सपा कार्यालय पर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के डाकबंगले के निकट स्थित सपा कैम्प कार्यालय एम.आई. हाउस पर शुक्रवार को गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के मृत यात्रियों एवं हादसे की चपेट में आए मेडिकल स्टाफ के मृतकों के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि गुजरात के अहमदाबाद में हवाई जाहज के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना से स्तब्ध हूं।

दुर्घटना में हताहत हुए लोगों और उनके परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं है। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने अपने अल्लाह और भगवान से दुआ और प्रार्थना की कि



शोकाकुल परिवार को कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आदेशानुसार तीन दिन तक के लिए रदद कर दिए है। इस अवसर पर हाजी मौ0 उसमान एडवोकेट, अनवार अली, सददाम प्रधान, वासिक अंसारी, विनोद, दारा सिंह गौतम, विनोद जाटव, लक्ष्मी नारायण श्रीवास्तव, महेन्द्र श्रीवास्तव , रूप किशोर कश्यप, अनवार मलिक, इकबाल अहमद, नदीम खान, अनुज भटनागर, सतेन्द्र चौधरी, सुमित शर्मा, पुलकित शर्मा, बादशाह, मौ0 मारूफ, सालिम आदि मौजूद रहे।

# राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंगर स्मृति सम्मान से रामदत्त द्विवेदी सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** साहित्य के प्रसार एवं संरक्षण को पूर्ण रूप से समर्पित संस्था साहित्यिक की ओर से साहित्यकार राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग की जयंती पर सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें हिन्दी साहित्य के प्रति समर्पण एवं सक्रियता के लिए वयोवृद्ध साहित्यकार रामदत्त द्विवेदी को अंगवस्त्र, मानपत्र, श्रीफल भेंट कर राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य कला मंच,वर्णन प्रकाशन, हेमा तिवारी भट्ट और मनोज मनु द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया गया।समारोह का शुभारंभ मनोज व्यास द्वारा स्मृतिशेष पंडित मदन मोहन व्यास रचित मां सरस्वती वंदना की प्रस्तुति से हुआ। साहित्यिक के संस्थापक डॉ मनोज रस्तोगी ने स्मृतिशेष राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग का जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि 12 जून 1934 को जन्में राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग ने हिन्दी साहित्य की विभिन्न विधाओं में लेखन किया। उनकी तीन कृतियां अर्चना के गीत, शकुंतला और मैंने कब ये गीत लिखे हैं प्रकाशित हो चुकी हैं।अप्रकाशित रचनाओं में मुक्तक शतक (मुक्तक संग्रह), गहरे पानी पैठ (लघुकथा संग्रह), श्रृंगारिकता( मुक्त छंद), सीख बड़ों ने हमको दी (बालोपयोगी कविताएं), भूली मंजिल भटके राही, अंबर के नीचे (कहानी संग्रह), अंतर्दृष्टि , लेखांजलि, साहित्य के गवाक्ष में मुरादाबाद (मुरादाबाद के साहित्यकारों के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विवेचनात्मक लेख) उल्लेखनीय हैं। उनका देहावसान 17 दिसंबर 2013 को हुआ। कार्यक्रम सह संयोजक





जितेन्द्र कुमार जौली ने सम्मानित विभूति रामदत्त द्विवेदी का जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि 30 जून 1937 को रामपुर की तहसील शाहबाद में पंडित गोपाल दत्त द्विवेदी एवं कैलाशो देवी के पुत्र के रूप में जन्में रामदत्त द्विवेदी हिन्दी साहित्य के प्रति समर्पित भाव से सक्रिय हैं। उनकी दो काव्य-कृतियां श्हम अंधेरों को मिटायेंश और श्खुद को बदलना होगाश प्रकाशित हो चुकी हैं। वह हिन्दी साहित्य संगम के अध्यक्ष भी हैं। इस अवसर पर साहित्यकारों द्वारा राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग के गीतों की प्रस्तुति भी की गई। मनोज मनु ने उनका गीत .... ज्योति की राह पर रख दिए जो चरण, वे चरण बढ़ गए फिर रुके ही नहीं, मीनाक्षी ठाकुर ने उनका गीत लग रही आज है आज इस देश में तुम गगन से अंगारे गिराओ नहीं प्रस्तुत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ महेश दिवाकर ने कहा कि छह दशक से भी अधिक हिन्दी की निरंतर बहुआयामी सेवा करने वाले राजेंद्र मोहन शर्मा श्श्रृंगश साहित्यिक संस्था हिंदी साहित्य संगमश के संस्थापक अध्यक्ष थे। विज्ञान कथा लेखक राजीव सक्सेना ने कहा उन्होंने न केवल साहित्य सृजन किया बल्कि युवा साहित्यकारों की एक पौध भी तैयार की।कार्यक्रम संयोजक योगेन्द्र वर्मा व्योम का आलेख प्रस्तुत करते हुए आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ ने कहा श्रृंग जी के गीतों में श्रंगार और प्रकृति चित्रण के साथ साथ छायावाद की छाया भी दिखाई देती है। उनके गीतों की भाषा आम जनभाषा के साथ साथ विशुद्ध संस्कृतनिष्ठ हिन्दी भी है।इसके अतिरिक्त डॉ कृष्ण कुमार नाज, डॉ पूनम बंसल, डॉ प्रदीप शर्मा, हेमा तिवारी भट्ट, चंद्रहास कुमार हर्ष, अशोक विद्रोही, अल्पना मिश्रा, खुशबू शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर दुष्यंत बाबा, वीरेंद्र सिंह बृजवासी, प्रदीप विरल, घनश्याम सिंह चौहान, रूप चंद्र गोयल, बेचैन, नकुल त्यागी, श्याम रस्तोगी, मुकुल व्यास, एल एस तोमर, अमर सक्सेना, कमल शर्मा, विवेक कुमार निर्मल, शर्मिष्ठा मिश्रा, राखी शर्मा, नीति शर्मा, प्रतीक्षा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### एंबुलेंस सेवा में भर्ती 18 से 21 जून तक

**मुरादाबाद।** 108/102 एंबुलेंस सेवा जिला प्रभारी जितेंद्र सिसोदिया ने बताया ईएमटी एवं चालक (पायलट) के पदों पर भर्ती प्रक्रिया 18 जून से 21 जून तक जिला बिजनौर में चलेगी इसमें पूरे उत्तर प्रदेश के व्यक्ति सम्मिलित हो सकते हैं। यह भर्ती खुली भर्ती के रूप में की जाएगी इसमें अभ्यर्थी अपने सभी ओरिजिनल डॉक्यूमेंट लेकर राजकीय आईटीआई कॉलेज, निकट वेव शुगर मिल, नगीना रोड, बिजनौर में उपस्थित शामिल हो सकते हैं। उन्होने बताया कि उपरोक्त पदों पर भर्ती अनुबंधित निजी संस्था की ओर से की जा रही हैं, इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक व अन्य सम्बंधित कागजातों (ओरिजिनल और फोटोकॉपी दोनों) एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपरोक्त पते पर भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

### शुक्रवार को हुई बारिश ने बढ़ाई उमस



**चन्दौसी।** जून माह में पिछले 10 दिन से भीषण गर्मी पड़ रही है। लोग पारा बढ़ने पर परेशान है। आखिर गर्मी कितना सितम करायेगी तापमान 45 डिग्री से 47 डिग्री पहुंच रहा है। गर्मी से शरीर में लगातार कमी हो रही है। सूर्य नारायण प्रचण्ड गर्मी का कहर बरसा रहे है। 12 जून बीत चुका था पर मानसून नहीं आया शुक्रवार की सुबह आकाश में काले-काले बादल दिखायी दिये फिर पूरव हवा के साथ काले-काने बादल गगन में आ गये, बड़ी-बड़ी बूदों के साथ इन्द्र देवता ने बारिश शुरू करा दी।

30 मिनट की बारिश एवं ठण्डी हवाओं ने पारा गिरा दिया, फिर तेज बारिश के साथ तापमान में गिरावट आयी कुछ समय के लिए मौसम सुहाना हो गया। लेकिन सूर्य नारायण फिर तेज के साथ चमके, मौसम में फिर गर्मी शुरू हो गयी। लगभग एक घण्टे के अन्दर उमस भरी गर्मी और बढ़ गयी।

### रामनौमी मौहल्ले में एसआईवी टीम ने की छापेमारी



**चन्दौसी।** टैक्स को लेकर चन्दौसी मैंथा व्यापारी गोलमाल कर रहे हैं। इधर एसआईवी टीम ऐसे फर्मों पर सक्रिय है। जो गोलमाल करके टैक्स चोरी करते हैं। पिछले सप्ताह में पुलिस चौकी सीता रोड पर पांच कुन्तल मैंथा क्रिस्टल पकड़ा था। जिसें एसआईवी टीम ने अपने सुपुर्द कर कार्यवाही की। वहीं देर रात में एक मैंथा फर्म पर एसआईवी टीम ने छापा मारा और दस्तावेजों की जांच करती रही। यह घटना चन्दौसी के मोहल्ला रामनौमी स्थित आशू बंसल की मैंथा फर्म पर टैक्स चोरी को लेकर की गई थी। असिस्टेंट कमीश्नर रणन्जय के अनुसार कुछ फर्मों की लिस्ट मिली है।

जिनके द्वारा भारी कर चोरी करने की संभावना है। ऐसी फर्मों पर एसआईवी टीम लगातार कार्यवाही कर है। इसी के चलते मौहल्ला रामनौमी स्थित फर्म पर छापा मारा गया। जांच के बाद सारे प्रपत्र असिस्टेंट सहायक आयुक्त टीम अपने साथ ले गयी। जांच के बाद पूरी कार्यवाही की जायेगी।

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर बाल श्रम मुक्त की दी जानकारी

**बहजोई।** पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार के आदेश के अनुक्रम एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा व क्षेत्राधिकारी बहजोई आलोक कुमार सिद्धू के निर्देश के क्रम में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में बाल श्रम के विरुद्ध श्रम विभाग एनजीओ जस्ट राइट व थाना ए.एच.टी की संयुक्त टीम द्वारा जन जागरूकता गोष्ठी एवं कार्यशाला तथा जनपद संभल के समस्त थानों पर नियुक्त पुलिस बाल कल्याण अधिकारियों की मासिक गोष्ठी नगर पालिका परिषद सभागार संभल में आयोजित की गई। गोष्ठी में बाल श्रम को रोकने के बारे में विचार व्यक्त किए गए तथा बाल श्रम रोकना सभी का कर्तव्य है किस प्रकार हम जनपद को बाल श्रम मुक्त कर सकते है व बाल श्रम कराने से संबंधित अपराधों की भी जानकारी दी गई तथा विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष में थाना ए0एच0टी0 द्वारा हयातनगर थाना क्षेत्र में बाल श्रम के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया गया अभियान में उजाला इंडिया ईंट उद्योग, अल मकम ब्रिक वर्क, श्री गणेश ईंट उद्योग, लहरा कुम. रगर भट्ठा, जय अंबे गौरी ईंट भट्टा, जय नीलकंठ ब्रिक वर्क, जय शिव शक्ति ब्रिक वर्क, जय श्री कृष्णा ब्रिक वर्क, न्यू खान ब्रिक वर्क, इंसान ब्रिक वर्क, कुल 10 भट्टों को चेक किया।

थाना एएचटी की टीम द्वारा प्रत्येक भट्टे पर जाकर भट्ठा मालिक /मैनेजर/ मुंशी व अन्य को बाल श्रम में बच्चों को न लगाने के संबंध में जागरूक किया गया एवं बताया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर ना रखा जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है तथा इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 108, 112, 1076, 181 आदि के संबंध में जानकारी दी गई। गोष्ठी में सिटी मजिस्ट्रेट, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद संभल, बाल कल्याण समिति जनपद संभल, चिकित्सा विभाग, श्रम विभाग जनपद सम्भल, जिला प्रोबेशन अधिकारी जनपद संभल, जिला पंचायत राज अधिकारी जनपद संभल, थाना प्रभारी, गौरी शंकर प्रोजेक्ट मैनेजर जस्ट राइट्स प्रयत्न संस्था जनपद संभल व व्यापार मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अभियान में प्रभारी निरीक्षक थाना सत्य विजय सिंह, हेड का0 दीपक सिंह, कांस्टेबल नवीन कुमार व चालक मयंक उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

शनिवार, 14 जून 2025

## शांति की पहल को धक्का

आखिर वही हुआ जिसकी आशंका काफी समय से व्यक्त की जा रही थी। ईरान को किसी भी हाल में परमाणु न बनाने देने की अपनी मुहिम के चलते इजरायल ने शुक्रवार की सुबह ईरान पर 200 फाइटर जेटों के साथ धावा बोल दिया। इस हमले में ईरान के सेना प्रमुख स्पेशल फॉर्स के चीफ दो बड़े परमाणु वैज्ञानिक समेत पांच बड़े अफसर मारे गए। हमले के बाद भी इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने वही अपनी पुरानी बात दोहराई और कहा कि ईरान परमाणु बम तैयार करने वाला था इस पर हमला किया गया।

इजरायली सेना ने यह भी दावा किया कि इरान के पास 15 परमाणु बम बनाने लायक यूरेनियम है। जाहिर है जिस तरह ईरान के सेना प्रमुख व वैज्ञानिक मारे गए, जाहिर है उसके निशाने पर न्यूक्लियर प्लांट्स और बड़े मिल्ट्री अफसरों के रेजिडेंशियल कॉम्पलैक्स थे। इजरायल अपने इन हमलों को बेहद सफल बता रहा है और दावा कर रहा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम अब काफी पीछे धकेल दिया गया है। यूं तो ईरान ने भी पलटवार किया और सौ विस्फोटक ड्रोनों से इजरायल पर हमला बोला, लेकिन इजरायल का दावा है कि उसने अपने मजबूत डिफेंस के चलते इन हमलों को नाकाम कर दिया। जैसाकि हमने पहले ही कहा कि इन हमलों की पहले से ही आशंका थी, लेकिन हाल–फिल्हाल ऐसा नहीं लग रहा था, उसका कारण भी था, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के साथ चल रही न्यूक्लियर वार्ता को लेकर काफी आशान्वित दिखाई दे रहे थे। ऐसी भी खबरें आ रही थीं कि इजरायल तो ईरान पर हमला करने के लिए हर समय तैयार है लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति उसे ऐसा न करने के लिए मना कर रहे हैं। इसलिए ऐसा मानने के लिए अच्छे भले कारण हैं कि डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को वार्ता की गफलत में डालकर इजरायल से हमला करवा दिया। थोड़ी सी नानुकुर के बाद अब तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया कि इजरायल ने जो ईरान पर हमला किया है उसे उसकी पूरी तरह जानकारी थी। इतना ही नहीं उन्होंने ईरान को चेतावनीभरे अंदाज में कहा भी कि अगर वह कठोर कार्रवाई से बचना चाहता है, तो वह अपना परमाणु कार्यक्रम छोड़ने के लिए जितनी जल्दी तैयार हो जाए वह उसके लिए बेहतर है। जहां तक बात ईरान की है, ईरान जरा भी पीछे हटने के संकेत नहीं दे रहा है और उसने साफ कर दिया है कि वह इजरायल के साथ युद्ध में अब किसी भी सीमा तक जाएगा और इजरायल पर हुए हमले का पूरी ताकत से जवाब देगा। इस बीच इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भारत के पीएम मोदी से फोन पर बात भी की है। मोदी जी ने स्वयं अपने एक्स पर कहा है कि भारत ने ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव को लेकर चिंता व्यक्त की है और मतभेदों को वार्ता के जरिये सुलझाने की सलाह दी है। अभी यह कहना मुश्किल है कि यहां से बिगड़ी स्थिति किधर जाएगी, लेकिन इतना तो कहना ही पड़ेगा कि दिन–प्रतिदिन हालात अब बिगड़ते जा रहे हैं और कहीं से भी शांति की पहल होती दिखाई नहीं दे रही है। अगर ईरान बड़ा हमला इजरायल पर करता है तो निश्चित रूप से स्थिति काफी भयावह हो सकती है।

## दोहरे मानदंडों का खतरनाक प्रदर्शन



जहां तक उन्हें पता है, ईरान ने इजरायल को हमला करने के लिए कोई उकसावे की कार्रवाई नहीं की है, इजरायल ने इसे पूर्व प्रतिरोधी हमला बताते हुए एक देश के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया, यह दोहरे मानदंडों का खतरनाक प्रदर्शन है, अगर वैश्विक शक्तियां इस पर चुप रहती हैं, तो वास्तव में यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा, इजरायल ने जो किया है, वह रूस द्वारा यूक्रेन के साथ किए गए कार्यों के समान है, आप रूस के खिलाफ आवाज उठाते हैं, अभियान शुरू करते हैं, लेकिन जब इजरायल ईरान पर हमला करता है, तो अमेरिका, यूरोप और अन्य चुप रहते हैं, अगर एक देश का दूसरे पर हमला करना गलत है, तो ये तब भी गलत होना चाहिए, जब इजरायल ईरान पर हमला करता है।

**–उमर अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री, जम्मू–कश्मीर**

# रक्त की हर बूंद में छिपी होती है किसी घर की मुस्कान





योगेश कुमार गोयल

रक्तदान को पूरी दुनिया में सबसे बड़ा दान माना गया है क्योंकि रक्तदान ही है, जो न केवल किसी जरूरतमंद का जीवन बचाता है बल्कि जिंदगी बचाकर उस परिवार के जीवन में खुशियों के ढेरों रंग भी भरता है। कल्पना कीजिए कि कोई व्यक्ति रक्त के अभाव में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है और आप एकाएक उम्मीद की किरण बनकर सामने आते हैं और आपके द्वारा किए गए रक्तदान से उसकी जिंदगी बच जाती है तो आपको कितनी खुशी होगी। हालांकि एक समय था, जब चिकित्सा विज्ञान इतना विकसित नहीं था और किसी को पता ही नहीं था कि किसी दूसरे व्यक्ति का रक्त चढ़ाकर किसी मरीज का जीवन बचाया जा सकता है। उस समय रक्त के अभाव में असमय होने वाली मौतों का आंकड़ा बहुत ज्यादा था किन्तु अब स्थिति बिल्कुल अलग है लेकिन फिर भी यह विड़म्बना ही कही जाएगी कि रक्तदान के महत्व को जानते–समझते हुए भी रक्त के अभाव में आज भी दुनियाभर में हर साल करोड़ों लोग असमय ही काल के ग्रास बन जाते हैं, जिनमें अकेले भारत में ही रक्त की कमी के चलते होने वाली ऐसी मौतों की संख्या करीब बीस लाख होती है क्योंकि देश में प्रतिवर्ष करीब पच्चीस लाख यूनिट रक्त की कमी रह जाती है।

दरअसल रक्तदान के महत्व को लेकर किए जाते रहे प्रचार–प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोगों के दिलोदिमाग में रक्तदान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान हैं, जैसे रक्तदान करने से संक्रमण का खतरा रहता है, शरीर में कमजोरी आती है, बीमारियां शरीर को जकड़ सकती हैं या एचआईवी जैसी बीमारी हो सकती है।

इस तरह की भ्रांतियों को लेकर लोगों को जागरूक करने के प्रयास किए जाते रहे हैं किन्तु अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी है। रक्तदान करने से शरीर को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं होता बल्कि रक्तदान से तो शरीर को कई फायदे ही होते हैं। जहां तक रक्तदान से संक्रमण की बात है तो सभी स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा रक्त लेते समय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तय मानक तरीके अपनाए जाते हैं, इसलिए संक्रमण का कोई खतरा नहीं होता। 18 साल से अधिक उम्र का शारीरिक रूप से स्वस्थ कम से कम 45 किलो से अधिक वजन का कोई भी व्यस्क स्वेच्छा से कम से कम तीन माह के अंतराल पर साल में 3–4 बार रक्तदान कर सकता है। कुछ लोगों को रक्तदान के समय हल्की कमजोरी का अहसास हो सकता है किन्तु यह चंद घंटों के लिए अस्थाई ही होता है। इसके उलट रक्तदान के फायदों की चर्चा करें तो रक्तदान करते रहने से खून की प्राकृतिक रूप से सफाई होती है और रक्त कुछ पतला हो जाने से खून में थक्के नहीं जमते, जिससे हार्ट अटैक की संभावना बेहद कम हो जाती है। रक्तदान के बाद शरीर में जो नए ब्लड सेल्स बनते हैं, उनमें किसी भी बीमारी से लड़ने की अपेक्षाकृत अधिक ताकत होती है और यह स्वच्छ व ताजा रक्त शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मददगार होता है, जिससे न सिर्फ कोलेस्ट्रॉल और रक्तचाप नियंत्रित रहता है बल्कि कैंसर जैसी बड़ी बीमारियों से बचाव, कुछ हद तक मोटापे पर नियंत्रण तथा कई संक्रामक बीमारियों से बचाव होता है। रक्त में आयरन की मात्रा नियंत्रित हो जाने से लीवर की कार्यक्षमता बढ़ जाती है।

जीवनदाई रक्त की महत्ता के मद्देनजर लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 14 जून 1868 को जन्मे कार्ल लैंडस्टीनर के जन्मदिवस पर 14 जून 2004 को रक्तदान दिवस की शुरूआत की गई थी और तब पहली बार विश्व स्वास्थ्य संगठन, इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेडक्रॉस तथा रेड क्रिसेंट सोसायटीज द्वारा 'रक्तदान दिवस' मनाया गया था, तभी से यह दिन 'रक्तदान' के नाम कर दिया गया। विश्व रक्तदान दिवस की शुरुआत का उद्देश्य यही था कि चूंकि दुनियाभर में लाखों लोग समय पर रक्त न मिल पाने के कारण मौत के मुंह में समा जाते हैं, अतः लोगों को रक्तदान करने के लिए जागरूक किया जाए। हमारे शरीर में शरीर के कुल वजन का करीब 7 फीसदी रक्त होता है और यदि हम उसमें से 3 फीसदी भी दान कर दें तो भी स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं होती। वैसे विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देशानुसार एक बार में किसी भी व्यक्ति का एक यूनिट अर्थात 450 मिलीलीटर से अधिक रक्त नहीं लिया जा सकता और इस रक्त की पूर्ति हमारा शरीर खुद ही 2–3 दिनों में ही कर लेता है। रक्तदान के बाद प्राप्त रक्त से आवश्यकतानुसार लाल रक्त कणिकाएं, प्लेटलेट्स, प्लाज्मा और क्रायोप्रेसिपिटेट अलग कर मरीजों के लिए उपयोग किए जाते हैं। आरबीसी का उपयोग रक्त लिए जाने के 42 दिन बाद तक किया जा सकता है जबकि प्लेटलेट्स केवल 5 दिन के अंदर उपयोग की जा सकती हैं। रक्तदान करते समय कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान अवश्य रखा जाना चाहिए, तभी आप द्वारा किया गया रक्तदान सार्थक होगा। आपको एड्स, मलेरिया, हेपेटाइटिस, अनियंत्रित मधुमेह, किडनी संबंधी रोग, उच्च या निम्न रक्तचाप, टीबी, डिप्थीरिया, ब्रोंकाइटिस, अस्थमा, एलर्जी, पीलिया जैसी कोई बीमारी हो तो रक्तदान न करें। माहवारी के दौरान या गर्भवती अथवा स्तनपान कराने वाली महिलाएं रक्तदान करने से बचें। यदि आपको टाइफाइड हुआ हो और ठीक हुए महीना भर ही हुआ हो, चंद दिनों पहले गर्भपात हुआ हो, तीन साल के भीतर मलेरिया हुआ हो, पिछले छह महीनों में किसी बीमारी से बचने के लिए कोई वैक्सीन लगवाई हो, आयु 18 से कम या 60 साल से ज्यादा हो तो रक्तदान न करें। जब भी रक्तदान करें, उससे कुछ समय पहले और कुछ समय बाद तक पर्याप्त पानी पीएं, भोजन में हरी सब्जियां तथा आयरन व विटामिन से भरपूर पौष्टिक आहार लें लेकिन रक्तदान से पहले जंक फूड, अधिक वसायुक्त भोजन के अलावा धूम्रपान, मद्यपान इत्यादि किसी भी प्रकार के नशे का सेवन करने से बचें। शराब पीते हैं तो 2–3 दिन पहले शराब का सेवन बंद कर दें।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार देश में प्रतिवर्ष एक करोड़ यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ती है किन्तु सिर्फ 75 लाख यूनिट रक्त ही उपलब्ध हो पाता है। देश की कुल आबादी के लिहाज से देखें और यह मानकर चलें कि एक व्यक्ति साल में केवल एक बार ही रक्तदान करता है तो भी इसका अर्थ है कि महज आधा फीसदी लोग ही रक्तदान करते हैं। यह बेहद चौंकाने वाली स्थिति है और आधुनिक विज्ञान के युग में भी रक्त की कमी के चलते लाखों लोगों की मौतों के मद्देनजर यह नितांत आवश्यक है कि आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित करने और उसके फायदे समझाने के लिए व्यापक स्तर पर जन–जागरण अभियान चलाया जाए। अपने रक्त से एक अनमोल जीवन बचाकर जो आत्मिक संतुष्टि मिलती है, वह अनमोल है, साथ ही हमारे शरीर का रोग प्रतिरोधी तंत्र भी रक्तदान से मजबूत होता है। स्वैच्छिक रक्तदान कर किसी की जान बचाकर जहां मानसिक खुशी मिलती है, वहीं रक्तदान करने वाले व्यक्ति का एक रक्तदाता कार्ड भी बना दिया जाता है, जिसका लाभ यह होता है कि यदि उसे या उसके किसी परिजन को सालभर के अंदर कभी रक्त की जरूरत पड़ जाती है तो वह इस रक्तदाता कार्ड के जरिए एक यूनिट रक्त ब्लड बैंक से आसानी से प्राप्त कर सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नीम करौली बाबा को अर्पित कंबल का महत्व

**कैंची धाम ट्रस्ट से जुड़े भुवन बिष्ट बताते हैं कि बाबा के चमत्कारों में भी कंबल की भूमिका रही है। कई बार बाबा ने इसी कंबल से चमत्कार दिखाए, जिनका वर्णन उनकी जीवनी और किताबों में मिलता है, वहीं बाबा को कंबल वाले बाबा के नाम से भी जाना जाता है। श्रद्धालु जब बाबा को कंबल चढ़ाते हैं, तो मंदिर में मौजूद पुजारी कम्बल को बाबा की मूर्ति से छुआकर प्रसाद के तौर पर वापिस देते हैं। जिसे श्रद्धालु अपने घर ले जाते हैं। इसे बाबा का प्रसाद और आशीर्वाद माना जाता है। यह कंबल भक्त अपने घर के पूजा स्थान में रखते हैं या फिर किसी पवित्र स्थान पर सुरक्षित रखते हैं।**

अफजल हुसैन फौजी



आस्था व श्रद्धा का प्रतीक कैंची धाम इन दिनों श्रद्धालुओं की आस्था का बड़ा केंद्र है। जहां देश–विदेश से लाखों भक्त नीम करौली बाबा के दर्शन को पहुंचते हैं। बाबा की अलौकिक उपस्थिति और चमत्कारों की कहानियों से जुड़ा यह स्थान भक्तों के लिए श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। जनसामान्य के साथ फिल्मी जगत, राजनीति, खेल जगत से जुड़ी कई बड़ी हस्तियां कैंची धाम पहुंचकर बाबा के दर्शन कर चुकी हैं।

कैंची धाम में विशेष तौर पर नीम करौली बाबा को कम्बल चढ़ाने की परंपरा बेहद लोकप्रिय है। दूर दूर से श्रद्धालु कैंची धाम पहुंचकर बाबा को कंबल चढ़ाते हैं। इसका कारण है कि नीम करौली बाबा को कंबल अत्यंत प्रिय थे और बाबा अपने शरीर में सिर्फ धोती और कंबल ओढ़ते थे। बाबा गरीबों को भी कंबल दान करने और भोजन करवाने की सलाह देते थे, यही कारण है कि आज भी बाबा को श्रद्धा से भक्तों द्वारा कम्बल चढ़ाया जाता है।

**कम्बल के अनेक चमत्कार**

कैंची धाम ट्रस्ट से जुड़े भुवन बिष्ट बताते हैं कि बाबा के चमत्कारों में भी कंबल की भूमिका रही है। कई बार बाबा ने इसी कंबल से चमत्कार दिखाए, जिनका वर्णन उनकी जीवनी और किताबों में मिलता है, वहीं बाबा को कंबल वाले बाबा के नाम से भी जाना जाता है। श्रद्धालु जब बाबा को कंबल चढ़ाते हैं, तो मंदिर में मौजूद पुजारी कम्बल को बाबा की मूर्ति से छुआकर प्रसाद के तौर पर वापिस देते हैं। जिसे श्रद्धालु अपने घर ले जाते हैं। इसे बाबा का प्रसाद और आशीर्वाद माना जाता है। यह कंबल भक्त अपने घर के पूजा स्थान में रखते हैं या फिर किसी पवित्र स्थान पर सुरक्षित रखते हैं। कई श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी होने पर भी बाबा को कंबल चढ़ाते हैं।

**बीमारों का कम्बल से उपचार**

मान्यता है कि यदि घर में कोई बीमार व्यक्ति हो, और उसे पूरे श्रद्धा भाव से यह कंबल ओढ़ाया जाए, तो उसे रोगों से मुक्ति मिल सकती है। यही कारण है कि भक्तों की आस्था इस कंबल से जुड़ी हुई है। बाबा के कम्बल को घर में पूजा वाली जगह यां फिर शुद्ध स्थान पर रखा जाता है।

कैंची धाम के आस–पास की दुकानों में आपको कई तरह के कंबल बिकते हुए नजर आ जाएंगे, जिन्हें श्रद्धालु बाबा को अर्पित करने के लिए खरीदते हैं। यह परंपरा न केवल बाबा की स्मृति से जुड़ी है, बल्कि लोगों की आस्था, विश्वास और भक्ति का जीता–जागता प्रतीक भी है। इस प्रकार बाबा का कंबल आज भी हजारों लोगों के लिए बाबा के प्रति आस्था का माध्यम बना हुआ है।


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मंदिरों में पैसे लेकर वीआईपी दर्शन बंद हों



ललित गर्ग

ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में पैसे लेकर दर्शन कराने वाले बाउंसरों की गिरफ्तारी के बाद काशी विश्वनाथ धाम में सुगम दर्शन के नाम पर एक साथ 21 लोगों की गिरफ्तारी जहां मंदिर प्रशासन की व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है, वहीं ईश्वर के दरबार में पांव फैला रहा भ्रष्टाचार गहन चिन्ताजनक एवं शर्मनाक है। कुछ ही दिनों पहले ओंकारेश्वर स्थित ममलेश्वर मंदिर में भक्तों से वीआईपी दर्शन के नाम पर अवैध वसूली करने पर प्रशासन ने एक होमगार्ड जवान और दो पंडितों पर कार्रवाई की है।



देश–विदेश के भक्त अगाध श्रद्धा से अपने आराध्य का दर्शन करने आते हैं, लेकिन देश के प्रमुख मन्दिरों में सीधे दर्शन कराने के नाम पर पैसों की लूट मची है या वीआईपी संस्कृति के नाम पर त्रासद एवं भेदभावपूर्ण स्थितियां पसरी है। सवाल यह पूछा जा रहा है कि हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और आयोजनों में क्यों भक्तों के बीच भेदभाव होता है? मन्दिरों में गरीब एवं अमीर के बीच भेदभाव की स्थितियां खुला भ्रष्टाचार ही है। पैसे लेकर एवं वीआईपी दर्शन की अवधारणा भक्ति एवं आस्था के खिलाफ है। यह एक असमानता का उदाहरण है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी आघात करती है। काशी विश्वनाथ मंदिर में तो त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था भी है। मंदिर का चप्पा–चप्पा सीसीटीवी कैमरे की पहुंच में है। यह मन्दिर सुरक्षा कारणों से अतिसंवेदनशील स्थल होने के बावजूद ऐसा कृत्य खेदजनक ही नहीं, आपत्तिजनक भी है। मंदिर प्रबंधन को चाहिए कि दर्शन की प्रचलित व्यवस्था को और सुगम, भ्रष्टाचार व दोषरहित बनाए ताकि व्यवस्था में कोई सेंध न लगे और जन–आस्था आहत न हो।

काशी विश्वनाथ मंदिर में तो सुगम दर्शन का शुल्क भी जमा कराया जाता है पर ठगों की जमात ने शीघ्र दर्शन के नाम पर कमाई का नया रास्ता तलाश लिया। मंदिर प्रबंधन को चाहिए कि वह सुगम दर्शन व्यवस्था के नाम पर हो रही धांधली को गंभीरता से ले। फर्जी पंडा, गाइड बनकर लोगों को झांसे में लेने वाले लोग अचानक एक दिन में डेरा नहीं जमाए होंगे। यह सब काफी समय से चल रहा होगा। इस प्रकार की ठगी करने की संभावना कैसे बन जाती है, इसकी जांच होनी चाहिए। बात केवल ठाकुर बांके बिहारी मंदिर या काशी विश्वनाथ धाम की ही नहीं है, बल्कि देश के प्रमुख मन्दिरों में बढ़ती जन–आस्था की भीड़ एवं लम्बी–लम्बी लाइनों के बीच पैसे लेकर या वीआईपी दर्शन कराने की त्रासद एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों की हैं, जिसने न केवल देश के आम आदमी के मन को आहत किया है, बल्कि भारत के समानता के सिद्धान्त की भी धज्जियां उड़ा दी है। कुछ विशेष लोगों को मिलने वाले वीआईपी सम्मान एवं सुविधा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

बांके बिहारी मंदिर में एक बार फिर वीआईपी कल्चर का खेल सामने आया है। मंदिर की भीड़ से हटकर वीआईपी दर्शन कराने के नाम पर एक निजी सुरक्षा एजेंसी ने बाउंसर उपलब्ध कराकर पैसे कमाने का गोरखधंधा शुरू कर दिया था। एजेंसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम पर प्रचार कर यह दावा किया कि वे श्रद्धालुओं को भीड़ से बचाकर विशेष वीआईपी दर्शन कराने में मदद कर सकते हैं। यह तो घोषित गैरकानूनी व्यवस्था है, लेकिन अन्य प्रमुख मन्दिरों में भी मन्दिर से जुड़े लोग या अन्य ठग पैसे लेकर दर्शन कराते हैं। सबसे ज्यादा दुखद एवं विडम्बनापूर्ण है वीआईपी दर्शन का प्रचलन। प्रश्न है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले ही कार्यकाल के दौरान वीआईपी कल्चर को खत्म करते हुए लालबत्ती एवं ऐसी अनेक वीआईपी सुविधाओं को समाप्त कर दिया था तो मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों की वीआईवी संस्कृति को क्यों नहीं समाप्त किया? क्यों मन्दिरों में वीआईपी दर्शन के लिए सरकार ने अलग से व्यवस्थाएं की।

दरअसल, वीआईपी संस्कृति का दायरा बहुत व्यापक है। यह धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं है। लोकतंत्र से लेकर आस्था तक, कई मौकों पर कुछ खास लोगों को विशेष सुविधाएं दी जाती हैं। लोकतंत्र का मूल सिद्धांत कहता है कि सभी नागरिक समान हैं, फिर भी व्यवहार में कुछ लोग 'विशेष' बन जाते हैं, चाहे वे सड़क पर हों, सरकारी दफ्तरों में, अस्पतालों में या मंदिरों में! इसी तरह, बड़े नेताओं और अधिकारियों के लिए मन्दिरों में सीधे दर्शन कराने की व्यवस्थाएं हैं, जिससे लम्बी कतारे और लम्बे समय का इंतजार करती है। ऐसी व्यवस्था से मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों में हादसें भी होते हुए देखे गए हैं। इन वीआईपी के लिए अक्सर यातायात रोक दिया जाता है, जिससे आम जनता घंटों जाम में फंसी रहती है। अस्पतालों में वीआईपी वार्ड हैं, जबकि आम मरीजों को बिस्तर भी नहीं मिल पाता। एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर वीआईपी यात्रियों को विशेष सुविधाएं मिलती हैं, जबकि आम लोग लंबी कतारों में खड़े रहते हैं। वीआईपी संस्कृति एक नासूर बन गई है। यही कारण है कि हर सरकार वीआईपी संस्कृति को खत्म करने का वादा करती है, लेकिन हकीकत में इसे बनाए रखने के नए–नए तरीके खोजे जाते हैं।

वीआईपी कल्चर एवं पैसे लेकर दर्शन कराने की धांधली ने एक बार फिर से नए सिरे से बहस छेड़ दी है। सवाल उठ रहा है कि जब गुरुद्वारे में वीआईपी दर्शन नहीं, मस्जिद में वीआईपी नमाज नहीं, चर्च में वीआईपी प्रार्थना नहीं होती है तो सिर्फ हिन्दू मंदिरों में कुछ प्रमुख लोगों के लिए वीआईपी या पैसे लेकर दर्शन क्यों है? क्या इस पद्धति को खत्म नहीं किया जाना चाहिए, जो हिंदुओं में दूरिया पैदा करता है? प्रसिद्ध मन्दिरों में वीआईपी पास एवं दर्शन की व्यवस्था समाप्त क्यों नहीं होती? यह व्यवस्था समाप्त होना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ही धार्मिक स्थलों पर होने वाली वीआईपी व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं। निश्चित ही जब किसी को वरीयता दी जाती है और प्राथमिकता दी जाती है तो उसे वीवीआईपी या वीआईपी कहते हैं। यह समानता की अवधारणा को कमतर आंकना है। वीआईपी संस्कृति एक पथभ्रष्टता है, यह एक अतिक्रमण है, यह मानवाधिकारों का हनन है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## एयर इंडिया विमान दुर्घटना समूह के इतिहास का सबसे काला दिनः टाटा

**नई दिल्ली/मुंबई।** टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने वाले विमान के तत्काल दुर्घटनाग्रस्त होने को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए शुक्रवार को कहा है कि यह कंपनी के इतिहास का सबसे काला दिन है और भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं हों इसके लिए सुरक्षा पर ही सबसे ज्यादा फोकस करने की जरूरत है। चंद्रशेखरन ने अपने सहकर्मियों को लिखे पत्र में कहा कल जो हुआ, वह समझ से परे है और समझ नहीं आ रहा है कि आखरि यह सब कैसे हो गया। इससे पूरा समूह सदमे और शोक में हैं। हम जानते हैं कि एक व्यक्ति को खो देना भी एक बड़ी त्रासदी है लेकिन यहां तो एक साथ इतने लोगों की जान चली गई है। कल का दिन टाटा समूह के इतिहास के सबसे काले दिनों में से एक है। जिन लोगों ने इस दुर्घटना में अपने परिजनों को खोया है उन्हें इस हालात में शब्दों से सांत्वना नहीं मिल सकती लेकिन हमारी संवेदनाएं दुर्घटना में मारे गए और घायल हुए लोगों के परिवारों और उनके प्रियजनों के साथ है। समूह अध्यक्ष ने लोगों को हर स्तर पर सहयोग का भरोसा देते हुए कहा हम यहां उनकी मदद के लिए हैं। पिछले 24 घंटों में भारत, ब्रिटेन और अमेरिका से जांच दल अहमदाबाद पहुंच चुके हैं।

# अमेरिका ने ईरान को दी खुली चुनौती

## ईरान समझौता करे या विनाश का सामना करे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि वह परमाणु समझौता करने पर राजी हो या विनाश का सामना करने के लिए तैयार रहे। ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि ईरान को समझौता करना होगा, वरना कुछ नहीं बचेगा। ईरान के कट्टरपंथी नेताओं को समझौते पर पहुंचने की जरूरत है,नहीं तो उन्हें विनाश का सामना करना पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि मैंने ईरान को समझौता करने के लिए एक के बाद एक मौका दिया लेकिन उसने बात नहीं मानी। ट्रम्प ने कहा कि ईरान अगर समझौता नहीं करता है तो विनाश जारी रहेगा। उन्होंने लिखा कि अब भी समय है कि इस कत्लेआम और विनाश को रोकने के लिए समझौता किया जाए। ईरान को समझौता करना होगा, वरना कुछ नहीं बचेगा। ईरान के खिलाफ इजरायली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) के 'ऑपरेशन राइजिग लायन' की सफलता के तुरंत बाद ट्रम्प ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो अमेरिका इजरायल की रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि हम अपनी और इजरायल की रक्षा करेंगे। अमेरिका इजरायल को दिए गए आयरन डोम इंटरसेप्टर मिसाइल बढ़ा रहा है ताकि संभावित बैलिस्टिक खतरों का मुकाबला किया जा सके। आईडीएफ ने एक बयान में पुष्टि की है कि उसके जेट विमानों ने पहले चरण का हमला पूरा कर लिया है, जिसमें ईरान के विभिन्न क्षेत्रों में परमाणु ठिकानों सहित कई सैन्य ठिकानों पर एक साथ हमले किए गए।

## ईरान पर हमला इजरायल के अस्तित्व की लड़ाई

**यरूशलम।** इजरायल ने ईरान के खिलाफ किए गए अपने हमलों को देश के अस्तित्व की लड़ाई बताते हुए कहा है कि वह ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को बाधित करने के लिए तत्परता से काम कर रहा है। इजरायली सुरक्षा बल (आईडीएफ) के सैन्य खुफिया निदेशालय (अमन) के प्रमुख मेजर जनरल श्लोमी बिदर ने आज कहा कि ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को बाधित करने के लिए परिचालन तत्परता के उच्चतम स्तर पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम इस खतरे को कम करना, बाधित करना और हटाना चाहते हैं। हम एक ऐसे अभियान पर निकल पड़े हैं जो अस्तित्व के लिए बहुत बड़ा है। यह एक ऐसे दुश्मन के खिलाफ है जो हमें नष्ट करना चाहता है। उन्होंने कहा कि 'अमन' ने विभिन्न परमाणु हथियार समूह के विकास मुद्दों पर काम करने के ईरान के गुप्त प्रयासों का पता लगाने और बाधित करने के लिए कड़ी मेहनत की है। पारंपरिक बैलिस्टिक मिसाइल खतरों के संबंध में ईरान की गुप्त प्रगति का पता लगाने के लिए और भी कड़ी मेहनत की। इजरायली हमलों में ईरान के कई परमाणु वैज्ञानिक और शीर्ष सैन्य अधिकारी मारे गए हैं। इससे ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम को नुकसान पहुंचा है। यह हमला ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रमों पर आईडीएफ द्वारा 2023 में ईरानी केंद्रों को निशाना बनाने के बाद से सबसे तीव्र और सावधानीपूर्वक समन्वित हमलों में से है।

## चीनः तूफान 'वुटिप' में फंसे जहाज के चालक दल के सदस्य बचाए गए

**सान्या।** दक्षिण चीन के द्वीप प्रांत हैनान में तूफान 'वुटिप' में फंसे एक जहाज के चालक दल के 12 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि कल शाम सूचना मिली थी कि हैनान के दक्षिण-पश्चिमी तट से करीब 14 समुद्री मील (लगभग 26 किलोमीटर) दूर एक जहाज पर मौजूद 12 लोग तूफान में फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि बचाव दल स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे रवाना हुआ और रात करीब 11:50 बजे घटनास्थल पर पहुंचा जहां तीन मीटर ऊंची लहरें उठ रही थीं। करीब 43 मिनट के भीतर सभी चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया। अधिकारियों ने शुक्रवार दोपहर तक सभी के सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की उम्मीद जताई। उल्लेखनीय है कि तूफान वुटिप कल रात करीब आठ बजे एक गंभीर उष्णकटिबंधीय तूफान में बदल गया। तूफान आज सुबह 10 बजे तक हैनान के लेदोंग ली स्वायत्त काउंटी के पास स्थित था। वहां हवा की रफ्तार 101 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच गई। तूफान उत्तर-पश्चिम दिशा में पांच से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। तूफान के मद्देनजर सान्या में सभी किडरगार्टन, स्कूल, निर्माण स्थल और पर्यटक आकर्षण स्थल बंद कर दिये गए हैं।

अहमदाबाद विमान हादसा



अहमदाबाद। एयर इंडिया विमान दुर्घटना के शिकार व्यक्ति के रिश्तेदार एक अस्पताल के बाहर विलाप करते हुए।

## गाजा में इंटरनेट ठप होने से मानवीय सहायता बाधितः संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इंटरनेट और डेटा सेवाओं के ठप होने से गाज़ा पट्टी में मानवीय सहायता पूरी तरह से बाधित हो गई है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने यह जानकारी दी। हक ने गुरुवार को कहा कि मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने चेतावनी दी है कि इंटरनेट और डेटा सेवाओं के पूरी तरह बंद होने से गाज़ा में राहत कार्य ठप हो गए हैं। उन्होंने बताया कि संचार से जुड़े संयुक्त राष्ट्र के सहयोगियों के अनुसार ये बाधा 'गंभीर सैन्य गति विधियों' के कारण उत्पन्न हुई है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संयुक्त राष्ट्र किसी भी पक्ष पर दोष नहीं लगा रहा है, लेकिन ये बात सही है कि इंटरनेट सेवाएं चालू रखने के लिए ईंधन की सख्त ज़रूरत है। संयुक्त राष्ट्र ने जून की शुरुआत में ही चेतावनी दी थी कि यदि ईंधन की आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो उन्हें गाज़ा में सहायता कार्य रोकने पर मजबूर होना पड़ेगा।

## मानसरोवर झील की यात्रा का पहला जत्था रवाना

**नई दिल्ली।** चीन के अधिकार वाले तिब्बत में स्थित भगवान शिव के धाम कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील की यात्रा का पहला जत्था शुक्रवार को रवाना हो गया। विदेश एवं कपड़ा राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा ने यहां जवाहरलाल नेहरू भवन में कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने के लिए कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने यात्रियों को इस यात्रा के लिए चुने जाने पर सम्मानित किया।

## अमेरिकी टैरिफ लगने से अर्थव्यवस्था पर दबाव पड़ने का अंदेशाः द. कोरिया

**सोल।** दक्षिण कोरियाई सरकार ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी टैरिफ लगाए जाने तथा घरेलू मांग में देरी के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बना हुआ है।

अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्रालय ने ग्रीन बुक नामक अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी टैरिफ लगाने के कारण बाहरी परिस्थितियों के बिगड़ने के कारण दक्षिण कोरिया अर्थव्यवस्था पर निर्यात में कमी आने पर नकारात्मक दवाब पड़ रहा है। मंत्रालय ने कहा कि अर्थव्यवस्था को खपत और निर्माण निवेश में देरी से सुधार का

**मई में उपभोक्ता कीमतों में सालाना आधार पर 1.9% की वृद्धि हुई जो कि अप्रैल के 2.1% वृद्धि से कम है**

सामना करना पड़ रहा है और खासकर कमजोर समूहों के लिए रोजगार की समस्या भी बनी हुई है। मंत्रालय ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता बनी हुई है क्योंकि टैरिफ लगाने से व्यापार पर असर पड़ता है और वैश्विक वित्तीय बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। उन्होंने बताया कि एक साल पहले की तुलना में मई में निर्यात में 1.3 प्रतिशत की कमी आई, लेकिन दैनिक औसत निर्यात में 1.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि खुदरा बिक्री में मार्च की तुलना में अप्रैल में 0.9 प्रतिशत घटी और निर्माण निवेश उसी महीने में 0.7 प्रतिशत कम हुआ। मई में नौकरियों की संख्या एक साल पहले की तुलना में 245,000 बढ़ी, जबकि बेरोजगारी दर 0.2 प्रतिशत अंक गिरकर 2.8 प्रतिशत रह गई। मई में उपभोक्ता कीमतों में सालाना आधार पर 1.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो कि अप्रैल के 2.1 प्रतिशत वृद्धि से कम है।

## कारगिल के शूरवीरों को श्रद्धांजलि के लिए तोलोलिंग चोटी पर सेना का विशेष अभियान

**नई दिल्ली।** सेना ने 1999 के कारगिल युद्ध में तोलोलिंग की ऐतिहासिक लड़ाई के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए तोलोलिंग चोटी पर एक विशेष अभियान चलाया है। यह अभियान सेना की 'फॉरएवर इन ऑपरेशन्स डिवीजन' ने 11 जून को चलाया। द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक से रवाना हुए इस अभियान दल ने उन सैनिकों की अटूट भावना और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि दी।

## ट्रम्प की मुसीबतः नेशनल गार्ड का नियंत्रण वापस करने का आदेश

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में एक संघीय अदालत ने गुरुवार देर रात एक अस्थाई प्रतिबंध आदेश जारी करके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नेशनल गार्ड का नियंत्रण कैलिफोर्निया को वापस करने का निर्देश दिया। आदेश में कहा गया है कि ट्रम्प द्वारा लॉस एंजिल्स में कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड और अमेरिकी मरीन की तैनाती अवैध थी।

यह दसवें संशोधन का उल्लंघन और वैधानिक अधिकार का अतिक्रमण था। आदेश शुक्रवार को दोपहर से प्रभावी होगा। अमेरिकी जिला न्यायाधीश चार्ल्स ब्रेयर ने कहा कि ट्रम्प ने आव्रजन कार्रवाई पर विरोध प्रदर्शन के बाद




लॉस एंजिल्स में लगभग 4000 नेशनल गार्ड सदस्यों की तैनाती का आदेश देकर सीमा रेखा का उल्लंघन किया। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजॉम ने उनकी इच्छा के विरुद्ध हुई नेशनल गार्ड की तैनाती को रोकने के लिए मुक. दमा दायर किया। कैलिफोर्निया ने बाद में एक आपातकालीन प्रस्ताव दायर किया जिसमें न्यायाधीश से गार्ड को आव्रजन छापों में सहायता करने से रोकने के लिए कहा गया। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार न्यायाधीश ब्रेयर का प्रतिबंधात्मक आदेश अमे. रिकी शहर की सड़कों पर हजारों नेशनल गार्ड तैनात करने के राष्ट्रपति के प्रयास के खिलाफ है। ये एक ऐसा प्रयास था जिसकी वजह से पूरे देश में लगभग एक सप्ताह से राजनीतिक विद्वेष का माहौल है और विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान पर इजरायली हमलों के बारे में पहले जानकारी थीः ट्रम्प

**मॉस्को।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें ईरान में इजरायली हमलों की पहले से ही जानकारी थी। फॉक्स न्यूज को दिये एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि यह हमला उनके लिए हैरानी का सबब नहीं था। उन्होंने कहा कि ईरान के पास परमाणु बम नहीं हो सकता है। हम फिर से बातचीत की कोशिश कर रहे हैं। हम देखते हैं क्या होता है। नेतृत्व में कई ऐसे लोग हैं जो वापस नहीं आएंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि अगर ईरान हमलों के जवाब में कोई कदम उठाता है, तो अमेरिका खुद को और इजरायल को बचाने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

### मेक्सिको ने अमेरिका के आव्रजन छापों का फिर से किया विरोध

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने अमेरिका में चल रहे आव्रजन छापों का विरोध दोहराया है तथा कहा कि इस तरह की कार्रवाई अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए प्रतिकूल हैं। सुशिनबाम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ अपनी बैठक के बारे में संवाददाताओं को बताया। राष्ट्रपति शिनबाम ने कहा कि दोनों ने अपराध, आव्रजन, व्यापार और 'हमारे प्रवासी भाइयों और बहनों की रक्षा' सहित कई मुद्दों पर बात की।

### कुवैत ने भूमध्य सागर में फंसे 40 शरणार्थियों को बचाया

**कुवैत सिटी।** कुवैत की ऑयल टैंकर कंपनी के एक जहाज ने भूमध्य सागर में फंसे चालीस शरणार्थियों को बचा लिया है। ऑयल टैंकर कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उसके एक जहाज ने भूमध्य सागर में फंसे 40 शरणार्थियों को बचा लिया है। कंपनी ने बताया कि शरणार्थियों की नाव टूट गई थी। कुवैत समाचार एजेंसी द्वारा दिए गए एक बयान में कंपनी ने कहा कि उसके जहाज अल-दसमा ने मंगलवार को एक संकट कॉल का जवाब दिया।

## योग पर वैश्विक सम्मेलन शनिवार को

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को 'योग कनेक्ट 2025: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें दुनिया भर के अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थानों के एक हजार से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे।

केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के रूप में 14 जून यहां 'योग कनेक्ट 2025: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस शिखर सम्मेलन में भारत और विदेश के योग गुरुओं, नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, उद्योग नेताओं, शोधकर्ताओं और वैश्विक प्रभावशाली व्यक्ति शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद कर रही है।

सम्मेलन में बहरीन, अमेरिका, ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया सहित अन्य देशों के 1000 विशेषज्ञ इस शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। मंत्रालय के अनुसार शिखर सम्मेलन में 'योग प्रभाव' रिपोर्ट का विमोचन होगा। यह रिपोर्ट शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए महत्वपूर्ण प्रासंगिकता की होगी, क्योंकि यह देश भर में योग अभियानों की पहुंच।

# ईरान ने दिखाया आईएईए को ठेंगा

**वियना (आस्ट्रिया)।** ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रहे तनाव के बीच ईरान ने एक बड़ी घोषणा की है। इसके तहत ईरान ने कहा है कि उसने तीसरी परमाणु संवर्धन (न्यूक्लियर एनरिचमेंट) सुविधा तैयार कर ली है और जल्द ही इसे शुरू करेगा।

यह ऐलान संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था इंटरनेशनल एटामिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) की तरफ से ईरान को नान-प्रोलिफरेशन संधियों का उल्लंघन करने पर फटकार लगाने के ठीक बाद किया गया है। मामले में आईएईए ने ईरान पर आरोप लगाया है कि वह पिछले कुछ सालों से अपने परमाणु कार्यक्रम की पूरी जानकारी नहीं दे रहा है। यह चेतावनी 20 वर्षों में पहली बार इतनी गंभीर मानी जा रही है। माना जा रहा है कि इसके बाद ईरान पर फिर से प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। आईएईए ने अपने मसौदा प्रस्ताव में कहा है कि

**बड़ा नया परमाणु कदम उठाया, आईएईए की फटकार के बाद भी तीसरी एनरिचमेंट साइट शुरू करने का ऐलान**

**ईरान के नातांज यूरेनियम संवर्धन संयंत्र को इजरायली हमलों से पहुंचा नुकसानः आईएईए महानिदेशक का दावा**

ईरान 2019 से कई बार आईएईए के साथ पूरी और समय पर जानकारी साझा करने में असफल रहा है, जो उसके परमाणु समझौते का उल्लंघन है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को इस मामले में अगली कार्रवाई करनी पड़ सकती है, जिसमें ईरान पर नए प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

हालांकि आईएईए ने बातचीत के जरिए हल निकालने का समर्थन भी किया है। बता दें कि आईएईए बोर्ड की बैठक में 35 देशों में से 19 ने इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने यह प्रस्ताव रखा था। वहीं रूस, चीन और बुर्किना फासो ने विरोध किया, 11 देशों ने मतदान से दूरी बनाई और 2 ने वोट नहीं दिया। वहीं इन सभी फटकर और चेता. वनी के बावजूद ईरान ने जवाबी कर्रवाई के संकेत दिए है। ईरान के विदेश मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा संगठन ने एक संयुक्त बयान में कहा कि इस राजनीतिक प्रस्ताव का जवाब देना अब ईरान के लिए जरूरी हो गया है। साथ ही ईरानी परमाणु एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि आईएईए के प्रस्ताव के बाद उन्होंने एजेंसी को सूचित कर दिया है कि ईरान कौन-कौन से कदम उठाएगा। ईरानी परमाणु एजेंसी के प्रवक्ता के अनुसार ईरान कुछ सख्त कदम उठाने पर विचार कर रहा है। जिसमें तीसरी संवर्धन साइट शुरू करना, जिसे सुरक्षित और अजेय स्थान पर बताया गया है। पुराने सेंट्रीफ्यूज को नए, आधुनिक सेंट्रीफ्यूज से बदलना, जिससे यूरेनियम संवर्धन की मात्रा काफी बढ़ जाएगी। अन्य कई जवाबी उपायों की तैयारी भी चल रही है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच तनाव और बढ़ने की संभावना तेज हो गई है। जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि यदि ईरान से समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका या इस्रा. इल ईरान के परमाणु ठिकानों पर हवाई हमले कर सकते हैं। वहीं आईएईए के महानिदेशक रफायेल एम ग्रॉसी ने ईरानी अधिकारियों के हवाले से कहा कि इजरायल के ताजा हमले में उसके नातांज़ स्थित यूरेनियम संवर्धन संयंत्र पर असर पड़ा है, लेकिन वहां विकिरण के स्तर में वृद्धि नहीं हुई है।

## दक्षिण अफ्रीकाः बाढ़ से मरने वालों की संख्या 78 हुई

### अब तक केवल 21 शवों की हो पाई है पहचान

**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी केप प्रांत में विनाशकारी बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है जिनमें से अब तक केवल 21 शवों की पहचान की जा सकी है।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दक्षिण अफ्रीका के सहकारी शासन एवं पारंपरिक मामलों के मंत्री वेलेंकोसिनी हलाबिसा ने कल शाम एसएबीसी न्यूज चैनल से कहा कि बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है और शव अभी भी बरामद किए जा रहे हैं। इसका मतलब है कि हम एक गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। पानी कम होने पर और शव मिलने की आशंका है। राहत की बात यह है कि हमारे पास खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए पर्याप्त कर्मचारी हैं। गौरतलब है कि प्रांत के कई जिलों में भारी बारी के कारण सोमवार को बाढ़ आने से सैकड़ों लोग विस्थापित हो गए। पूर्वी केप प्रांतीय सरकार के अनुसार बचाव दल प्रभावित



क्षेत्रों में लापता लोगों की तलाश कर रहा है। प्रभावित जिलों में दो हेलीकॉप्टर, खोज और बचाव वाहन, पुलिस श्वान और तकनीकी बचाव दल तैनात किए गए हैं। मंत्री ने लोगों से अधिकारियों को लापता व्यक्तियों की रिपोर्ट करके सहायता करने का भी आग्रह किया है।

## सोना कॉमस्टार के अध्यक्ष संजय कपूर का इंग्लैंड में निधन

**नई दिल्ली।** वाहनों के कलपुर्जे बनाने वाली प्रमुख कंपनी सोना कॉमस्टार के अध्यक्ष और गैर-कार्यकारी निदेशक संजय जे कपूर का कल इंग्लैंड में अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।



वह 53 वर्ष के थे। कंपनी ने शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि हम अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करते हैं कि हमारे अध्यक्ष का इंग्लैंड में निधन हो गया है। कंपनी ने कहा कि एक दूरदर्शी नेता, कपूर ने सोना कॉमस्टार को नवाचार, स्थिरता और उद्देश्य पर आधारित एक वैश्विक गतिशीलता प्रौद्योगिकी कंपनी के रूप में आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके जुनून, दूरदर्शिता और उत्कृष्टता के प्रति अथक प्रतिबद्धता ने उन सभी को प्रेरित किया जिन्हें उनके साथ काम करने का सौभाग्य मिला। कंपनी ने कहा कि अपनी पेशेवर उपलब्धियों से परे, कपूर एक समर्पित पिता, कई लोगों के लिए एक मार्गदर्शक और भारत के विनिर्माण और गतिशीलता क्षेत्रों के लिए एक अथक अधिवक्ता थे। उनके नुकसान को पूरे उद्योग और सोना परिवार में गहराई से महसूस किया गया है। इस बीच सोना बी एल डब्लू प्रेसिजन फोर्जिंग लिमिटेड ने बीएसई के नियामक फाइलिग में भी यह जानकारी दी है। कंपनी ने कहा कि संजय एक दूरदर्शी नेता और दयालु व्यक्ति थे जिनके मार्गदर्शन ने सोना कॉमस्टार की सफलता को आकार दिया।